हरिभूमि
रायपुर भूमि





# एयरपोर्ट की सुरक्षा चौकस, डॉग स्कवॉड के साथ चप्पे-चप्पे की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली में हुए बम धमाके के बाद रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट समेत देश के तमाम एयरपोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मंगलवार को एहतियात के तौर पर डॉग स्कवॉड के साथ सुरक्षा बलों ने रायपुर विमानतल के चप्पे-चप्पे की जांच की। यहां चेक-इन वाले यात्रियों को कड़ी जांच के दौर से गुजरना पड़ रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए विमानन कंपनियों द्वारा भी लोगों को पर्याप्त समय लेकर एयरपोर्ट आने की अपील की गई है। धमाका होने के बाद ▶▶|शेष पेज 13 पर

- चेक-इन करने वाले यात्रियों की कड़ी जांच, जल्दी विमानतल पहुंचने की अपील भी





खास खबर

### फ्लाइट विलंब से आई

इधर देश के विभिन्न हिस्सों में ठंड की शुरुआत होने के बाद विमानों की आवाजाही में भी लेटलतीफी हो रही है। मंगलवार को दिल्ली से आने वाली दोपहर 14.5 बजे की फ्लाइट 3.00 बजे रायपुर पहुंची। इसी तरह रात्रि आठ बजे की फ्लाइट भी 8.20 बजे रायपुर आई। मुंबई से उड़कर शाम 5 बजे रायपुर पहुंचने वाली फ्लाइट भी 5.40 के लगभग रायपुर पहुंची। कुछ समय पहले दिल्ली में एटीसी सिस्टम खराब होने की वजह से दिल्ली की सारी उड़ान को री-शेड्यूल किया गया था।

# ट्रेन से लेकर डस्टबिन तक दिनभर जांच, यात्रियों पर रखी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली में कार धमाके के बाद रेलवे स्टेशन में हाई अलर्ट जारी किया गया है। सोमवार की रात से शुरू हुई जांच मंगलवार को भी दिनभर जारी रही। आरपीएफ, गंज पुलिस व जीआरपी ने प्लेटफार्म से लेकर पार्सल, यात्रियों के सामान के साथ स्टेशन के बाहर खड़ी गाड़ियों की जांच की। इस दौरान धारदार हथियार रखे दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। ▶▶|शेष पेज 13 पर

- आरपीएफ, गंज पुलिस व जीआरपी ने प्लेटफार्म से लेकर यात्रियों के सामान के साथ स्टेशन के बाहर खड़ी गाड़ियों की जांच की



### हालात सामान्य नहीं हो जाते, तब तक तलाशी अभियान

यात्रियों ने अचानक बढ़ी सुरक्षा गतिविधियों को देखकर पहले तो हैरानी जताई, लेकिन बाद में प्रशासन की सतर्कता की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि यह सुरक्षा व्यवस्था यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए है और सभी से सहयोग की अपील की। अधिकारियों का कहना है कि जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, तब तक तलाशी अभियान और सुरक्षा जांच इसी तरह जारी रहेगी।

### वाहनों की भी मेटल डिटेक्टर और स्नीफर डाग से जांच

हाई अलर्ट के बाद से मंगलवार को दिन में स्टेशन पहुंच रही गाड़ियों की जांच की गई। पार्सल बैगों से लेकर माल गोदाम में पड़े कार्टन और बैग तक किसी को भी बिना जांच के नहीं छोड़ा गया। माल गोदाम परिसर में खड़े दोपहिया वाहनों की भी मेटल डिटेक्टर और स्नीफर डाग के जरिए जांच की गई। प्लेटफार्म नंबर एक के वेटिंग एरिया में यात्रियों के बैग और अन्य सामान की विशेष सतर्कता के साथ तलाशी ली गई।

## खबर संक्षेप

### दो अंतर्राज्यीय ठग पुणे से गिरफ्तार

**रायपुर।** एसबीआई के बैंक मैनेजर से फिक्स डिपॉजिट करने के बहाने एवं ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब फ्राड प्रकरण में अत्यधिक लाभ का झांसा देकर ठगी करने के अलग-अलग दो प्रकरणों में पुलिस ने दो अंतर्राज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक को मुंबई एवं दूसरे को पुणे से गिरफ्तार किया है। इनमें एक प्रकरण में भारतीय स्टेट बैंक शाखा रामसागर पारा में बड़ी राशि फिक्स डिपाजिट कराने के बहाने ब्रांच मैनेजर को झांसा में लेकर उससे 17.82 लाख रुपए की धोखाधड़ी की थी, वहीं दूसरे प्रकरण में ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब के बहाने प्रार्थी देवेश साहू से 16 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई थी। इनमें बैंक मैनेजर से धोखाधड़ी करने वाले आरोपी सरफराज अंसारी निवासी उत्तरप्रदेश को पुणे से तथा दूसरे प्रकरण में आरोपी मयूर जोशी को मुंबई से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### वैवाहिक समारोह में चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने ओशो भवन मैरिज गार्डन में वैवाहिक समारोह में चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से चोरी की चांदी की मूर्ति, बिछिया, नकदी रकम, मोबाइल तथा पर्स जब्त किया है। घटना 6 नवंबर की रात 10 से 11 बजे के बीच की है। प्रार्थी नितेश राजपूत ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस समारोह में शामिल होने पहुंचे लोगों द्वारा दिए गए गिफ्ट को उसकी पत्नी ने अपने पर्स में रखा था। इसमें चोरी गए सामान भी थे। पुलिस ने मामले में सीसीटीवी फुटेच की जांच करते हुए आरोपी नवीन मानिकपुरी उर्फ लल्ला निवासी नर्मदापारा गंज तथा किशन साहू निवासी चूना भट्ठी गंज को गिरफ्तार किया है।

### पुलिस चौकी रामनगर के नवीन भवन का उद्घाटन

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी थाना क्षेत्र अंतर्गत कबीर चौक के पास स्थित पुलिस चौकी रामनगर के नवीन भवन का मंगलवार को उद्घाटन हुआ। विधायक राजेश मूणत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह ने फीता काटकर इस भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम डीआर पोर्ते, उप पुलिस अधीक्षक यातायात गुरजीत सिंह, सतीश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक उरला पूर्णिमा लामा, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नंदनी ठाकुर, थाना प्रभारी गुढ़ियारी निरीक्षक बीएलचंद्राकर, पुलिस चौकी प्रभारी रामनगर सउनि. रमेश शर्मा, पार्षद भोला राम साहू तथा थाना/चौकी के पुलिसकर्मी, नगर निगम जोन 7 के अधिकारी उपस्थित रहे।

### 53.82 लीटर अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** आबकारी विभाग ने 10 नवंबर को अवैध रूप से शराब विक्रय करने के दो प्रकरण में कार्रवाई की है। मुखबिर की सूचना पर टीम ने ग्राम दोंदेकला निवासी भूपेंद्र टंडन के रिहायशी मकान से 152 पाव गोवा व्हिस्की, 132 पाव शोले मसाला कुल 284 पाव अवैध शराब जब्त किया है। शराब की कुल मात्रा 51.12 लीटर है।

### आर्थिक स्थिति मजबूत करने उठाया ऐसा कदम

# ठाठ-बाट के जीवन जीने की चाहत ने तोमर बंधु को बनाया सूदखोर, पूछताछ में उगली सच्चाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस रिमांड में सूदखोर विरेंद्र तोमर एक के बाद एक राज खोल रहा है। उसने पूछताछ में पुलिस को बताया है कि वह और उसका भाई ठाठ-बाठ का जीवन जीना चाहता था। अंडा ठेला की दुकान लगाने से वह सिर्फ दो समय की रोटी के लिए ही पैसे कमा पा रहा था। इससे उसके परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी। एक-एक रुपए के लिए उन्हें मोहताज होना पड़ता था। इस तरह उसका पूरा परिवार एक संघर्षपूर्ण जीवन जी रहा था। इसे दूर करने तथा ठाठ-बाठ का जीवन जीने के लिए उसने ऐसे लोगों से संगती की, जिनका काम ही सूदखोरी एवं गुंडागर्दी था। इस संगती से उसके पास भी तेजी से पैसे आने लगे, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति भी सुधरने लगी। सूदखोरी से पैसों की बरसात होती देख उसने इस धंधे को आगे बढ़ाते हुए इसमें अपने भाई को भी शामिल किया। इस तरह दोनों इस सूदखोरी के धंधे में पूरी तरह से लिप्त होकर लोगों को उधार पैसे देते और फिर वसूली के लिए गुंडागर्दी कर प्रॉपर्टी, गहने, वाहन आदि को कब्जे में लेकर हर महीने पैसों की उगाही किया करते थे।

हरिभूमि फॉलोअप


सूदखोर तोमर का पुलिस ने निकाला जुलूस
बेहोश होने का नाटक करता रहा बदमाश

### कई राजनेताओं और कारोबारियों के पैसे ब्याज पर चलाए जाने की संभावना

पुलिस को संदेह है कि तोमर बंधू ने कई कारोबारियों के साथ राजनेताओं के काले धन को भी ब्याज के धंधे में लगाया है। इन पैसों के एवज में वह हर महीने उधार लिए लोगों से वसूली किया करता था। पुलिस इसके बारे में लगातार तोमर से पूछताछ कर रही है।

### दो माह से भाई से संपर्क नहीं

टिकरापारा थाना क्षेत्र के सीएसपी ने बताया कि विरेंद्र ने पूछताछ में बताया है कि फरार होने के दौरान दोनों भाई अलग हो गए थे। हालांकि फरार होने के बाद भी दोनों मोबाइल के जरिए एक-दूसरे के संपर्क में थे। करीब दो माह पहले रोहित से उसका संपर्क बंद है। हालांकि पुलिस को विरेंद्र के इस बयान पर संदेह है। इसके आधार पर पुलिस उसके द्वारा इस्तेमाल किए गए मोबाइल सिम नंबर पर आए अन्य मोबाइल नंबरों को ट्रैस कर रही है।

### छापा में जब्त गहनों एवं दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की

*पुलिस ने सूदखोर तोमर बंधू के भाठागांव स्थित बंगले में छापेमारी के दौरान नकदी, सोने-चांदी के गहनों सहित प्रॉपर्टी से संबंधित बड़ी मात्रा में दस्तावेज जब्त किए थे। पुलिस को शक है कि नकदी, गहने एवं प्रॉपर्टी भी सूदखोरी कर तोमर बंधुओं ने अर्जित किया है। इसे लेकर भी पुलिस पूछताछ कर रही है।*

### हथियारों के संबंध में पूछताछ

*पुलिस ने तोमर बंधू के निवास से अवैध रूप से रखे रिवाल्वर, कारतूस आदि हथियार भी जब्त किए थे। ये हथियार उनके पास कहां से आए, किसी से खरीदा या फिर इस कारोबार में संलिप्त लोगों के माध्यम से उन्हें मिला। इन सारे सवालों के जवाब पूछताछ में उजागर होने की संभावना है।षउल्लेखनीय है कि विरेंद्र सिंह तोमर को पुलिस ने ग्वालियर से गिरफ्तार किया है। रायपुर लाए जाने के बाद तोमर को कोर्ट में पेश कर 14 नवंबर तक पुलिस ने रिमांड पर लिया है। इस दौरान पुलिस लगातार तोमर से पूछताछ कर रही है। पुलिस को पूछताछ में अभी तक रोहित तोमर कहां छिपा हुआ है, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।*

# रिटायर फूड इंस्पेक्टर संजय दुबे पर रेप और ब्लैकमेलिंग का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिला खाद्य विभाग के सेवानिवृत्त सहायक अधिकारी संजय दुबे के विरुद्ध आरंग पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। एक महिला ने संजय दुबे के विरुद्ध शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ रेप करने और उसके बाद अश्लील फोटो-विडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करने का आरोप लगाते हुए इसकी लिखित शिकायत की है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।



**फेसबुक के माध्यम से हुई थी दोस्ती:** आरंग पुलिस के अनुसार आरंग ब्लॉक कालोनी निवासी एक महिला ने थाने में खाद्य विभाग के सेवानिवृत्त सहायक अधिकारी संजय दुबे के विरुद्ध शिकायत की है। इस शिकायत में 27 वर्षीय महिला ने आरोप लगाया है कि संजय दुबे से उसकी वर्ष 2020 में दोस्ती हुई थी। यह दोस्ती फेसबुक के माध्यम से हुई थी। दोस्ती होने के बाद संजय दुबे एक दिन उसके आरंग स्थित घर पहुंच गया। ▶▶|शेष पेज 13 पर

- खाद्य विभाग रायपुर में भी सहायक अधिकारी रहे

### एसीबी ने रिश्वत लेते पकड़ा था

संजय दुबे के विरुद्ध पूर्व में भी रिश्वतखोरी सहित अन्य मामलों में एसीबी सहित विभिन्न थाने में प्रकरण भी दर्ज हैं। राजनांदगांव में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सहायक खाद्य अधिकारी के पद पर रहते हुए संजय दुबे को 1 लाख 40 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। इसी प्रकार तत्कालीन कांग्रेस शासनकाल में महात्मा गांधी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में उसे निलंबित भी किया गया था। निलंबन अवधि में ही वे सेवानिृत्त हुए हैं।

# आधा दर्जन बदमाश हुए 3 माह के लिए जिलाबदर इनमें 4 रायपुर निवासी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, मारपीट, गुंडागर्दी सहित अन्य कई तरह की घटनाओं को अंजाम देने वाले रायपुर जिले के आधा दर्जन बदमाशों को मंगलवार को कलेक्टर गौरव सिंह ने कार्रवाई करते हुए 3 माह के लिए जिलाबदर किया है। कलेक्टर ने यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर लाल उमेद सिंह की अनुशंसा पर की है। कलेक्टर ने सभी बदमाशों के विरुद्ध छतीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(ख) के तहत दाण्डिक प्रकरणों में 10 नवंबर को आदेश पारित किया है। इसमें बदमाशों को निर्देश दिए गए हैं कि सात दिनों के भीतर 16 नवंबर तक रायपुर, दुर्ग, धमतरी, महासमुंद, बलौदाबाजार की राजस्व सीमाओं से बाहर जाना होगा तथा 9 फरवरी 2026 तक पुनः इन सीमाओं में प्रवेश बिना ▶▶|शेष पेज 13 पर

# कृमिनाशक एल्बेंडाजोल सहित तीन दवाएं ब्लैक लिस्टेड, सेंट्रल लैब की जांच में मिली थीं अमानक

- कैल्शियम विथ विटामिन-डी3 और हेपारिन सोडियम का इंजेक्शन भी 3 साल के लिए प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कम असरदार कृमिनाशक एल्बेंडाजोल के साथ कैल्शियम विथ विटामिन-डी3 और हेपारिन सोडियम का इंजेक्शन को 3 साल के लिए ब्लैक लिस्टेड किया गया है। तीनों दवाओं के संबंध में राज्य के अलग-अलग स्वास्थ्य केंद्रों से शिकायत आई थी। इस आधार पर दवाओं को होल्ड कराकर सैंपल जांच के लिए सेंट्रल लैब भेजा गया था। रिपोर्ट अमानक मिलने के बाद तीनों दवाओं को प्रतिबंधित किया गया है। ▶▶|शेष पेज 13 पर



### मरीजों की सुरक्षा सर्वोपरि

मरीजों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस पर किसी भी स्तर पर कोई समझौता स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी दवा गुणवत्ता से जुड़ी किसी भी चूक पर कार्रवाई जारी रहेगी।

- श्याम बिहारी जायसवाल
स्वास्थ्य मंत्री

### किसकी दवा और क्या उपयोग

- 1. मेसर्स एफ्फी पैरेंटेरल्स विलेज गुग्गरवाला, बद्दी (हिमाचल प्रदेश)
कैल्शियम (एलिमेंटल) विद विटामिन D3 टैबलेट्स जिसका उपयोग हड्डी और शरीर की कमजोरियों को दूर करने के उपयोग में आता है।
एलबेंडाजोल टैबलेटस जिसका उपयोग पेट में कृमि की शिकायत पर किया जाता है।
- मेसर्स डिवाइन लेबोरेट्रीज प्रा. लि., वडोदरा (गुजरात)-
हेपारिन सोडियम 1000 आईयू/एमएल इंजेक्शन आईपी का उपयोग थक्का जमने जैसी शिकायत होने पर किया जाता है। आम तौर पर इसका उपयोग न्यूरो सर्जरी विभाग में किया जाता है।

# काउंसिलिंग शेड्यूल खत्म, सीट भरने दोबारा पंजीयन, इस बार चुन सकेंगे सिर्फ 5 महाविद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के बीएड और डीएलएड महाविद्यालयों में सीटें रिक्त रह जाने के बाद अब एक बार फिर काउंसिलिंग कराए जाने का निर्णय लिया गया है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने इस संदर्भ में दिशा-निर्देशों के साथ विस्तृत शेड्यूल भी जारी कर दिया है। अब तक हुई दो चरणों की काउंसिलिंग के बाद प्रदेश में बीएड की 1400 और डीएलएड की 600 सीटें खाली रह गई हैं। रिक्त रह गई सीटों की संख्या को देखते हुए शिक्षा महाविद्यालयों ने दोबारा काउंसिलिंग कराए जाने की मांग की थी। एससीईआरटी द्वारा पूर्व में जारी शेड्यूल के अनुसार, दो चरणों में 6 राउंड की काउंसिलिंग की गई थी। दोनों चरण में 3-3 राउंड शामिल थे। जारी किए गए तीसरे चरण के काउंसिलिंग शेड्यूल में भी तीन चरण होंगे। ▶▶|शेष पेज 13 पर

- बीएड की 1400 और डीएलएड की 600 सीटें रह गई हैं खाली
- प्रथम व द्वितीय चरण की काउंसिलिंग में कॉलेजों का विकल्प चुनने नहीं थी पाबंदी

### ऐसा है शेड्यूल

पंजीयन - 14 नवंबर प्रातः 10.30 बजे से 16 नवंबर शाम 5 बजे तक
प्रवेश की प्रथम सूची- 18 नवंबर
प्रवेश लेने की तिथि - 18 से 20 नवंबर
प्रवेश की द्वितीय सूची - 21 नवंबर
प्रवेश लेने की तिथि- 21 से 24 नवंबर
अंतिम सूची- 26 नवंबर
प्रवेश प्राप्त करने की तिथि- 26 व 27 नवंबर

### भर सकेंगे केवल पांच विकल्प

इस बार छात्र महाविद्यालयों का चयन करते हुए केवल पांच विकल्प ही भर सकेंगे। इसके पूर्व छात्रों को अनगिनत विकल्प चुनने की अनुमति थी। अधिक अंक वाले छात्रों द्वारा बड़ी संख्या में महाविद्यालयों का चयन किए जाने पर उनका नाम प्रत्येक महाविद्यालय में आ जाता था, जबकि कम अंक वाले छात्रों का नाम किसी महाविद्यालय में नहीं आ पाता। अधिक अंक वाले विद्यार्थी किसी एक ही कॉलेज में प्रवेश लेते हैं और शेष महाविद्यालय में सीटें रिक्त रह जाती हैं। इस कारण इस बार केवल पांच कॉलेजों का ही चुनाव विद्यार्थी फॉर्म भरने के दौरान कर सकेंगे।

### परीक्षा केंद्र के एंट्री-एग्जिट गेट, गलियारे, कक्षा और लैब में सीसीटीवी अनिवार्य

# जिन स्कूलों में सीसीटीवी नहीं, वे 10वीं-12वीं में परीक्षा केंद्र के लिए अपात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सीबीएसई 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी 2026 से शुरू होने वाली हैं। बोर्ड परीक्षाओं को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। इस बार देश-विदेश के करीब 45 लाख से अधिक छात्र सीबीएसई एग्जाम में शामिल होंगे। बोर्ड परीक्षा में ट्रांसपेरेंस और एहतियात के तौर पर सीसीटीवी कैमरों के जरिए लाइव ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने बोर्ड परीक्षा केंद्रों के लिए सीसीटीवी पॉलिसी तैयार की है, जो देश के सभी राज्यों के परीक्षा केंद्रों पर लागू होगी। हर एग्जाम सेंटर पर सीसीटीवी लगाना अनिवार्य होगा। सीसीटीवी पॉलिसी में साफ कहा गया है कि जिन स्कूलों में सीसीटीवी नहीं लगे होंगे, उन्हें एग्जाम सेंटर नहीं बनाया जाएगा। सीसीटीवी के लिए स्कूलों की सहमति भी जरूरी होगी। सीबीएसई के नियमों के अनुसार, स्कूलों को अपने एग्जाम हॉल के एंट्री-एग्जिट गेट, गलियारे, क्लासरूम्स, लैब्स में सीसीटीवी कैमरे लगाने अनिवार्य हैं। इसके अलावा जिस डेस्क पर बैठकर स्टूडेंट्स एग्जाम देंगे वहां भी सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल करना होगा, ताकि एग्जाम देते समय स्टूडेट्स की लाइव ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग हो सके। पूरी परीक्षा के दौरान एग्जाम की लाइव कवरेज होगी। ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी स्टूडेंट की सीसीटीवी फुटेज निकालकर समीक्षा हो सके।

- परीक्षा के दौरान होगा केंद्रों का लाइव कवरेज, ऑडियो भी होंगे रिकॉर्ड



### छात्रों को देंगे कैमरे की जानकारी

सीबीएसई ने यह भी कहा है कि स्कूलों को बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पहले स्टूडेंट्स को सीसीटीवी कैमरों के बारे में बताना होगा। ग्राफिक्स, टेक्स्ट या संकेतों के जरिए, स्टूडेंट्स की हैंडबुक, नोटिस बोर्ड और ओरिएंटेशन के माध्यम से सीसीटीवी इंस्टॉलेशन की जानकारी देनी होगी। सभी स्टूडेंट्स को पता होना चाहिए कि वे सीसीटीवी की निगरानी में हैं।छात्रों को पारदर्शिता के साथ परीक्षा दिलाने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए टिप्स स्कूलों द्वारा दिए जाएंगे।

### रिकॉर्ड समय में जारी हुई डेटशीट

सीबीएसई ने इस बार परीक्षा शुरू होने से 110 दिन पहले रिकॉर्ड समय में 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा की डेटशीट जारी की है। सीबीएसई 10वीं परीक्षा 2026, 17 फरवरी से 10 मार्च 2026 तक और सीबीएसई 12वीं परीक्षा 2026, 17 फरवरी से 9 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षाएं विषयों के अनुसार सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे और दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित की जाएंगी। स्टूडेंट्स सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डेटशीट चेक और डाउनलोड कर सकते हैं।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### कश्यप बोले- शासन की योजनाओं का परिणाम धरातल पर दिखाई दे



**रायपुर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, शासन की योजनाओं का वास्तविक परिणाम धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए, जिससे प्रत्येक पात्र हितग्राही को योजनाओं का पूर्ण लाभ समय पर मिल सके। श्री कश्यप ने कहा कि शासन की मंशा है कि ग्रामीण अंचलों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने अपने प्रभार जिला सुकमा के दूरस्थ और अंदरूनी क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं के सेचुरेशन (पूर्ण कवरेज) पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रह जाए। मंत्री ने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने कार्य की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करे और योजनाओं की स्थिति का फीडबैक सीधे ग्रामीणों से प्राप्त करे। दूर गांव से अपनी समस्या लेकर आने वाले ग्रामीणों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, एनआरएलएम, स्वच्छ भारत मिशन, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और आत्मसमर्पित माओवादी परिवारों के पुनर्वास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

### नल के पानी को आरओ वाटर बताकर बेचने वाली फर्म सील



**रायपुर।** निगम अमले ने शंकरनगर वार्ड स्थित गोरखा कालोनी में स्टार ट्रेडिंग कंपनी को सील कर दिया। इसका प्रोप्राइटर यश शर्मा ने बिना सक्षम स्वीकृति के आरओ वाटर पैकेजिंग, केमिकल मैनिफैक्चरिंग और पैकेजिंग करता था। शिकायत मिलने पर जोन 3 अमले ने स्थल का औचक निरीक्षण किया। जन शिकायत सही मिलने पर तत्काल स्टार ट्रेडिंग कंपनी पर कार्रवाई करते हुए उसे सीलबंद कर दिया। निगम के अधिकारियों ने बताया कि नल के पानी को छोटी-छोटी बोतल में पैक कर आरओर वाटर के नाम से बेचा करता था, लोगों ने इसकी शिकायत जोन दफ्तर में की।

### कांग्रेस कर रही पीसीसी घोटाला : देवलाल



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान को लेकर कहा, जैसे-तैसे मन बनाकर संगठन को दुरुस्त करने की कांग्रेस नेतृत्व की शुरू हुई कवायद भ्रष्टाचार और लेन-देन के आरोपों के कारण दम तोड़ चुकी है। कांग्रेस में भ्रष्टाचार ही शिष्टाचार बन गया है। श्री ठाकुर ने कहा, पांच साल तक सत्ता में रहते हुए भ्रष्टाचार में मशगूल और मगरूर रही कांग्रेस में तो अब संगठन स्तर पर भी भ्रष्टाचार के आरोप खुलेआम लग रहे हैं। सरकार में रही कांग्रेस ने पीएससी घोटाला किया और संगठन में पीसीसी घोटाला को अंजाम दिया जा रहा है।

# चारों श्रेणियों में अव्वल रहा छत्तीसगढ़, उद्योग संगम में दिखा सुधार और विकास का नया मॉडल

## डीपीआईआईटी की बीआरएपी रैंकिंग में 'टॉप अचीवर', निवेशकों का बढ़ा भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर देशभर में अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआईआईटी), भारत सरकार द्वारा आयोजित 'उद्योग संगम' में राज्य को बिज़नेस रीफॉर्म एक्शन प्लान (बीआरएपी) की चारों प्रमुख श्रेणियों में 'टॉप अचीवर' घोषित किया गया। यह उपलब्धि उस परिवर्तन यात्रा की गवाही है, जो छत्तीसगढ़ ने बीते वर्षों में तय की है। कभी बीआरएपी रैंकिंग में निचले पायदान पर रहने वाला यह राज्य आज गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे औद्योगिक दिग्गजों के साथ कदम से कदम मिलाकर खड़ा है। सुशासन, पारदर्शिता और उद्योग-अनुकूल नीतियों के बल पर छत्तीसगढ़ ने खुद को सुधार और विकास का नया मॉडल बना दिया है। राज्य ने बीआरएपी के तहत अब तक 434 सुधार लागू किए हैं, जो इज ऑफ डूइंग बिज़नेस और इज ऑफ लिविंग को सशक्त बनाने की दिशा में उसके निरंतर प्रयासों को दर्शाते हैं।



### पारदर्शिता और सहजता

इन सुधारों में सबसे बड़ी पहल रही 'जन विश्वास अधिनियम', जिसके तहत छत्तीसगढ़ देश का दूसरा राज्य बना जिसने छोटे कारोबारी अपराधों को डीक्रिमिनलाइज कर दिया। इस कदम ने सरकार और उद्योग जगत के बीच भरोसे और सहयोग का नया पुल बनाया है। अब कारोबार में अनावश्यक डर या जटिलता की जगह पारदर्शिता और सहजता ने ले ली है। इसी कड़ी में राज्य ने भूमि अभिलेखों के स्वचालित म्यूटेशन की ऐतिहासिक शुरुआत की है। यह कदम छत्तीसगढ़ को देश का पहला राज्य बनाता है, जहां जमीन पंजीयन के साथ ही स्वामित्व का हस्तांतरण स्वतः हो जाता है। इससे न केवल प्रक्रियाएं सरल हुई हैं, बल्कि लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से भी मुक्ति मिली है।

**कई सुधारों को धरातल पर उतारा**

राज्य सरकार ने कई और सुधारों को धरातल पर उतारा है, जैसे दुकानों और प्रतिष्ठानों को 24×7 संचालन की अनुमति, फ्लैटेड इंडस्ट्री के लिए एफएआर में वृद्धि, भूमि उपयोगिता बढ़ाने के लिए सेटबैक में कमी, और फैक्ट्री लाइसेंस की वैधता 10 से बढ़ाकर 15 वर्ष करने के साथ ऑटो-रिन्यूअल सुविधा। इन सभी कदमों ने मिलकर राज्य में उद्योगों के लिए एक भरोसेमंद, स्थिर और पारदर्शी वातावरण तैयार किया है।

### उद्योग मंत्री और सचिव ऋतु सेन को केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मानित

इन उल्लेखनीय सुधारों के लिए छत्तीसगढ़ के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन और निवेश आयुक्त ऋतु सेन को केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सम्मानित किया। यह सम्मान इस बात का प्रतीक है कि छत्तीसगढ़ अब भारत के आर्थिक परिदृश्य में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इन सुधारों का असर निवेश माहौल पर साफ दिख रहा है। बीते दस महीनों में 7.5 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जो यह साबित करते हैं कि निवेशक छत्तीसगढ़ की नीतियों, पारदर्शी प्रशासन और तेज़ निर्णय प्रणाली पर पूरा भरोसा करते हैं।

## दूसरे विभागों के अफसर-कर्मियों को तैनात करने की तैयारी

# सोसाइटी हड़ताल का असर गहराया, धान खरीदी सॉफ्टवेयर का ट्रायल रन नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में सहकारी सोसाइटियों के 15 हजार से अधिक प्रबंधकों, धान खरीदी प्रभारी और ऑपरेटरों की हड़ताल आठवें दिन भी जारी रही । इस बीच 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की तैयारियों पर गहरा असर पड़ा है। हुआ ये कि अब तक धान खरीदी साफ्टवेयर का ट्रायल रन भी नहीं हो सकता है। इसी बीच हड़तालियों के स्थान पर अन्य विभागों के कर्मियों को तैनात करनी तैयारी है, इसके साथ ही सोसाइटियों के प्राधिकृत अधिकारियों के सभी कार्यों का उत्तरदायित्व भी सौंपने का आदेश कर दिया गया है। राज्य में संभवतया यह पहला अवसर है कि धान खरीदी के पहले सोसाइटियों के प्रबंधकों, खरीदी प्रभारी और आपरेटर हड़ताल पर चले गए हैं। इनके साथ वार्ता भी असफल हो चुकी है। 3 नवंबर से शुरू हुई हड़ताल आठवें दिन में पहुंच गई है, लेकिन ये पूरा मामला सुलझने के बजाय उलझता ही जा रहा है। दूसरी ओर हड़ताली कर्मी अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए अड़े हुए हैं।

**टोकन भी नहीं बंट पाए**



### अब दूसरे विभागों के अफसर कर्मी करेंगे तैनात

सोसाइटी कर्मियों की हड़ताल जारी होने के कारण राज्य शासन ने तय किया है कि हड़तालियों के स्थान पर अन्य विभागों के कर्मियों को तैनात किया जाएगा। खाद्य विभाग सचिव ने इस संबंध में राज्य के सभी कलेक्टरों को आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि 15 नवंबर से प्रदेश में धान उपार्जन प्रारंभ किया जाना है। धान उपार्जन का कार्य प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्थाओं के माध्यम से किया जाता है। वर्तमान में समिति कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं, जिसके कारण समितियों में निर्धारित तिथि में धान खरीदी प्रारंभ किए जाने में कठिनाई उत्पन्न होने की संभावना है। इसलिए धान उपार्जन का कार्य सुचारु रूप से संचालित किए जाने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था के तहत समिति कर्मचारियों के स्थान पर सुविधा अनुसार सहकारिता विभाग के वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक सहकारी निरीक्षक सहकारिता विस्तार अधिकारी के अतिरिक्त अन्य विभागों जैसे राजस्व, कृषि विभाग आदि के साथ ही जिले में उपलब्ध अन्य विभाग के कर्मचारियों समिति प्रबंधक का प्रभार सौंप कर धान उपार्जन का कार्य कराया जा सकता है।

### ट्रायल रन नहीं, टोकन नहीं बंटे

खाद्य विभाग ने धान खरीदी के लिए एक सॉफ्टवेयर तैयार किया था। इसका ट्रायल रन किया जाना था, यह काम नहीं हो पाया है। सरकार की तैयारी थी कि 9 तारीख से किसानों को धान बेचने के लिए टोकन जारी कर दिए जाएंगे। लेकिन ये काम भी नहीं हो पाया है। हालत ये है कि सॉफ्टवेयर के ट्रायल रन के लिए भी कर्मचारी नहीं हैं। पता लगा है कि कुछ जिलों में सहकारिता उप पंजीयक और सहकारी बैंकों के सीईओ मार्कफेड के कंप्यूटर प्रोग्रामरों को सोसाइटियों में ले जाकर साफ्टवेयर का ट्रायल रन करवाने के प्रयास में जुटे रहे।

### प्राधिकृत अधिकारियों पर जिम्मा

सोसाइटी कर्मियों की हड़ताल का प्रभाव काबू में करने के लिए हर सोसाइटी के प्राधिकृत अधिकारी को आदेश जारी कर सोसाइटी संचालन का उत्तरदायित्व सौंपने का आदेश जारी किया गया है। हरिभूमि के पास मौजूद एक आदेश की प्रति के मुताबिक सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं गरियाबंद ने अपने जिले की सोसाइटियों के प्राधिकृत अधिकारियों के नाम, मोबाईल नंबर के साथ जारी आदेश में कहा है कि सोसाइटी अधिनियम के तहत आपको प्राधिकृत अधिकारी के रूप में सोसाइटी के समस्त कार्यों के संचालन का उत्तरदायित्व दिया गया है। प्राधिकृत अधिकारियों को इस आदेश के माध्यम से धान खरीदी के लिए अधिकृत किया गया है।

### कृषि सचिव ने कहा- नोडल अफसरों की ड्यूटी न लगाएं

एक तरफ खाद्य विभाग सचिव ने राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर सोसाइटियों में कृषि व अन्य अन्य विभागों के कर्मियों की ड्यूटी लगाने का आदेश जारी किया है। लेकिन इससे पहले 6 नवंबर को कृषि उत्पादन आयुक्त व सचिव कृषि विभाग ने राज्य के सभी कलेक्टरों को जारी आदेश में कहा है कि धान खरीदी के कार्य से कृषि विभाग के अमलों को मुक्त रखा जाए। अत्यावश्यक होने पर धान खरीदी कार्य में सीमित संख्या में निरीक्षणकर्ता अधिकारी के रूप में ही ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाएं। किसी भी स्थिति में प्रभारी अधिकारी, नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी की प्रबंधक के रूप में ड्यूटी नहीं लगाई जाए। इसके पीछे उन्होंने वजह बताई है कि कृषि विकास अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रबी वर्ष 2025-26 के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए काम कर रहे हैं।

# जेम पोर्टल से खरीदी के लिए नगरीय प्रशासन ने बनाई समिति, हर सौदे पर रखी जाएगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के आदेश के पालन में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों से कहा गया है कि वे सभी खरीदी जेम पोर्टल के माध्यम से करें। खास बात ये है कि खरीदी के हर सौदे पर निगरानी रखने के लिए विभाग ने दो अधिकारियों समेत चार लोगों की समिति का गठन भी कर दिया है।

यह समित निकायों के सभी खरीदी संबंधी सौदे की निगरानी रखेगी। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगमों के आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को आदेश जारी कर दिया है। यह निर्देश राज्य सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के निर्देश के आधार पर दिए गए हैं।

### निकाय नहीं कर रहे हैं निर्देश का पालन

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय निमय 2002 (यथा संशोधित 2022) में संशोधन के नियमावली में उल्लेखित बिन्दुओं अनुसार जेम पोर्टल से सामग्री क्रय किये जाने हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गये थे। नगरीय निकायों में जेम पोर्टल के माध्यम से विभिन्न सामग्रियों को क्रय किये जाने हेतु अतिरिक्त नियम एवं शर्तों के साथ निविदा,बीड जारी की जा रही है साथ ही जेम के माध्यम विभिन्न सामग्रियों का क्रय किये जाने वाले बीड निविदा की जानकारी विभागीय वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने के निर्देश संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास द्वारा दिए गए है, किंतु अधिकांश निकायों द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है. जो उचित नहीं है तथा भण्डार क्रय नियमों के विपरीत है।

### नहीं डाल सकते अनुचित शर्त

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने ये भी कहा है कि नगरीय निकायों में जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय की जा रही सामग्रियों के समुचित मानक मापदंड के अनुरूप एवं खरीदी में अनावश्यक नियम एवं शर्त डालने के प्रवृत्ति सामने आई है। इसे रोके जाने के संबंध में परीक्षण एवं निगरानी हेतु संचालनालय स्तर पर समिति का गठन किया गया है। समिति इस प्रकार है। अभिषेक गुप्ता, कार्यपालन अभियंता, प्रकृति जगताप, सहायक अभियंता, तोरण शर्मा, प्रोग्रामर, संकेत शर्मा, सहायक प्रोग्रामर। इस समिति के सदस्यों द्वारा प्रत्येक माह जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय किये जा रहे बीड निविदा का परीक्षण एवं निगरानी की जाएगी ताकि क्रय प्रक्रिया नियमों के तहत ही संचालित रहे। ये भी साफ किया गया है कि आदेशानुसार जेम पोर्टल के माध्यम से सामयी क्रय किये जाने हेतु वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार ही कार्य किया जाना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में निकाय स्वयं जिम्मेदार रहेंगे एवं संबंधित अधिकारी पर सीधे अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान बूथ स्तर पर गंभीरता से होगा संचालित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर आज कांग्रेस पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक कांग्रेस भवन गांधी मैदान मे आयोजित की गई। बैठक में रायपुर लोकसभा प्रभारी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कांग्रेस पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए आगामी कार्यक्रम को लेकर दिशा-निर्देश दिए।

शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा, मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को कांग्रेस संगठन बूथ स्तर तक गंभीरता से संचालित करेगा, ताकि हर पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल हो सके और फर्जी मतदाताओं की पहचान कर उन्हें हटाया जा सके। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में एसआईआर को लेकर विधानसभावार कांग्रेस बीएलए की बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें संगठनात्मक तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। सभी पदाधिकारियों ने आगामी मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, सफी अहमद, कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा, शिव सिंह ठाकुर, आकाश शर्मा सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, ब्लॉक अध्यक्ष एवं ब्लॉक प्रभारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# वक्फ की प्रापर्टी 5 दिसंबर तक नए उम्मीद पोर्टल में कराएं अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वक्फ की प्रॉपर्टी को लेकर सभी जानकारी नए उम्मीद पोर्टल में अपलोड कराना अनिवार्य है, इसके लिए 5 दिसंबर तक का समय तय किया गया है। ऐसा न करने पर वक्फ संपत्तियों पर अवैध कब्जा या विवाद का खतरा बढ़ सकता है और इसके लिए वक्फ अधिनियम के तहत मुतवल्लियों पर सजा और 20 हजार रुपए जुर्माने का भी प्रावधान है। जानकारी को अपडेट करने से संपत्तियां सुरक्षित रहेंगी, जबकि समय पर पंजीकरण न कराने पर उनका दर्जा समाप्त हो सकता है।

यह निर्देश केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित नए वक्फ प्रबंधन नियमों के तहत दिए गए हैं, जिनका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के डिजिटलीकरण, बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। बताया गया है कि वक़्फ़ बोर्ड में अपनी मस्जिद, दरगाह, मदरसा, कब्रिस्तान या जो भी प्रॉपर्टी वक्फ की है, वक्फ बाय यूजर वाली प्रॉपर्टी है, जिसे पहले रजिस्टर नहीं कराया था। पहले वक्फ बोर्ड में रजिस्टर कराया था, जो वामसी पोर्टल में था। अब इसे नए पोर्टल में अपलोड कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

### रजिस्ट्रेशन के लिए यह दास्तावेज जमा करने होंगे

मुतवल्लियों को रजिस्ट्रेशन के दौरान आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य आठ आवश्यक दस्तावेज वक्फ संपत्ति के विवरण के साथ ही अपने अभिलेख भी जमा करने होंगे। मुतवल्लियों को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराते समय कौन-कौन से अभिलेख की आवश्यकता होगी, इसकी सूची मंत्रालय की ओर से जारी की गई है। उम्मीद पोर्टल पर वक्फ पंजीकरण के समय मुतवल्लियों को रजिस्ट्रेशन के समय आधार कार्ड, पैन कार्ड जैसे पहचान पत्र लगाने होंगे। इनके साथ ही पता प्रमाण पत्र के लिए बिजली बिल, वोटर कार्ड, आइडी कार्ड भी लगाया जा सकता है।

### देना होगा मुतवल्ली का नियुक्ति प्रमाणपत्र

उन्होंने कहा कि इनके साथ ही वक्फ बोर्ड का आदेश मुतवल्ली के नियुक्ति प्रमाणपत्र के रूप में अपलोड करना होगा। शैक्षिक योग्यता, वर्तमान रोजगार, मोबाइल नंबर, ईमेल आइडी, स्थायी पता, वर्तमान पता आदि कालम भी भरने होंगे। वक्फ संपत्तियों का रजिस्ट्रेशन उम्मीद पोर्टल पर पांच दिसंबर तक करना है।

### जीई रोड की नेकी की दीवार अस्थायी रूप से बंद

**रायपुर।** राजधानी के जीई रोड में अनुपम गार्डन के किनारे बनाई गई नेकी की दीवार को अस्थायी रूप से निगम ने बंद कर दिया है। महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नेकी की दीवार की स्वच्छता बनाए रखने इसे अस्थायी रूप से बंद किया गया है। इच्छुक नागरिक, दानदाता समाजसेवी कपड़ा, जूता सहित अन्य वस्तुएं दान में देने जोन 7 कार्यालय से संपर्क कर सकेंगे।

कार्यसमिति, प्रकोष्ठों के साथ ही स्थाई और आमंत्रित सदस्यों में भी होना है बदलाव

# कार्यक्रमों में उलझा प्रदेश भाजपा संगठन का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन की कार्यकारिणी में बड़े बदलाव के बाद अब तक प्रदेश संगठन का विस्तार नहीं हो सका है। लगातार चल रहे कार्यक्रमों के कारण विस्तार उलझ गया है। सबसे अहम कार्यसमिति का ऐलान होना है। इसी के साथ अब तक प्रकोष्ठों में बदलाव नहीं हो सका है। पुरानी कार्यसमिति में कई सांसदों के साथ जिन चेहरों को रखा गया था, उसमें से कुछ को जहां नए पद मिल गए हैं, वहीं सांसदों का चेहरा भी बदल गया है। कार्यसमिति के सदस्यों के साथ ही स्थाई और आमंत्रित सदस्यों में भी बदलाव होना है। सभी मोर्चा की कार्यकारिणी अब तक अटकी हुई है।

प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी का लंबे इंतजार के बाद बीते माह 13 अगस्त को ऐलान हुआ है। इसमें बड़ा बदलाव किया गया है। डेढ़ दर्जन से ज्यादा नए चेहरों को इसमें रखा गया है। इसके पीछे का कारण यह है कि पुराने पदाधिकारियों को नए पद मिल चुके हैं। ऐसे में इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। अब कार्यकारिणी के बाद सबसे अहम कार्यसमिति के सदस्य बनाने का काम करना है। इसका ऐलान दीपावली तक करने की तैयारी थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका है। लगातार भाजपा के कार्यक्रमों के कारण कार्यसमिति अटकी हुई है। राज्योत्सव और बिहार चुनाव के बाद अब भाजपा संगठन एसआईआर में लगा है। इसी के साथ और भी कई कार्यक्रम चल रहे हैं।



### कार्यसमिति में होगा बड़ा बदलाव

इस समय भाजपा की जो कार्यसमिति है, उसमें कई नाम ऐसे हैं जिनको जहां दूसरे पद मिल गए हैं, वहीं जिन पुराने सांसदों को कार्यसमिति में रखा गया था, अब वे सांसद नहीं हैं। हालांकि इनमें से अब कुछ विधायक बन गए हैं। पुराने सदस्यों में जो सांसद थे उसमें संतोष पांडेय और विजय बघेल तो अब भी सांसद हैं लेकिन सुनील सोनी, गोमती साय और रेणुका सिंह इस समय सांसद नहीं हैं, लेकिन ये विधायक जरूर हैं। इनको सदस्य के रूप में रखा जा सकता है। लेकिन इसका फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व से पूछ कर ही होगा। मोहन मंडावी, गुहाराम अजगले, चुन्नीलाल साहू इस समय सांसद नहीं हैं। इसी तरह से रणविजय सिंह जूदेव भी इस समय राज्य सभा सदस्य नहीं हैं। इसी तरह से अशोक बजाज इस समय कार्यालय मंत्री बन गए हैं। संगठन के महामंत्री संजय श्रीवास्तव नान के अध्यक्ष बन गए हैं। अन्य पद पाने वालों में जो नाम शामिल हैं, उनमें पूजा विधानी और मीनल चौबे महापौर बन गई हैं। राजीव अग्रवाल, राकेश पांडेय, नीलू शर्मा, संदीप शर्मा, लोकेश कावड़िया, रामप्रताप सिंह, अनुराग सिंहदेव, श्रीनिवास मद्दी, चंद्रकांति वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, ओजस्वी मंडावी, भरत मटियारा, प्रहलाद रजक को निगम, मंडल, आयोग में पद मिल गए हैं। अब प्रदेश संगठन राष्ट्रीय नेतृत्व से पूछ कर तय करेगा कि इनको सदस्य के रूप में रखा जाए या इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया जाए। इसी के साथ जो पुराने सदस्य हैं, उनको लेकर भी राष्ट्रीय नेतृत्व से पूछ कर फैसला होगा। कुल मिलकर यह तय है कि कार्यसमिति में कई चेहरे बदले जाएंगे।

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्रमांक/202511115600015/अ-6/2025-2026 रायपुर, दिनांक 07/11/2025
ग्राम- भाठागांव प.ह.नं.- 60, तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण 01. रमिता साहू 02. लोकेश साहू 03. ना.बा. रितेश साहू, अवयस्क कि ओर से वली पिता राजेश कुमार साहू तीनो पिता राजेश कुमार साहू 04. मानसी साहू 05. भूमि उर्फ भूमिका साहू अवयस्क कि ओर से वली पिता दीपक कुमार साहू 06. उमेश साहू अवयस्क कि ओर से वली पिता दीपक कुमार साहू तीनो पिता दीपक कुमार साहू सभी निवासी- मकान नं.- 64/एफ वार्ड नं. 63, ब्रम्हादेव कॉलोनी भाठागांव, रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम भाठागांव, प.ह.नं. 60, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमिस्वामी हक की स्वत्व एवं स्वामित्व की भूमिखसरा नंबर 261/5, पूर्व खसरा नं. 261/2 एवं 4 का भाग रकबा 0.008 हे, अर्थात 900 वर्गफुट भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदकगण के सगे दादा हेमलाल साहू के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के स्व. श्री हेमलाल साहू की मृत्यु दिनांक 07/10/2025 को हो चुकी है। जिन्होंने अपने जीवनकाल में पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 06/01/2015 को आवेदकगण के पक्ष में निष्पादित किया है। अतः उक्त भूमि का स्व. श्री हेमलाल साहू के मृत्यु उपरांत उनका नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर वसीयतनामा के आधार पर आवेदकगण अपना नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 28/11/2025 को होगी। अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/आपत्ति दिनांक 28/11/2025 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 07/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार,
रायपुर (छ.ग.)

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शेख अब्दुल करीम पिता स्व. शेख अब्दुल रहमान निवासी मकान नं. 12, श्रीराम पार्क, दीनदयाल उपाध्याय नगर, रायपुर, छ.ग. से उनके स्वत्व - स्वामित्व व कब्जे दखल की भूमियों खसरा क्र. 318/19, रकबा 1000 वर्गफिट तथा भूमि खसरा क्र. 307/2 रकबा 0.275 हे. स्थित मौजा सरोना, संत रविदास वार्ड क्र. 70, प.ह.- सरोना, रा.नि.मं. रायपुर, तहसील रायपुर, जिला रायपुर, छ.ग. को क्रय करने का अनुबंध अग्रिम राशि का भुगतान कर मेरे द्वारा जरिए लिखित इकरारनामा दिनांकित 05.10.2025 कर लिया गया है व अब निकट भविष्य में विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना शेष है।

किसी व्यक्ति, आम जनता, अर्द्धशासकीय या शासकीय संस्था, वित्तीय संस्था, बैंक, साहूकार, निगम आदि को उपरोक्त वर्णन के विक्रय इकरारनामा या विक्रय संव्यवहार या उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 (सात) दिन के अंदर मय दस्तावेज लिखित में मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करें। समय उपरान्त की गई आपत्ति बंधनकारी नहीं होगी और मेरे द्वारा उपरोक्त भूमियों का विक्रय पंजीयन करा लिया जावेगा।

दिनांक- 11.11.2025

**सूचनादाता/ क्रेता**
**प्रफुल्ल कुमार बारमेड़ा, तनय मगन भाई बारमेड़ा, पता- केस्ट ग्रीन, नियर दिशा कालेज, कोटा रोड, रामनगर, रायपुर, छ.ग., मो.नं. 6261130019**

समक्ष पब्लिक नोटरी महोदय रायपुर छ.ग.
**नाम परिवर्तन**
**:: शपथ पत्र ::**

मैं शपथकर्ता संतोष चंद्राकर पिता राजकुमार चंद्राकर, पता ग्राम बोडरा पो. रसनी थाना आरंग जिला रायपुर छ.ग. निम्न कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करता हूँ कि :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरा पुत्र का जन्म दिनांक 14.04.2023 को स्थान सांई बाबा नर्सिंग होम रायपुर छ.ग. में हुआ है जो कि सत्य एवं सही है।
3. यह कि मैं अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम "**खुशाल चन्द्राकर**" जो दर्ज है, वह गलत है उसे सुधार कर "**खुशहाल चन्द्राकर**" को दर्ज करवाना चाहता हूँ, जो कि सत्य एवं सही है।
4. यह कि उक्त संबंध में यह शपथ पत्र नाम सुधार हेतु प्रस्तुत करता हूँ।

**शपथकर्ता**

**-: सत्यापन :-**

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि कंडिका 1 से 4 तक में दिये गये उक्त तथ्य सत्य एवं सहीं है अपना हस्ताक्ष कर सत्यापित करता हूँ।

दिनांक 07/11/2025 **शपथकर्ता**

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सवारी को लेकर प्रतिस्पर्धा में 5 वाहन आपस में भिड़े

**अभनपुर।** अभनपुर-रायपुर मार्ग पर सीआईटी कॉलेज के सामने मंगलवार शाम करीब 4.30 बजे बड़ा सड़क हादसा हो गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन पांच वाहन आपस में टकरा गए। बताया जा रहा है कि यह दुर्घटना सवारी को लेकर बस चालकों के बीच प्रतिस्पर्धा के कारण हुई। मिली जानकारी के अनुसार, आगे चल रही एक बस ने अचानक ब्रेक मार दी, जिससे उसके पीछे आ रही बस और उसके बाद एक हाईवा तथा दो कारें आपस में भिड़ गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सभी वाहनों को भारी नुकसान हुआ। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही अभनपुर पुलिस मौके पर पहुंची, यातायात को नियंत्रित किया और जाम को खुलवाया।

### आरंग नगर साहू सामाज का शपथ ग्रहण आज

**आरंग।** आरंग नगर साहू सामाज आरंग परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 12 नवम्बर को साहू सामाज सामुदायिक भवन दीनदयाल कालोनी आरंग में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब (केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन) होंगे तथा इंद्र कुमार साहू (विधायक अभनपुर)अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देवनाथ साहू (अध्यक्ष जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण) करेंगे। टाकेश्वरी मुरली साहू (अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग), फागु लाल साहू (अध्यक्ष तहसील साहू संघ आरंग), हिरामन साहू , सोहन लाल साहू डॉ. परस राम साहू , नारायण लाल साहू (अध्यक्ष कोरासी परिक्षेत्र एवं समस्त पदाधिकारी), थानसिंग साहू (अध्यक्ष रीवां परिक्षेत्र एवं समस्त पदाधिकारी), बलदाऊ प्रसाद साहू (अध्यक्ष तामासिवली परिक्षेत्र एवं समस्त पदाधिकारी), परमानंद साहू (अध्यक्ष सेरीखेड़ी परिक्षेत्र एवं समस्त पदाधिकारी), डॉ. गोविंद साहू (अध्यक्ष भानसोज परिक्षेत्र एवं समस्त पदाधिकारी), पुरुषोत्तम साहू (अध्यक्ष नरहदा परिक्षेत्र एवं समस्त पदाधिकारी), पुष्कर साहू (पार्षद वार्ड क्र. 09 न.पा.प. आरंग), सेवती तोषण साहू (पार्षद वार्ड क्र 16 न.पा.प. आरंग) विशिष्ट अथिति की रूप में उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### ईश्वर दास भारती

**तिल्दा नेवरा।** शासकीय प्राथमिक शाला रायखेड़ा में प्रधान पाठक के



पद पर कार्यरत ईश्वर दास भारती (48वर्ष ) का निधन मंगलवार को हो गया। संकुल केन्द्र रायखेड़ा में शोक सभा आयोजित कर मृतआत्मा को श्रद्धांजलि दी गई।

## विरोध : सड़क और सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों ने कहा- नहीं चलेगी कंपनियों की दादागिरी

# सिलयारी में फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, जर्जर सड़क धूल और हादसों पर कंपनियों के खिलाफ धरना



**सिलयारी।** कंपनियों के वाहनों से क्षतिग्रस्त हो रहे सड़कों और सुरक्षा को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों का गुस्सा मंगलवार को फूट पड़ा। भारी संख्या में पहुंचे मढ़ी के ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया। सड़कों की मरम्मत करने की मांग पर अड़े ग्रामीणों में जमकर उबाल देखा गया। इस दौरान कंपनी प्रबंधनों के खिलाफ क्षेत्रवासियों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों ने प्रबंधनों को आड़े हाथों लेते हुए खरी-खरी सुनाई और सख्त लहजे में चेतावनी दी कि कंपनियों की दादागिरी इधर नहीं चलेगी। इधर, मालवाहकों के चलते उखड़ रहे सड़कों और ग्रामीणों की सुरक्षा ताक पर होने से गुस्साए गांव वालों ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों पर भी जमकर भड़ास निकाली। उल्लेखनीय है कि, कारखानों की गाड़ियों से सड़कें खराब हो रही है। भारी वाहनों के चलने से सफर करने वाले राहगीर और ग्रामीणों को भी दुर्घटना का डर लगा रहता है। इसी तरह की कई समस्याओं से जुझ रहे ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी कर अपनी मांग रखी। ग्रामीणों का कहना है कि, कारखानों की भारी वाहनों से आने-जाने वाले को तो छोड़ दीजिए यहां पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है। संयंत्रों के मालवाहकों ने ग्रामीण सड़कों को बूरी तरह बदहाल कर दिया है। लिहाजा, ग्रामीणों ने आक्रोशित स्वर में संबंधित कंपनियों को आड़े हाथों लेते हुए जिम्मेदार ठहराया। बता दें कि, क्षेत्र में स्थापित उद्योगों में आने-जाने वाले वाहनों के चलने से सड़क टूट रहे हैं। सड़कों में राहगीरों की सुरक्षा भी ताक पर है। मढ़ी में स्थापित गौरी गणेश कंपनी ने मरम्मत के लिए हामी भरी है क्योंकि यहीं के गाड़ी सबसे ज्यादा सड़कों को बर्बाद कर रहे हैं। ग्रामीणों ने ज्ञापन सौपकर चौड़ीकरण की मांग की है। सफर के दौरान अनहोनी का डर बना रहता है। मढ़ी में कंपनी तो खोल दिया गया है लेकिन भविष्य का ध्यान बिल्कुल भी नहीं रखा गया। अब स्थिति यह है कि, कंपनियों के हजारों वाहन भारी भरकम माल लादकर रोज फर्राटे भर रहे हैं। ग्रामीणों के आने-जाने के लिए बनी सड़कों पर पूंजीपतियों के गाड़ी दौड़ रहे हैं और उसे क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बना तिल्दा-नेवरा मार्ग भी कंपनियों के मालवाहक गाड़ियों के चलने से बद से बदतर हो गया है। इतना ही नहीं कंपनियों और सड़कों के धुल और धुएँ से राहगीर जान हंथेली पर लेकर सफर करने मजबूर हैं। कंपनियों के जहरीला काले धुएँ और धुल-डस्ट से ग्रामीण बीमार पड़ रहे हैं। कंपनी से सटा हुआ शासकीय स्कूल मढ़ी के बच्चे कलपुर्जों की शोरगुल और धुल डस्ट से परेशान हैं। वाहनों के आतंक से बंजारी मोड़ पर सड़क दुर्घटना में ग्रामीण जान गंवा चुके हैं। बताते चलें कि, जनपद कार्यालय तिल्दा जाना हो या खरोरा तहसील ग्रामीणों को बदहाल सड़कों से होकर आना-जाना करना पड़ता है। सिलयारी चौकी जाना हो या किसानों को बैंक तो भी कच्चे रास्तों से गिरते-भागते हुए जाना पड़ता है। इतना ही नहीं बंगोली राजस्व निगम मंडल जाने का देवगांव-खौना मार्ग भी बरसों से खस्ताहाल है। मजेदार बात तो यह है कि, भूमिपूजन और कार्य स्वीकृत होने के बाद भी मढ़ी-कोदवा पहुंच मार्ग आज तक नहीं बन पाया है। जो आज भी पहेली बना हुआ है। शाम हो या दोपहर इस मार्ग पर अब असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग रहा है जो राहगीरों को रोककर लूटपाट, मारपीट और चाकूबाजी कर रहे हैं। धरना प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने शीघ्र ही व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

### प्लांट प्रबंधन से चर्चा के बाद मार्ग तय होगा

सूर्यकांत कुंभकार, तहसीलदार खरोरा ने कहा की प्लांट प्रबंधन द्वारा सड़क के मरम्मत के लिए सकारात्मक जवाब दिया गया है। प्लांट मैनेजमेंट से चर्चा के बाद उनके द्वारा आगे बताया जाएगा। खपरी गांव के जनप्रतिनिधियों से चर्चा के बाद आगे निर्धारित किया जाएगा कि गाड़ियों को किस मार्ग से चलाया जाना है।

**सूर्यकांत कुंभकार**
तहसीलदार खरोरा

### अधिकारियों की मनमानी चरम पर

तीखे लहजे में ग्रामीणों ने कहा कि, सड़कों का जो हाल कंपनियों ने किया है वैसा बुरा हाल कभी नहीं हुआ था। एसी रूम में हवा खाने वाले कंपनियों के प्रमुख सड़कों के संबंध में एक-दुसरे पर ठीकरा फोड़ते रहते हैं। जिम्मेदारी से बचने वाले कारखानों की अधिकारियों की मनमानी भी चरम पर है। जो ग्रामीणों की एक नहीं सुनते हैं। ग्रामीण जनमुद्दों की सवाल उठाते हैं तो उन्हें आश्वासन का झुनझुना पकड़ा दिया जाता है। तो कभी जल्द ठीक करने की झूठे वादों का लालीपॉप थमा देते हैं। सच तो यह है कि, कंपनी की अधिकारियों की लापरवाही के कारण ही यह हालात पैदा हुए हैं। यहां तो कुछ ऐसे भी जनप्रतिनिधि है जो जनताओं के पक्ष में कम कंपनियों के पक्ष में ज्यादा बोलते हैं। कुछ ग्रामीणों ने तो दबे स्वर में उक्त धरना प्रदर्शन को प्री-प्लानिंग कहते हुए सिर्फ़ एक दिखावा ही करार दिया। इधर, कंपनियों को जनताओं की समस्याओं से कोई मतलब नहीं रह गया है। मानों कंपनी के अधिकारयों ने कंपनी को जनता को परेशान करने की छूट दे रखी है।

### गड्ढे में फिसलकर गिर रहे बाइक सवार

बड़ी-बड़ी बातें करने वाले कंपनी सड़क बनाना तो दूर गड्ढे तक को नहीं भरवा पा रहे हैं। जानलेवा गढ्ढों में फिसलकर बाइक सवार गिर रहे हैं। सड़कों का ऐसा हाल मानों कंपनियों ने दुर्घटना का इंतजाम कर रखा हो। कंपनियों ने मिलकर ग्रामीण सड़कों की परते ही उखाड़ दी है। संयंत्रों के ओवरलोड गाड़ियां तेज रफ्तार में आवागमन करते हैं। सड़कों के सीना छलनी कर रहे इन गाड़ियों पर प्रबंधन का भी कोई नियंत्रण नहीं है। ऊपर से राहगीर और स्कूली बच्चे धुल, धुएँ से तंग आ गए हैं। ग्रामीण कह रहे हैं कि जानलेवा गढ्ढें कंपनियों द्वारा कराए गए दुर्घटना के इंतजाम है।

## सहकारी कर्मचारी व ऑपरेटरों की हड़ताल 9वें दिन भी जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ एवं समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के संयुक्त प्रांतीय आह्वान पर चार सूत्रीय मांगों को लेकर संभाग स्तरीय अनिश्चितकालीन आंदोलन महासमुंद लोहिया चौक मे जारी है। आंदोलन मे अभनपुर ब्लॉक के लगभग 160 कर्मचारी भी आंदोलन में शामिल हैं। यह आंदोलन 3 नवंबर से जारी है। संघ ने चेतावनी दी है कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, धान खरीदी का बहिष्कार जारी रहेगा। मुख्य मांगों में सुखत धान की भरपाई, डाटा एंट्री ऑपरेटर को 12 माह वेतन व नियमितीकरण, प्रबंधकीय अनुदान में वृद्धि तथा सेवा नियम 2018 में संशोधन कर पुनरीक्षित वेतनमान लागू करना शामिल है। आंदोलन के चलते समितियों में ताला बंद है और किसानों का पंजीयन कार्य ठप पड़ा है। संघ ने कहा कि 18 वर्षों से काम कर रहे ऑपरेटरों की अनदेखी सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाती है। संघ ने घोषणा की है कि 12 नवंबर को प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सोनगर पर एफआईआर करने के विभागीय आदेश के विरोध में धमतरी के पंजीयक कार्यालय में प्रदर्शन किया जाएगा। अभनपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा,उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष वाकेश साहू, संगठन मंत्री जय प्रकाश यदु, सरंक्षक जयराम वर्मा, कर्ण साहू, राजेन्द्र साहू, टिकेश्वर धीवर, ईश्वर साहू, तिलेश्वर सोनकर, डिलेश्वर पटेल, हिरामन साहू, रामनरेश यदु, मनोज साहू, अजय सिन्हा, देवानंद शर्मा, पुरूषोत्तम यादव सहित अनेक पदाधिकारी धरने में शामिल रहे।

## 17 नवम्बर से समर्थन मूल्य में शुरू होने वाली धान खरीदी की तैयारी में जुटे हमाल

**आरंग।** सहकारी कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से धान खरीदी केंद्रों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। ऐसे में प्राधिकृत पदाधिकारियों ने कमान अपने हाथों में लेते हुए खरीदी व्यवस्था को पटरी पर लाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं।

शासन द्वारा 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की निर्धारित तिथि के अनुरूप 15 को शनिवार के चलते खरीदी नहीं होती न इस बार होगी 16 को रविवार को धान खरीदी बन्द रहती है इन वजह से 2 दिन बाद 17 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर शुरू होने वाली धान खरीदी के लिए हमालों की तैयारी पूरी कर ली गई है तथा खरीदी केंद्रों में व्यवस्थाएं सुचारू करने के निर्देश दिए गए हैं। विदित हो कि सहकारी समिति के कर्मचारी अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर 3 नवम्बर से कार्यालयों में तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों की अनुपस्थिति में समितियों का कार्य ठप हो गया था, जिससे धान खरीदी की तैयारी प्रभावित हो रही थी। इस स्थिति को देखते हुए प्राधिकृत पदाधिकारियों ने आगे बढ़कर व्यवस्थाओं की कमान संभाल ली है। सहकारी समिति नारा के प्राधिकृत अध्यक्ष त्रिलोचन साहू ने बताया कि धान खरीदी किसानों के हित से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए प्रशासन के निर्देशानुसार हम सभी तैयारी में जुट गए हैं। खरीदी स्थल पर हमालों को बुलाकर तोल कांटा, बारदाना, गोदाम आदि की जांच कर ली गई है। वहीं सहकारी समिति लखौली के प्राधिकृत अध्यक्ष दिनेश चन्द्राकर ने कहा कि कर्मचारियों की हड़ताल से कार्य प्रभावित जरूर हुआ है, लेकिन किसानों को परेशानी न हो इसके लिए हम टीम बनाकर व्यवस्था संभाल रहे हैं। खरीदी स्थल की साफ-सफाई और आवश्यक सामग्री की व्यवस्था पूरी कर ली गई है।

## पंचमुखी महादेव का 73वां वर्ष प्राकट्य दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



राजा मोरध्वज धर्मनगर उत्तर दिशा खरोरा मार्ग पर स्थित भगवान भोलेनाथ पिपलेश्वर पंचमुखी महादेव जी का मंगलवार 73 वां वर्ष प्राकट्य पर पूजा पाठ दूध अभिषेक जल अभिषेक मंत्रोच्चार हवन पूजन भोलेनाथ जी का श्रृंगार आरती पुजारी शत्रुघ्न प्रसाद लोधी परिवार समेत बड़ी धूमधाम से मनाया। साथ ही आध्यात्मिक धार्मिक सामाजिक मानस संगठन राजा मोरध्वज मानस लोधी, संतोष लाला लोधी, शत्रुघ्न लोधी, वत्सला लोधी, अवध विश्वकर्मा, ओंकार विश्वकर्मा, प्रेमवर्मा, हीरालाल साहू, जवाहर ध्रुव, टोकेश साहू इन सदस्यों ने सामूहिक रामायण पाठ किया एवं ब्रह्मदेव मानस मंडली लोधी पारा आरंग का मानस गान हुआ। ग्यारह नवंबर सन् 1952 के दिन स्वर्गीय फिरंता लोधी को भगवान शंकर ने पीपल वृक्ष में विराजमान होने का स्वप्न दिया। फिर फिरंता लोधी द्वारा पीपल वृक्ष के जड़ों की खुदाई किया गया, जिससे स्वयंभू भगवान शिवलिंग रूप में प्रकट हुए। आज भी फिरंता लोधी के वंशज भगवान भोलेनाथ पुजारी का कार्य कर रहे है। पीपलेश्वर पंचमुखी महादेव मंदिर का निर्माण दान दक्षिणा से भव्य स्वरूप बनाया जा रहा है।

### तिल्दा नेवरा में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य शुरू



**तिल्दा नेवरा।** मतदाता विशेष गहन पुनिरीक्षण का कार्य शुरू हो चुका है। तिल्दा नेवरा में भी यह कार्य आंगनबाड़ी के माध्यम से प्रारंभ हुआ है। सोमवार को तिल्दा के वार्ड 21 में उक्त फॉर्म को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा घर- घर जाकर दिया जा रहा है और उस फॉर्म को भरकर पुनः आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को दिए जाने की जानकारी दी जा रही है। वार्ड क्रमांक 21 तिल्दा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित वार्ड के पार्षद रानी सौरभ जैन के प्रतिनिधि सौरभ जैन, अमरजीत पासवान भी उपस्थित थे।

## सहकारी कर्मचारियों की हड़ताल से किसान चिंतित



**तरपोंगी।** धान खरीदी के मौसम की शुरुआत से पहले ही धान खरीदी केंद्र सहकारी समितियो के कर्मचारियों की हड़ताल से किसान चिंतित है। समिति के प्रबंधक और ऑपरेटर के काम बंद करने से जिले सहित तिल्दा विकासखंड में आवश्यक तैयारी आधा अधूरा रह गया है। यदि समय रहते हुए शासन प्रशासन और सहकारी समिति कर्मचारियों के बीच समाधान नहीं निकाला गया तो 15 नवंबर से शुरू होने वाला धान खरीदी व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है उक्त बातें किसान नेता राजू शर्मा पूर्व जिला पंचायत सभापति ने कहा कि किसानों ने सुखा, खाद की कमी कीट प्रकोप बे मौसम बारिश से जैसे विपरीत परिस्थितियों में भी किसी तरह अपने फसल को बचाकर अब जब धान बेचने का समय आया है तो सरकारी समितियां के दरवाजे बंद होने से किसान चिंतित है। वर्तमान समय में कुछ किसानों का एग्री पोर्टल में पंजीयन नहीं होना सहकारी समितियों के कर्मचारियों का हड़ताल से पूरी व्यवस्था चरमरा गई है। किसानों को लंबे समय तक भुगतान में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हड़ताल से किसानों पर सीधा असर पड़ेगा और किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है राजू शर्मा ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर शीघ्र ही हड़ताल का समाधान करने की अपील की है।

### सशक्तिकरण पर हुआ मंथन

# सरस्वती शिशु मंदिर गुल्लू में मातृशक्ति का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



ग्राम भारती शिक्षा समिति के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर गुल्लू में मंगलवार को सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती वंदना के साथ हुआ। सह-प्रधानाचार्य लुकेश्वरी लोधी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।मुख्य वक्ता श्रीमती पुष्पा मोहंती ने मातृशक्ति के महत्व पर प्रेरक विचार रखते हुए कहा कि महिलाएं समाज की दिशा और दशा दोनों को प्रभावित करती हैं, इसलिए उन्हें आत्मनिर्भर, शिक्षित और सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नीतेश्वरी लोधी ने महिलाओं को सुरक्षित जीवन, आत्मरक्षा के गुर और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिला को अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए, तभी समाज सशक्त बन सकता है।कार्यक्रम में मातृशक्ति के बीच धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रश्नोत्तरी रखी गई, जिसमें सही उत्तर देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। उपस्थित महिलाओं ने अपने अनुभव साझा कर समाज में महिला जागरूकता की दिशा में सार्थक पहल की। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन लुकेश्वरी लोधी ने निभाई। कार्यक्रम की संयोजिका पुष्पा यादव रहीं। इस अवसर पर आचार्य दीदी सुनीता साहू, अमृत धीवर, हेमलता साहू, बसंती साहू, दुर्गा यादव, खेमिन पटेल, कविता साहू सहित बड़ी संख्या में ग्राम की मातृशक्तियां उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने जय मातृशक्ति, जय संस्कार के उद्घोष के साथ समाज में महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।

पेज 11 के शेष...

### एयरपोर्ट की सुरक्षा चौकस, डॉग...

देशभर में सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इसके तहत रायपुर एयरपोर्ट में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मंगलवार को एयरपोर्ट की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली सीआईएसएफ की टीम ने अपने डॉग स्कवॉड के साथ टर्मिनल भवन और आसपास के क्षेत्र की कड़ाई से जांच की। इस दौरान वहां के कर्मचारियों को इस बात की समझाइश दी कि किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी संबंधित सुरक्षा बल अथवा पुलिस को दी जाए। सुरक्षा बलों की अतिरिक्त सक्रियता के अलावा वहां आने वाले यात्रियों के लगेज की जांच भी कड़ाई के साथ की जा रही है। चेक-इन करने वाले यात्रियों को दो बार की कड़ी जांच प्रक्रिया के बाद फ्लाइट में सवार होने का मौका दिया जा रहा है। बुक कराए जाने वाले लगेज की भी कड़ी निगरानी हो रही और विभिन्न चरणों में टेस्टिंग के बाद उसे कार्गो व्यवस्था के तहत फ्लाइट में चढ़ाया जा रहा है। देश के तमाम एयरपोर्ट में सुरक्षा के सख्त उपाय किए जाने के बाद एयरलाइंस कंपनियों के माध्यम से यात्रियों से अपील की जा रही है कि इस जांच व्यवस्था के कारण किसी भी असुविधा से बचने के लिए वे फ्लाइट शुरू होने के पहले पर्याप्त समय के साथ एयरपोर्ट पहुंचें।

### ट्रेन से लेकर डस्टबिन तक दिनभर...

पोस्ट प्रभारी रायपुर कर्मपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि हादसे के बाद स्टेशन में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष जांच व निगरानी रखी जा रही है। सोमवार देर रात से जांच चल रही है। प्रभारी ने बताया कि स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग जोन और प्लेटफॉर्म के हर हिस्से को स्नीफर डॉग की मदद से खंगाला गया। यात्रियों के लगेज, वेटिंग हाल, फूट ओवरब्रिज के नीचे, दुकानों के आसपास और डस्टबिन तक की बारीकी से जांच की गई। जांच के दौरान कोई विस्फोटक पदार्थ नहीं पाया गया है।

### रिटायर फूड इंस्पेक्टर संजय...

उस दिन वह घर पर अकेली थी। इसका फायदा उठाकर उसने शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ अनाचर किया। इस दौरान उसने उसका अश्लील फोटो-विडियो भी बना लिया था, जिसे सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर उससे लगातार ब्लैकमेलिंग करते हुए उसके साथ अनाचार करता रहा। इस बीच संजय ने उससे तीन लाख रुपए भी ले लिए। महिला ने शिकायत में यह भी बयान दिया है कि जब उसने शादी करने के लिए दबाव बनाया, तो उसने इससे इनकार करते हुए उसे जान से मारने की धमकी देने लगा था। इससे परेशान होकर उसने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### आधा दर्जन बदमाश हुए...

सक्षम न्यायालय की अनुमति के नहीं कर पाएंगे। इस आदेश का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

<B>इन बदमाशों को किया जिलाबदर<B>
जिलाबदर किए गए बदमाशों में लल्ला उर्फ टुमन सोनवानी 24 वर्ष निवासी सदर रोड नवापारा थाना गोबरानवापारा, संदीप जगने 23 वर्ष निवासी दुर्गा नगर न्यू राजेंद्र नगर रायपुर, पितेश्वर साहू 28 वर्ष निवासी चंगोराभाठा डीडीनगर, गिरधारी पटेल 32 वर्ष निवासी आजाद चौक थाना आरंग, नान्हू तांडी उर्फ अन्ना तांडी 47 वर्ष निवासी मोतीलाल नगर कोटा थाना सरस्वती नगर, खीरधर तांडी 26 वर्ष निवासी बीएसयूपी कॉलोनी सड्डू शामिल हैं।
<B>एक सप्ताह में 7 बदमाश किए गए जिलाबदर <B>
सप्ताहभर में जिलाबदर की यह दूसरी कार्रवाई है। इससे पहले कलेक्टर ने 5 नवंबर को दीपक कालोनी राजेंद्रनगर निवासी जोगिंदर बाघ 19 वर्ष को तीन माह के लिए जिलाबदर किया है, वहीं दूसरी कार्रवाई में आधा दर्जन बदमाशों को जिलाबदर किया है। इस तरह सप्ताहभर में अब तक सात बदमाशों को जिलाबदर करने की कार्रवाई की गई है।

### कृमिनाशक एल्बेंडाजोल सहित...

इसमें हरियाणा बद्दी की कंपनी दो दवाओं और वड़ोदरा गुजरात की कंपनी इंजेक्शन की सप्लाई करती थी। इन दवाओं पर कार्रवाई सीजीएमएससी की जीरो टालरेंस नीति के तहत किया गया है। कंपनी दवाओं की सप्लाई दवा निगम के माध्यम से करती थी। इनके खिलाफ अलग-अलग समय में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों से शिकायत मिल रही थी। सीजीएमएससी ने इस आधार पर इन दवाओं और इंजेक्शन के उपयोग को होल्ड करवाया था। साथ ही अस्पतालों में मौजूदा स्टॉक को वापस मंगाया था। इन दवाओं और इंजेक्शन के सैंपल की जांच एनएबीएल की मान्यता वाले लैब और केंद्रीय प्रयोगशाला में कराई गई थी, जिनमें रिपोर्ट अमानक मिली थी। इस आधार पर सप्लायर कंपनी और उनकी दवा के खिलाफ सख्त एक्शन लिया गया है। संबंधित आपूर्तिकर्ता अब ब्लैकलिस्टिंग अवधि समाप्त होने तक किसी भी नई निविदा में भाग लेने के लिए अयोग्य रहेंगे। कॉरपोरेशन द्वारा सभी कार्रवाई सीडीएससीओ, ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 एवं नियम 1945 के प्रावधानों के अनुसार की जाती है, ताकि केवल गुणवत्तायुक्त दवाएं ही मरीजों तक पहुंचें।

### काउंसिलिंग शेड्यूल खत्म...

जिन छात्रों ने शुरुआत में पंजीयन कराया था, लेकिन अब तक किसी भी महाविद्यालय में प्रवेश नहीं ले सके हैं, उन्हें भी पंजीयन कराना होगा। इसके अतिरिक्त जिन्होंने प्रथम व द्वितीय चरण की काउंसिलिंग में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन अब प्रवेश प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें भी निर्धारित शुल्क देकर पंजीयन कराना होगा। प्रदेश में बीएड की 14 हजार 700 तथा डीएलएड की 6 हजार 700 सीटें हैं। बीएड और डीएलएड के अतिरिक्त बीए-बीएड व बीएससी-बीएड की 200 सीटें हैं। बीए-बीएड और बीएससी-बीएड की 24 सीटें रिक्त रह गई हैं। इन 24 सीटों पर भी तीसरे चरण के माध्यम से प्रवेश लिए जा सकेंगे।

## विपश्यना केंद्र में 16 को आनापान शिविर

रायपुर। सभी बच्चे आज तेजी से बदलती दुनिया में बड़े हो रहे हैं। उन्हें अपने समक्ष आने वाली चुनौतियों का सामना करने और अपनी पूरी क्षमता विकसित करने के लिए जीवन कौशल की आवश्यकता होती है। ध्यान का अभ्यास उन्हें शांति से और बेहतर तरीके से जीने का तरीका खोजने में मदद कर सकता है। यह उन्हें वर्तमान चुनौतियों से निपटने में मदद करता है और आत्मनिरीक्षण का एक स्वस्थ बीज बोता है, जो बाद में जीवन का एक नया आयाम खोल सकता है। इसके व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए धम्मकुटी विपश्यना ध्यान केंद्र रायपुर में 16 नवंबर को प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक 10 से 17 वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आनापान ध्यान शिविर निःशुल्क आयोजित है। शिविर का संचालन पीके नंदी, छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय बाल शिविर संयोजक द्वारा किया जाएगा।

## निधन

### पं. राधेश्याम पारीक



रायपुर। महेश कॉलोनी गुढ़ियारी निवासी गौड़ ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्य पं. राधेश्याम पारीक (90) का 11 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 नवंबर को सुबह 11.30 बजे उनके निवास स्थान से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे प्रदीप पारीक, सत्यनारायण पारीक के पिता और घनश्याम पारीक, संजय पारीक के चाचा थे।

### अनीता अवस्थी



रायपुर। एकता मार्ग कोटा निवासी अनीता अवस्थी (68) का 11 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 नवंबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे कान्यकुब्ज शिक्षा मंडल कार्यकारिणी सदस्य श्रीकांत अवस्थी की पत्नी थीं।

### तपन गोलाप



रायपुर। शंकर नगर निवासी तपन गोलाप (78) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे छाया गोलाप के पति और केटीयू में कार्यरत वैशाली गोलाप के पिता थे।

# रामकी कंपनी में आधा दर्जन वार्ड को देखने मात्र एक सुपरवाइजर

**महापौर ने कहा- ऐसे में आधे वार्डों में भी 100 फीसदी डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन संभव नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आउटर के तीन जोन दफ्तर में महापौर ने ली बैठक

महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को नगर निगम के तीन जोन में पहुंचकर पार्षदों, जोन अधिकारियों और रामकी कंपनी के प्रतिनिधि की उपस्थिति में सफाई कार्य की समीक्षा की। इस दौरान उन्हें पता चला, कबीरनगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में पिछले 7 दिनों से लोगों के घरों से कचरा नहीं उठ रहा है। इस अव्यवस्था को लेकर महापौर मीनल चौबे ने रामकी के सिटी प्रतिनिधि को जमकर फटकार लगाते हुए कहा, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन रामकी की जिम्मेदारी है। जिम्मेदारी सही ढंग से नहीं निभाने पर 4 गुना जुर्माना की कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

शहर की सफाई व्यवस्था की समीक्षा करने महापौर मीनल चौबे इन दिनों जोन दफ्तरों में जाकर अलग-अलग वार्डों में सफाई कार्य को लेकर आ रही परेशानी से अवगत हो रही हैं। मंगलवार को महोबा बाजार स्थित जोन 8, मोवा स्थित जोन 9 और अमलीडीह के जोन 10 कार्यालय में पहुंचकर सफाई कार्यो की समीक्षा की। महापौर ने कहा कि रामकी कंपनी में नगर निगम के 6 वार्डों को देखने वाला मात्र एक सुपरवाइजर है, ऐसे में आधे वार्डों में भी शत-प्रतिशत डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य संभव नहीं है। उन्होंने वार्ड पार्षदों से सफाई कार्य का वार्डो में प्रतिदिन निरीक्षण करने हिदायत दी।

### अधिकारियों को दी हिदायत

मीनल चौबे ने जोन कार्यालय में सफाई कार्य की समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि वे अब हर महीने वार्ड पार्षदों के साथ सफाई व्यवस्था सुधारने वार्डो का निरीक्षण करने फील्ड पर उतरेंगी। उन्होंने वार्डो के सभी घरों से प्रतिदिन शत-प्रतिशत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन सुनिश्चित किए जाने निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान मुख्य मार्ग के नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता के साथ सुधारने की हिदायत अधिकारियों को दी।



### ये रहे उपस्थित

अलग-अलग जोन में हुई बैठक में स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर, जोन अध्यक्ष प्रीतम ठाकुर, जोन 9 अध्यक्ष गोपेश साहू, जोन 10 अध्यक्ष सचिन मेघानी, एमआईसी सदस्य खेम कुमार सेन,डॉ. अनामिका सिंह, पार्षद भगतराम हरबंश, महेंद्र औसर,अर्जुन यादव, अमन ठाकुर, देवदत्त द्विवेदी, मोहन साहू, मनोज जांगड़े, विनय प्रताप ध्रुव, विनय पंकज निर्मलकर, प्रभा विश्वकर्मा,सावित्री धीवर, रेणु जयंत साहू, सुषमा तिलक साहू, जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, जोन 9 कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर, जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, शरद ध्रुव, आशीष शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, बारोन बंजारे, उमेश नामदेव उपस्थित रहे।

## सोनडोंगरी में इकलौता डॉग शेल्टर, न डॉक्टर की व्यवस्था न ही पर्याप्त संसाधन

# शहर में 20 हजार आवारा कुत्ते, रखने की जगह मात्र 100 के लिए, कैसे होगा एनीमल बर्थ कंट्रोल?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बैरनबाजार के पशु चिकित्साल्य में सर्जरी के लिए 2 डॉक्टर, 1 गाड़ी, 4 सहायक भरोसे चल रहा अभियान

शहर में 20 हजार आवारा कुत्तों को पकड़ने और उनकी सर्जरी करना निगम के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द साबित हो रहा है। शहर में मात्र 100 कुत्तों को रखने के लिए जगह बन पाई है। बाकी कुत्तों को पकड़ भी लिया तो रखेंगे कहां? डॉग सर्जरी के लिए निगम के पास न तो पर्याप्त अमला है, न ही सुविधा युक्त सेटअप तैयार हो पाया। कुल मिलाकर 2 वेटनरी डॉक्टर, 1 डॉग केचर गाड़ी और 4 सहायक के भरोसे एनीमल बर्थ कंट्रोल करने का दावा जरूर उछल रहा है। हालत ये है कि बैरनबाजार के पशु चिकित्सालय के तीन कमरों में 2 वेटनरी डॉक्टर अपने सहायकों के साथ एक दिन में मुश्किल से 10 से 15 स्ट्रीट डॉग की सर्जरी कर पा रहे हैं, जबकि अमले के भरोसे शहरभर के कुत्तों को पकड़ने का जिम्मा है। हालांकि सोनडोंगरी में नगर निगम द्वारा डॉग शेल्टर होम बनाया गया है, जो कि 3 साल बाद भी शुरू नहीं हो पाया, न वहां डॉक्टर की नियुक्ति हो पाई, न ही पर्याप्त संसाधन हैं।

दरअसल, कुत्तों के काटने की घटनाओं में बढ़ोतरी पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है और आदेश दिया है कि 8 सप्ताह में सार्वजनिक स्थान रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र वाली जगहों से कुत्तों को डॉग शेल्टर होम बंद करें। कोर्ट के आदेश की प्रति आने से पहले ही रायपुर नगर निगम में हड़कंप मच गया है। इसकी खास वजह ये है, रायपुर शहर में 20 हजार आवारा कुत्तों की संख्या है, पर उनके रखने और सर्जरी के लिए निगम के पास न पर्याप्त सेटअप है, न ही आवश्यक संसाधन। ऐसे में सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों की धरपकड़ कर उसकी नियमित सर्जरी और डॉग शेल्टर होम में रखने का फरमान कैसे पूरा होगा, यह एक सवाल बनकर रह गया है।

### शहर के सोनडोंगरी में डॉग शेल्टर होम 77 कुत्तों के लिए स्पेस

रायपुर नगर निगम के 10 जोन स्थित 70 वार्ड में स्ट्रीट डॉग रखने निगम के पास सोनडोंगरी में इकलौता डॉग शेल्टर होम ही बन पाया है। जहां न तो पर्याप्त संख्या में वेटनरी डॉक्टर की नियुक्ति हो सकी है, न ही आवश्यक संसाधन। 3 साल बाद भी यह सेंटर शुरू नहीं हो सका। इस डॉग शेल्टर होम में 77 कैनाल बनाए गए हैं, जहां एक समय में 77 कुत्तों को रखा जा सकता है, जबकि शहरभर में स्ट्रीट डॉग की संख्या 20 हजार है। विभागीय अधिकारियों का कहना है, शहर के विस्तार को देखते हुए रायपुर के चारों कोने में चार डॉग शेल्टर होम बनाने की जरूरत है, तभी इस अभियान को प्रभावी रूप देने में आसानी होगी।



### अभियान चला रहे

स्ट्रीट डॉग की धरपकड़ कर उनकी सर्जरी कर आक्रामता रोकने नगर निगम अभियान चला रहा है। बैरनबाजार के पशु चिकित्सालय में प्रतिदिन 10 से 15 स्ट्रीट डॉग की सर्जरी दक्ष चिकित्सक द्वारा की जा रही है। सोनडोंगरी के डॉग शेल्टर होम के लिए चिकित्सक नियुक्ति प्रक्रिया में है।

*- डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम रायपुर*

### सांझ ढलते ही झुंड बनाकर झपटते हैं खूंखार

राजधानी के टिकरापारा, सिद्धार्थ चौक, भाठागांव चौक, पुरानी बस्ती, डगनिया बाजार, आमापारा, गोलबाजार, शास्त्री बाजार, सुंदरनगर, डीडीनगर, शिक्षक नगर, अनुपम गार्डन के पास, कुशालपुर चौक, महामाया पारा, ब्राम्हणपारा, अवधिया पारा, भोई पारा चौक, आजादा चौक, समता कालोनी, फाफाडीह, देवेंद्र नगर पुराना बस स्टैंड पंडरी, मोवा बस्ती, खम्हारडीह, शंकरनगर सहित शहर के अन्य रहवासी इलाकों में सांझ ढलते ही आवारा कुत्तों के झुंड से आम जनता का निकलना मुश्किल हो रहा है। हालत ये है कि महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग अकेले घर से निकलने से हिचक रहे हैं। यहां तक कि मार्निंग व इवनिंग वॉक करने वालों को खूंखारों के झपट्टे का भय सताने लगा है। अंधेरा होने और अंजान क्षेत्रों में आने-जाने पर डॉग बाइट का खतरा बना हुआ है।

### निगम का कुत्ता पकड़ो विशेष अभियान हवा-हवाई जोन कमिश्नर, जेडएचओ को दी थी जिम्मेदारी

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने दस जोन के 10 कमिश्नर को उनके जोन क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग की शिकायत पर एक्शन लेने और धरपकड़ के विशेष अभियान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया। जोन के स्वास्थ्य अधिकारी को इसके लिए नोडल अधिकारी बनाया गया। निगम के दस जोन में एक साथ यह अभियान चलाया जाना था। इस अभियान के लिए निगम की ओर से आम जनता की सुविधा के लिए संबंधित जोन अधिकारियों के मोबाइल नंबर जारी हुए, पर कॉल आने के बाद भी न तो कॉलर के काल रिसीव हुए, न ही उनके शिकायत पर अमल हुआ। निगम आयुक्त के आदेश पर चलाया जाने वाला अभियान कुल मिलाकर हवा-हवाई बनकर रह गया।

### बैरनबाजार के पशुचिकित्सालय में 10 से 15 स्ट्रीट डॉग की प्रतिदिन सर्जरी

नगर निगम के पास बैरनबाजार स्थित पशु चिकित्सालय में स्ट्रीट डॉग की सर्जरी के लिए वर्तमान में केवल एक ही सेंटर है। वहां दो सरकारी वेटनरी डॉक्टर प्रतिदिन शहरभर से शिकायत के आधार पर पकड़ कर लाए गए 10 से 15 डॉग की सर्जरी कर रहे हैं। निगम के पास शहरभर के लिए केवल एक डॉग केचर गाड़ी है, जिसमें 4 चार सहायक, एक वाहन चालक की टीम कुत्तों की धरपकड़ कर सेंटर में लाने का काम करती है। सर्जरी के बाद तीन दिन इन कुत्तों की मानिटरिंग के बाद वापस उसे उसी जगह पर छोड़ा जाता है।

## खारुन में प्राकृतिक बहाव से पानी आना बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अब गंगरेल डेम से रोज 200 क्यूसेक पानी की आपूर्ति

शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से आने वाला पानी बंद हो गया है। पिछले 2 दिन से नगर निगम का जल विभाग शहरवासियों की प्यास बुझाने गंगरेल डेम से पानी खरीद रहा है। नगर निगम के 70 वार्डों में रहने वाले लोगों की पेयजल मांग के हिसाब से प्रतिदिन इस समय 200 क्यूसेक रॉ वाटर की खपत हो रही है। इसमें रायपुर विकास प्राधिकरण की कौशिल्या विहार सहित छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के सरोना, लभांडी सहित अन्य कालोनियों को भी निगम पेयजल की आपूर्ति कर रहा है। सिंचाई विभाग से पूर्व में हुए अनुबंध के अनुसार गंगरेल डेम में 3.1 टीएमसी रॉ वाटर साल भर की खपत के हिसाब से रायपुर शहर के लिए सुरक्षित रखा गया है।

## छत्तीसगढ़ शांति का टापू, यहां नफरत की राजनीति नहीं चलेगी

रायपुर। पिछड़ा वर्ग संगठन के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा है कि छत्तीसगढ़ शांति का टापू है, यहां नफरत की राजनीति नहीं चलेगी। छत्तीसगढ़ के लोग अन्य राज्य में भी कमाने-खाने के लिए गए हैं, वहां पर भी समृद्ध हो गए हैं जैसे ओडिशा के नुआपाड़ा, खरियार रोड, महाराष्ट्र के तुमसर रोड, भंडारा, दिल्ली के आरके पुरम, असम के दार्जिलिंग, केंद्र शासित राज्य जम्मू-कश्मीर जैसे कई अन्य राज्यों में निवासरत हैं, जहां उनकी रोजी-रोटी चल रही है, कई लोग उद्योगपति भी बन गए हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शांति का टापू है, लेकिन अपने स्वार्थ सिद्धि, अपनी राजनीति चमकाने के लिए राजनीतिक रोटी सेंकने वाले हम लोगों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। वे यह बताएं कि क्या छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ के बाहर के व्यक्ति अगर छत्तीसगढ़ में पूंजी निवेश नहीं करते, अपने उद्योग धंधे नहीं लगाते तो क्या छत्तीसगढ़ के बेरोजगार लोगों को रोजगार मिल सकता था? क्या कुछ ही लोग दाऊगिरी करते रहते और हम लोगों को गुलाम बनाकर रखे रहते? छत्तीसगढ़ की शांत फिजां को बिगाड़ने की कोशिश न करें।


## बिजनेस साइट

### उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल में निशुल्क डायबिटिक फुट जांच शिविर 14 को

रायपुर। विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल, भाठागांव रायपुर द्वारा 14 नवंबर को मधुमेह रोगियों के लिए विशेष निशुल्क डायबिटिक फुट जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य मधुमेह से पीड़ित लोगों में पैरों की देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाना और गंभीर जटिलताओं की रोकथाम करना है। अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मधुमेह के मरीजों में पैरों की संवेदना घट जाती है, जिससे छोटी चोटें भी खतरनाक संक्रमण में बदल सकती हैं। उन्होंने सलाह दी कि नियमित पैर जांच और उचित फुटवियर का उपयोग इस समस्या से बचाव के लिए आवश्यक है। अस्पताल की प्रबंध निदेशक नम्रता सिंह ने बताया कि 'खुशहाल जीवन' थीम के तहत इस शिविर में 10,000 रुपए तक की जांचें निशुल्क होंगी। इसके अलावा नवंबर माह में अस्पताल द्वारा अन्य जांच शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं - लीवर (13 व 27 नवम्बर), हृदय (15 व 26 नवम्बर) तथा मस्तिष्क जांच (22 नवम्बर)। शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा।





### आईएलएस हॉस्पिटलः तीन प्री-टर्म शिशुओं ने पाई जिंदगी की नई रोशनी

रायपुर। आईएलएस हॉस्पिटल, रायपुर में 32 सप्ताह की गर्भावस्था में एक मां ने तीन असमय जन्मे (प्री-टर्म) शिशुओं को जन्म देकर अद्भुत साहस की मिसाल पेश की। प्रत्येक बच्चे का वजन मात्र 1.3 से 1.5 किलोग्राम था। गर्भावस्था के दौरान पीपीआरओएम और ओलिगोहाइड्राम्निओस जैसी गंभीर जटिलताओं के चलते आपातकालीन सी-सेक्शन (एलएससीएस) किया गया। जन्म के तुरंत बाद तीनों शिशुओं को श्वसन कष्ट हुआ, जिनका इलाज एनआईसीयू टीम ने आधुनिक तकनीक के साथ किया। ट्रिपलेट ए हाइड्रोसेफेलस और क्लब-फुट जैसी कठिनाइयों से जूझते हुए भी जीवित रहा। ट्रिपलेट बी ने संक्रमण पर विजय पाई, जबकि ट्रिपलेट सी ने तेजी से सुधार दिखाया। 25 दिनों तक चली सतत निगरानी, फोटोथैरेपी, एंटीबायोटिक्स के बाद बच्चों को नई जिंदगी मिली। जब तीनों 2 किलोग्राम वजन के साथ स्वस्थ घर लौटे तो यह केवल इलाज नहीं बल्कि मां और चिकित्सा टीम की जीत है।





### मैट्स विश्वविद्यालय के छात्रों का पारले बिस्किट फैक्ट्री में औद्योगिक भ्रमण

रायपुर। मैट्स यूनिवर्सिटी के प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों ने हाल ही में पारले बिस्किट प्राइवेट लिमिटेड का औद्योगिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य छात्रों को उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण तथा आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कच्चे माल के चयन से लेकर अंतिम पैकेजिंग तक की पूरी प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और कंपनी के अधिकारियों से संवाद कर औद्योगिक ज्ञान प्राप्त किया। इस अनुभव ने छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान, विश्लेषणात्मक सोच तथा प्रबंधन कौशल को और सशक्त किया। भ्रमण का सफल समन्वयन प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो. केपी यादव, महानिदेशक प्रियेश पगारिया एवं कुलसचिव गोकुलनंद पंडा ने विभाग को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि ऐसे औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।





### ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी में एकल नृत्य प्रतियोगिता सम्पन्न

रायपुर। ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी में हाल ही में अंतर्सदन एवं कक्षावार एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। निर्णायक मंडल में सोना कुलकर्णी एवं सोमा रॉय चौधरी उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता तीन वर्गों सब जूनियर, जूनियर और सीनियर में विभाजित थी, जिसमें कुल 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। नन्हे विद्यार्थियों से लेकर वरिष्ठ वर्ग तक के प्रतिभागियों ने शास्त्रीय, लोक एवं आधुनिक नृत्य शैलियों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिनसे दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। विद्यालय की प्राचार्या प्रतिमा राजगोर ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नृत्य केवल कला नहीं, यह अनुशासन और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने निर्णायिकाओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन सजला सरकार एवं काश्वी मारवाह ने किया।





### एमएसएमई ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का सफल आयोजन

रायपुर। बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा रायपुर में एमएसएमई ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक के कार्यपालक निदेशक लाल सिंह थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बैंक का एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने और वित्तीय उत्पादों की पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र देश की आर्थिक रीढ़ है, जो 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभा रहा है। इस अवसर पर रायपुर अंचल के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख दिवाकर पी. सिंह ने बताया कि बैंक अब तक 10,000 से अधिक आउटरीच कार्यक्रम आयोजित कर चुका है। कार्यक्रम में एमएसएमई ग्राहकों, उद्यमियों एवं बैंक अधिकारियों की उपस्थिति रही। इस दौरान 750 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए गए तथा विभिन्न एमएसएमई उत्पादों और कोलेटरल फ्री ऋण योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।





### राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर आईएसबीएम विश्वविद्यालय में प्रेरणादायी कार्यक्रम

रायपुर। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर आईएसबीएम विश्वविद्यालय, रायपुर में ज्ञान और प्रेरणा से भरपूर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके बाद स्वागत भाषण द्वारा अतिथियों, छात्रों और संकाय सदस्यों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आनंद महलवार ने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को उद्देश्यपूर्ण बनाने की प्रक्रिया है। उन्होंने पूर्व शिक्षामंत्री डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सच्ची शिक्षा हमें सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा देती है। विकास सिंह गौतम ने शिक्षा के महत्व और दृढ़ संकल्प की शक्ति पर अपने विचार साझा किए, वहीं डॉ. रीता देवानजी ने आत्म-विकास और सामाजिक परिवर्तन में शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में कुलाधिपति विनय अग्रवाल एवं रजिस्ट्रार बीपी भोल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा में मूल्य, ज्ञान और मानवता को अपनाने का संदेश दिया।




# ब्रिज के नीचे दुकान, गुमटी नहीं प्ले जोन का चल रहा कंसेप्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नगरनिगम पंडरी, तेलीबांधा के बाद अब तेलघानी नाका ब्रिज के नीचे तैयार कर रहा प्ले जोन

शहर में अब ओवरब्रिज के नीचे खेलों का आनंद ले सकते हैं। नगर निगम ने पंडरी, तेलीबांधा, देवेंद्र नगर ब्रिज के बाद अब तेलघानी नाका ब्रिज के नीचे स्पोटर्स कल्चर को बढ़ावा देने प्ले जोन तैयार कर रहा है। यहां पर खिलाड़ियों के साथ ही आम जनता भी फुरसत के समय ब्रिज के नीचे बन रहे स्पोटर्स बाक्स का उपयोग निःशुल्क कर सकेगी। ब्रिज के नीचे अवैध कब्जे रोकने निगम प्रशासन ने यह अनूठी पहल की है।

मेट्रो सिटी की तर्ज पर राजधानी के ओवरब्रिज के नीचे अवैध कब्जा हटाने और असमाजिक तत्वों का जमावड़ा रोकने महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर प्ले जोन कंसेप्ट पर काम किया जा रहा है। यानी ओवरब्रिज के ऊपर शहर दौड़ेगा, नीचे लोग मनोरंजक गेम्स खेल सकते हैं। यहां लोगों के उठने-बैठने की जगह, योगा सेंटर, मल्टी यूटिलिटी प्लान पर भी काम होगा। नगर निगम जोन 7 क्षेत्र स्थित तेलघानी नाका ब्रिज के नीचे वाली जगह को साफ-सुथरा सुंदर रंगरोगन कर खेल हब का रूप दिया जा रहा है। मेट्रो सिटी की तर्ज पर ब्रिज के नीचे सुविधाओं का विकास होगा। इस कड़ी में पूर्व में पंडरी, देवेंद्र नगर और तेलीबांधा में ब्रिज के नीचे प्ले जोन विकसित किया जा चुका है। इसका उपयोग वहां के युवा और खिलाड़ी कर रहे हैं।



### फेसवाइज अलग अलग जोन में काम

राजधानी में अलग-अलग फ्लाई ओवर के नीचे स्पोर्ट्स हब से लेकर काम किया जा रहा है। फेजवाइज अलग-अलग जोन में काम शुरू किया गया है। तेलघानी नाका ओवर ब्रिज के नीचे प्ले हब के लिए काम शुरू किया गया है।

*- विश्वदीप, आयुक्त, नगर निगम रायपुर*

## पेज 11 के शेष ...

### एयरपोर्ट की सुरक्षा चौकस, डॉग...

देशभर में सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इसके तहत रायपुर एयरपोर्ट में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मंगलवार को एयरपोर्ट की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली सीआईएसएफ की टीम ने अपने डॉग स्कवॉड के साथ टर्मिनल भवन और आसपास के क्षेत्र की कड़ाई से जांच की। इस दौरान वहां के कर्मचारियों को इस बात की समझाइश दी कि किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी संबंधित सुरक्षा बल अथवा पुलिस को दी जाए। सुरक्षा बलों की अतिरिक्त सक्रियता के अलावा वहां आने वाले यात्रियों के लगेज की जांच भी कड़ाई के साथ की जा रही है। चेक-इन करने वाले यात्रियों को दो बार की कड़ी जांच प्रक्रिया के बाद फ्लाइट में सवार होने का मौका दिया जा रहा है। बुक कराए जाने वाले लगेज की भी कड़ी निगरानी हो रही और विभिन्न चरणों में टेस्टिंग के बाद उसे कार्गो व्यवस्था के तहत फ्लाइट में चढ़ाया जा रहा है।

### ट्रेन से लेकर डस्टबिन तक ...

पोस्ट प्रभारी रायपुर कर्मपाल सिंह गुर्जर ने बताया कि हादसे के बाद स्टेशन में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष जांच व निगरानी रखी जा रही है। सोमवार देर रात से जांच चल रही है। प्रभारी ने बताया कि स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग जोन और प्लेटफॉर्म के हर हिस्से को स्नीफर डॉग की मदद से खंगाला गया। यात्रियों के लगेज, वेटिंग हाल, फूट ओवरब्रिज के नीचे, दुकानों के आसपास और डस्टबिन तक की बारीकी से जांच की गई। जांच के दौरान कोई विस्फोटक पदार्थ नहीं पाया गया है।

### रिटायर फूड इंस्पेक्टर संजय...

उस दिन वह घर पर अकेली थी। इसका फायदा उठाकर उसने शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ अनाचर किया। इस दौरान उसने उसका अश्लील फोटो-विडियो भी बना लिया था, जिसे सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देकर उससे लगातार ब्लैकमेलिंग करते हुए उसके साथ अनाचार करता रहा। इस बीच संजय ने उससे तीन लाख रुपए भी ले लिए। महिला ने शिकायत में यह भी बयान दिया है कि जब उसने शादी करने के लिए दबाव बनाया, तो उसने इससे इनकार करते हुए उसे जान से मारने की धमकी देने लगा था। इससे परेशान होकर उसने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### आधा दर्जन बदमाश हुए...

सक्षम न्यायालय की अनुमति के नहीं कर पाएंगे। इस आदेश का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। ***इन बदमाशों को किया जिलाबदर*** :जिलाबदर किए गए बदमाशों में लल्ला उर्फ टुमन सोनवानी 24 वर्ष निवासी सदर रोड नवापारा थाना गोबरानवापारा, संदीप जगने 23 वर्ष निवासी दुर्गा नगर न्यू राजेंद्र नगर रायपुर, पितेश्वर साहू 28 वर्ष निवासी चंगोराभाठा डीडीनगर, गिरधारी पटेल 32 वर्ष निवासी आजाद चौक थाना आरंग, नान्हू तांडी उर्फ अन्ना तांडी 47 वर्ष निवासी मोतीलाल नगर कोटा थाना सरस्वती नगर, खीरधर तांडी 26 वर्ष निवासी बीएसयूपी कॉलोनी सड्डू शामिल हैं। ***एक सप्ताह में 7 बदमाश किए गए जिलाबदर*** : सप्ताहभर में जिलाबदर की यह दूसरी कार्रवाई है। इससे पहले कलेक्टर ने 5 नवंबर को दीपक कालोनी राजेंद्रनगर निवासी जोगिंदर बाघ 19 वर्ष को तीन माह के लिए जिलाबदर किया है, वहीं दूसरी कार्रवाई में आधा दर्जन बदमाशों को जिलाबदर किया है। इस तरह सप्ताहभर में अब तक सात बदमाशों को जिलाबदर करने की कार्रवाई की गई है।

### कृमिनाशक एल्बेंडाजोल सहित...

इसमें हरियाणा बद्दी की कंपनी दो दवाओं और वड़ोदरा गुजरात की कंपनी इंजेक्शन की सप्लाई करती थी। इन दवाओं पर कार्रवाई सीजीएमएससी की जीरो टालरेंस नीति के तहत किया गया है। कंपनी दवाओं की सप्लाई दवा निगम के माध्यम से करती थी। इनके खिलाफ अलग-अलग समय में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों से शिकायत मिल रही थी। सीजीएमएससी ने इस आधार पर इन दवाओं और इंजेक्शन के उपयोग को होल्ड करवाया था। साथ ही अस्पतालों में मौजूदा स्टॉक को वापस मंगाया था। संबंधित आपूर्तिकर्ता अब ब्लैकलिस्टिंग अवधि समाप्त होने तक किसी भी नई निविदा में भाग लेने के लिए अयोग्य रहेंगे। कॉरपोरेशन द्वारा सभी कार्रवाई सीडीएससीओ, ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 एवं नियम 1945 के प्रावधानों के अनुसार की जाती है, ताकि केवल गुणवत्तायुक्त दवाएं ही मरीजों तक पहुंचें।

### काउंसिलिंग शेड्यूल खत्म...

जिन छात्रों ने शुरुआत में पंजीयन कराया था, लेकिन अब तक किसी भी महाविद्यालय में प्रवेश नहीं ले सके हैं, उन्हें भी पंजीयन कराना होगा। इसके अतिरिक्त जिन्होंने प्रथम व द्वितीय चरण की काउंसिलिंग में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन अब प्रवेश प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें भी निर्धारित शुल्क देकर पंजीयन कराना होगा। प्रदेश में बीएड की 14 हजार 700 तथा डीएलएड की 6 हजार 700 सीटें हैं। बीएड और डीएलएड के अतिरिक्त बीए-बीएड व बीएससी-बीएड की 200 सीटें हैं। बीए-बीएड और बीएससी-बीएड की 24 सीटें रिक्त रह गई हैं। इन 24 सीटों पर भी तीसरे चरण के माध्यम से प्रवेश लिए जा सकेंगे।

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय मुक्तिबोध नाट्य समारोह का आज से आगाज

**रायपुर।** राजधानी के गांधी मैदान स्थित रंग मंदिर में दो महिला निर्देशकों के नाटक के साथ पांच दिवसीय 12 से 16 नवंबर तक राष्ट्रीय मुक्तिबोध नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में देशभर के जाने माने साहित्यकार, रंगकर्मी अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरेंगे। इस उत्सव में कहानी और नाटकों का मंचन होगा। साथ ही कविता पाठ भी किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि पहले दिन बुधवार को शाम 7 बजे उषा प्रियंवदा की कहानी वापसी का मंचन होगा। इस कहानी की मंचीय प्रस्तुति रचना मिश्रा के निर्देशन में होगी। उषा प्रियम्वदा की कहानी 'वापसी' की कथावस्तु गजाधर बाबू के चरित्र के इर्द-गिर्द घूमती है, जो 35 साल की नौकरी के बाद अपने परिवार के पास लौटने पर उपेक्षा का शिकार होते हैं। यह कहानी संयुक्त परिवार के विघटन, दो पीढ़ियों के बीच अंतर और आधुनिक मूल्यों के विघटन की विडंबना को दर्शाती है, जहां पिता परिवार के लिए सिर्फ एक धनोपार्जन का साधन बनकर रह जाता है और उसे अपने ही घर में परायापन महसूस होता है। इसके बाद शाम 7 बजकर 45 मिनट से दिनेश ठाकुर की कहानी आपस की बात का मंचन होगा, इसका निर्देशन प्रीता माथुर ठाकुर ने किया है।

### विधि विवि में पीएचडी के लिए आवेदन 30 तक

**रायपुर।** हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में पीएचडी कार्यक्रम 2025–26 में प्रवेश के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। विश्वविद्यालय द्वारा दो शोध धाराओं में प्रवेश प्रदान किया जाएगा- पीएचडी इन लॉ तथा पीएचडी इन लॉ एंड इंटर-डिसिप्लिनरी स्टडीज। प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत ऑल-इंडिया लिखित परीक्षा के बाद शोध प्रस्ताव की प्रस्तुति शामिल है। यूजीसी-नेट या एसएलईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा से मुक्त रखा गया है। आवेदन भरने की अंतिम तिथि 30 नवंबर है। पात्र अभ्यर्थियों की अधिसूचना 3 दिसंबर को जारी की जाएगा। ऑल-इंडिया लिखित परीक्षा एचएनएलयू परिसर में 21 दिसंबर को आयोजित होगी। विवि की वेबसाइट पर विस्तृत जानकारी अपलोड कर दी गई है।

### प्राचार्य पद के लिए काउंसिलिंग 17 से

रायपुर। ई संवर्ग के प्रधान पाठकों और व्याख्याताओं की प्राचार्य पद पर पदोन्नति के लिए काउंसिलिंग 17 नवंबर से प्रारंभ होगी। प्राचार्य पद पर पदोन्नत होने वाले प्रधान पाठकों और व्याख्याताओं की सूची 30 अप्रैल को जारी कर दी गई थी, लेकिन न्यायालयीन में इसे चुनौती दिए जाने के कारण प्रक्रिया रोक दी गई थी। अब फैसला आने के बाद लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# यात्री सुरक्षा के लिए ट्रेनों के कोच अटेंडेंट और सफाई कर्मियों का पुलिस वेरिफिकेशन अब जरूरी, बोर्ड ने सभी जोनल रेलवे को दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेनों में संविदा पर कोच अटेंडेंट, बेड रोल वितरक और सफाई का काम करने वाले ऑन बोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस (ओबीएचएस) कर्मियों को अब पुलिस वेरिफिकेशन के बगैर काम करने की अनुमति नहीं मिलेगी। यात्रियों को सफर के दौरान सुविधाओं के साथ सुरक्षा प्रदान करने के लिए इसे अनिवार्य कर दिया है। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक इन्वायरमेंट एंड हाउसकीपिंग मैनेजमेंट सतीश सिंह ने सभी जोनल रेलवे को इससे जुड़ा आदेश जारी कर दिया है। हाल में एक ट्रेन में हुई घटना को देखते हुए यह सुनिश्चित करना और भी जरूरी हो गया है कि सभी आन-बोर्ड संविदा कर्मचारियों का व्यापक पुलिस सत्यापन पूरा हो और उसे तुरंत सीएमएम पोर्टल पर अपडेट किया जाए।

**सभी आन-बोर्ड संविदा कर्मचारियों का व्यापक पुलिस सत्यापन करने सभी जोनल को आदेश**

### पुलिस वेरिफिकेशन के साथ होगी कड़ी निगरानी

यात्रियों को निरंतर आन-बोर्ड सेवाएं प्रदान करने के लिए भारतीय रेल, सेवाओं के सुरक्षित और प्रभावी वितरण के लिए पेशेवर एजेंसियों की सेवाएं लेता है। इसी उद्देश्य से एसी कोच अटेंडेंट, ओबीएचएस कर्मचारी जैसे संविदा कर्मचारी ट्रेनों में यात्रा करते हैं। यात्रियों को सेवाएं प्रदान करने के लिए ऐसे संविदा कर्मचारियों की उचित पृष्ठभूमि की जांच और पुलिस सत्यापन अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन सुनिश्चित करने और उनकी कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए सीएमएम पोर्टल पर उनका डाटा अपलोड करने के निर्देश समय-समय पर जारी किए गए हैं।



### 20 नवंबर तक रिपोर्ट करेंगे प्रस्तुत

रेलवे ने क्षेत्रीय रेलवे को स्थिति की जांच करने, लंबित मामलों की पहचान करने और सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन सुनिश्चित करने के लिए सत्यापन प्रक्रिया में तेजी लाने का भी निर्देश दिया है। बोर्ड से जारी पत्र में कहा गया है कि ओबीएचएस, लिनेन और कोच अटेंडेंट जैसे सभी आनबोर्ड कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन कार्य पूरा करें और सीएमएम पोर्टल पर डेटा अपडेट सुनिश्चित करें। अनुपालन रिपोर्ट 20 नवंबर तक संबंधित कार्यालय में सकारात्मक रूप से प्रस्तुत की जाए।

# डेढ़ साल से जांच रिपोर्ट तैयार, सुधारी नहीं जा सकी सभी गड़बड़ियां, इसलिए संशोधित मास्टर प्लान भी लागू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

राजधानीवासी पिछले डेढ़ साल से संशोधित मास्टर प्लान 2031 के लागू होने का इंतजार कर रहे हैं। शासन के निर्देश पर कमेटी के माध्यम से कराई गई जांच में डेढ़ सौ से अधिक गड़बड़ियां पाई गई थीं, जिनमें लगभग 100 बड़ी गड़बड़ियां भी शामिल हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर इन गड़बड़ियों को ठीक कर संशोधित मास्टर प्लान लागू किया जाना था, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं किया जा सका है। इधर दूसरी ओर जांच रिपोर्ट में पाई गई गड़बड़ियों में कितनों का निराकरण किया है, इसका खुलासा अब तक नहीं किया गया है। इस मामले में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रायपुर के अधिकारी का कहना है कि जांच कमेटी की रिपोर्ट पर शासन स्तर पर मंथन हो चुका है, इसलिए अब जो भी होना है शासन स्तर पर होगा।

### मास्टर प्लान 2031 वर्ष 2023 में हुआ लागू

तत्कालीन कांग्रेस शासन के कार्यकाल में वर्ष 2023 में मास्टर प्लान 2031 को लागू किया गया। लागू करने से पहले मास्टर प्लान से प्रभावित लोगों से दावा-आपत्तियां मंगाई गई थीं। इसके तहत 1432 दावा-आपत्तियां की गई थीं। नियम के तहत इन दावा-आपत्तियों की जांच के बाद सुनवाई कर उनका निराकरण किया जाना था, लेकिन इन आपत्तियां की न ही जांच कराई गई, बल्कि सुनवाई में भी खानापूर्ति की गई। सुनवाई में दावा-आपत्तियों को बुलाया गया था, लेकिन उनकी बातें सुने बगैर आश्वासन देकर लौटा दिया था।



### जांच रिपोर्ट पर मंथन हो चुका

जांच रिपोर्ट पर मंथन हो चुका है। कई गड़बड़ियां सुधारी भी गई हैं, लेकिन संशोधित मास्टर प्लान कब लागू होगा, इसकी जानकारी शासन स्तर पर ही मिल पाएगी।

- **विनीत नायर**, संयुक्त संचालक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रायपुर

### कमेटी ने 6 बिंदुओं पर की जांच

इधर विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद मास्टर प्लान तैयार करने में की गई गड़बड़ियों की शिकायतें वित्त मंत्री ओपी चौधरी तक पहुंची थीं, जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने एक कमेटी के माध्यम से 6 बिंदुओं पर इन गड़बड़ियों की जांच कराई। इस जांच में 150 से अधिक छोटी-बड़ी गड़बड़ियां सही पाईं, जिसका निराकरण किया जाना है।

### इस तरह की कई बड़ी गड़बड़ी पाई गई

जांच रिपोर्ट में 2031 के लिए बनाए गए मास्टर प्लान में 28 से ज्यादा सड़कों की चौड़ाई कम कर दी गई है। इन सड़कों का चौड़ीकरण करने की योजना वर्ष 2011 में दस वर्ष के बाद जनसंख्या की आबादी का आकलन करते हुए मास्टर प्लान 2021 में शामिल किया गया था, लेकिन इसमें गड़बड़ी करते हुए सड़कों की चौड़ाई ही घटा दी गई है। इसी प्रकार नए मास्टर प्लान के नक्शे से करीब 12 तालाब गायब कर दिए गए हैं। इनमें शासकीय और निजी दोनों तालाब शामिल हैं। इन तालाबों की जगह कहीं बस्ती, तो कहीं आवासीय इलाका दर्शा दिया है। इसके अलावा रसूखदारों को फायदा पहुंचाने के लिए कई क्षेत्रों के लैंड यूज तक बदल दिए गए हैं।

# कम नहीं हो रहा डॉग बाइट जिले में रोजाना औसतन 30 लोग पहुंच रहे अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मौसम भले ही बदल रहा, मगर जिले में डॉग बाइट का शिकार होकर अस्पताल पहुंचने वाली की संख्या में कमी नहीं आई है। शहरी एवं ग्रामीण मिलाकर रायपुर जिले में रोजाना करीब 30 लोगों को कुत्ते काट रहे हैं। जख्मी होने के बाद उन्हें वैक्सीन लगवाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा जिला या आंबेडकर अस्पताल का चक्कर लगाना पड़ता है। कुत्ता काटने की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए इसकी सुविधा उप स्वास्थ्य केंद्रों तक दिए जाने की आवश्यकता है।

- वैक्सीनेशन की सुविधा की उप स्वास्थ्य केंद्रों तक उपलब्धता जरूरी

सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश पर डॉग बाइट की घटनाओं में कमी लाने सुरक्षा और नियंत्रण के उपाय किए जाने की आवश्यकता है। इनमें डॉग बाइट का शिकार होने वालों को तत्काल और समीप के स्वास्थ्य केंद्रों में वैक्सीन लगाने की सुविधा देना भी शामिल है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की माने तो अभी भी रोजाना तीस से ज्यादा लोगों कुत्ता काटने की शिकायत लेकर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाने शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंच रहे हैं। इनमें ज्यादा यानी 10 से 15 केस आंबेडकर अस्पताल से संबंधित हैं।

### हो चुकी हैं कई घटनाएं

डॉग बाइट की गंभीर घटनाएं शहर के साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी काफी हो चुकी हैं। पिछले दिनों मठपुरैना इलाके में एक बच्चे को कुत्ते ने काटा था। इसके पूर्व बिरगांव इलाके में आवारा कुत्ते ने एक बच्ची को ऐसा नोचा था कि उसकी कोपड़ा का बड़ा हिस्सा बाहर आ गया था। इसके पूर्व मोवा इलाके में पिता के साथ बाजार जा रहे दो भाइयों पर आवारा कुत्तों ने हमला किया था। आंकड़ों की मानें, तो बीते 10 महीने में केवल रायपुर जिले में छोटी-बड़ी डॉग बाइट की घटनाएं 12 हजार के करीब पहुंच चुकी हैं।

# 475 करोड़ रुपए राजस्व वसूली का टारगेट, अब तक 94 करोड़ वसूल, 5 माह में 385 करोड़ वसूलना बड़ी चुनौती

**पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 175 करोड़ रुपए ज्यादा का लक्ष्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने राजस्व अमले को 475 करोड़ रुपए राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया है, लेकिन अभी तक 94 करोड़ की राजस्व वसूली ही हो पाई है। अब 5 महीने में 385 करोड़ रुपए राजस्व वसूलना नगर निगम के लिए बड़ी चुनौती है। राजस्व वसूली का यह टारगेट पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 175 करोड़ रुपए ज्यादा है। आयुक्त ने सभी दस जोन कमिश्नरी के अधिकारियों को नवंबर में प्रतिदिन कम से कम 1 करोड़ 70 लाख रुपए टैक्स वसूली करने निर्देश दिए हैं। इनमें कमर्शियल इलाके वाले बड़े जोन को 20 लाख रुपए और छोटे तथा आउटर के जोन को 15-15 लाख रुपए टैक्स वसूलने का जिम्मा दिया गया है। इस कार्य में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। नगर निगम का राजस्व अमला इस बार राजस्व वसूली के मामले में पिछड़ गया है। इस कमी को पूरा करने अब इस माह हर दिन प्रत्येक जोन को कम से कम 1 करोड़ 70 लाख रुपए की वसूली करनी होगी। इसके लिए राजस्व अमले ने तैयारी शुरू कर दी है। आगामी पांच महीने में दस जोन कमिश्नरी को 385 करोड़ रुपए का बकाया राजस्व वसूलने की चुनौती सामने है।

- दस जोन कमिश्नरी को प्रतिदिन 1 करोड़ 70 लाख रुपए राजस्व वसूली का मिला लक्ष्य



### ओपन प्लॉट से टैक्स वसूली पर करेंगे फोकस

शहर में चिन्हांकित किए गए खाली भूखंडों से नियम अनुसार टैक्स वसूली कैंपेन पर फिर से फोकस करेंगे। इसके लिए जल्द अभियान चलाया जाएगा।

- **विश्वदीप, आयुक्त,** नगर निगम रायपुर

### ओपन प्लॉट से 50 करोड़ वसूली का अभियान फिस्स

नगर निगम के राजस्व अमले ने जून माह में शहर के ओपन प्लॉट होल्डरों से टैक्स वसूली के लिए बड़ी तैयारी के साथ विशेष टीम गठित की। ताकि आय के नए स्त्रोत बढ़ाने जोर दिया जा सके। प्लानिंग ये रही कि नगर निगम खाली भूखंडों में टैक्स की गणना रजिस्ट्री तारीख से न करके जमीन के डायवर्सन की तिथि से करेगा, चूंकि मूल्य वृद्धि डायवर्सन के बाद होती है। इसके लिए निगम की टीम ने सर्वे भी किया। इस दौरान निगम सीमा के भीतर कृषि भूमि पर मकान, गोडाउन या व्यवसायिक वाहनों की पार्किंग जहां पाई गई उसे टैक्स के दायरे में माना गया। केवल वहीं भूमि टैक्स से मुक्त रही जहां वास्तविक रूप से फसल उत्पादन हो रहा है। सर्वे में 36 हजार ओपन प्लॉट चिंहाकित किए गए। जिनके भूस्वामी से नगर निगम को खाली भूखंड के एवज में 50 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व मिलना है। महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप मौजूदगी में हुए राजस्व अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में यह निर्णय लिया गया। इसके लिए एक विशेष टीम का गठन भी किया गया। तत्कालीन उपायुक्त राजस्व की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय समिति का गठन कर समिति को नगर निगम के दस जोन स्थित खुले भूखंड का सर्वे कर संबंधित प्लॉट होल्डर से टैक्स वसूली का जिम्मा दिया गया। निगम का यह विशेष अभियान केवल 1 माह तक चला, इस बीच विभागीय अधिकारी के कार्य में फेरबदल के बाद से यह अभियान ठप पड़ गया है।

# इंद्रप्रस्थ रायपुरा की सफाई व्यवस्था बदहाल पानी की समस्या से परेशानी, लिफ्ट भी खराब

**आरडीए के अध्यक्ष नंदकुमार साहू को रहवासियों ने सौंपा ज्ञापन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित इंद्रप्रस्थ रायपुरा फेज-1 और फेज-2 के रहवासी सफाई, पानी और लिफ्ट के आए दिन खराब रहने की समस्या को लेकर प्राधिकरण के अध्यक्ष नंदकुमार साहू से मिले। संत रविदास वार्ड के पार्षद अर्जुन यादव के नेतृत्व में रहवासियों ने 10 सूत्रीय मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

इंद्रप्रस्थ रायपुरा फेज-1 और फेज-2 के रहवासी इन दिनों सफाई को लेकर परेशान हैं। कूड़ा उठाने नियमित रूप से सफाई कर्मचारी नहीं आने और त्योहारी सीजन में परिसर की सफाई व्यवस्था ठप रहने की शिकायत लोगों ने की है। यही नहीं, फेज-2 में 2 लिफ्ट खराब होने से लोगों को सीढ़ियों से चढ़कर आना-जाना पड़ रहा है। भुक्तभोगियों ने वार्ड पार्षद अर्जुन यादव के साथन्यू राजेंद्र नगर स्थित प्राधिकरण कार्यालय में अध्यक्ष नंदे साहू को अपनी परेशानी बताई। उनका कहना है कि प्राधिकरण ने लोगों को अलग-अलग ब्लॉक में आने-जाने के लिए लिफ्ट की सुविधा दी है, पर मेंटेनेंस प्रॉपर नहीं होने से आए दिन लिफ्ट बंद रहती है। लोगों का ये भी कहना है कि वे हर महीने आरडीए को 350 रुपए मेंटेनेंस शुल्क जमा करते हैं। इसके बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### फेस-2 एलआईजी में 5 ब्लॉक 944 फ्लैट

ज्ञापन सौंपने पहुंचे रहवासियों ने बताया कि बड़ी कॉलोनी होने के बावजूद एलआईजी के लिए सिर्फ 2 महिला सफाई कर्मचारी हैं, जो एक दिन में एक ब्लॉक की सफाई कर रही हैं। जबकि एलआईजी के 5 ब्लॉक हैं। इस हिसाब से सप्ताह में एक बार ही एक ब्लॉक की सफाई हो पा रही है। अन्य ब्लॉक में सफाई प्रभावित रहती है। साथ ही कचरे का संग्रहण मेन गेट पर किया जाता है, जिसका निस्तारण प्रतिदिन नहीं होने से पूरी कॉलोनी में बदबू फैलती रहती है। सार्वजनिक स्थानों जैसे सीढ़ियों, पार्किंग एरिया, छतों की सफाई, मेन गेट के बाहर के एरिया की सफाई किसके अंतर्गत की जाएगी, यह लोगों को अब तक पता नहीं है। लोगों ने कॉलोनी के सभी ब्लॉक में रंगरोगन कराने की मांग प्राधिकरण अध्यक्ष से की है।

**राजधानी के मुख्य मार्गों और स्थलों के पास कराया गया निर्माण**

# राहगीरों को सुविधा देने 2.60 करोड़ में बनवाए ई-टॉयलेट, सेंटर, गेट और बॉडी भी कबाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में राहगीरों और आसपास व्यावसाय करने वाले लोगों की सुविधा के लिए बनवाया गया ई-टॉयलेट किसी काम का नहीं है। गेट खोलने और बंद करने के लिए लगवाया गया सेंसर सिस्टम ही नहीं ई-टॉयलेट का गेट भी गायब है। स्मार्ट सिटी जैसी सुविधा देने के लिए 2019 में 2.60 करोड़ की लागत बनवाया गया ई-टॉयलेट सालभर से सफेद हाथी साबित हो रहा है। इसकी सुध अब निगम के जिम्मेदार भी नहीं ले रहे हैं। इससे लोगों को मिलने वाली सुविधा के नाम पर कवाड़ में तब्दील होते डिब्बे ही बचे हैं। राजधानी में दूर-दराज से आने वाले लोगों और राहगीरों की सुविधा के लिए अलग-अलग 6 रूट पर 32 यूनिट ई -टॉयलेट बनाने के लिए जिस कंपनी को काम दिया गया था, उसने निर्माण के बाद टेंडर शर्तों का पालन करते हुए 3 साल मेंटेनेंस किया। इसके बाद सभी ई-टॉयलेट को संबंधित जोन सीमा से जोड़ते हुए हैंडओवर कर दिया। इसके बाद से इनके मेंटेनेंस और संचालन के लिए जिम्मेदारों ने कोई व्यवस्था नहीं बनाई। पड़ताल में पाया गया कि कोई भी ई-टॉयलेट यूनिट उपयोग के लायक नहीं बचा है। इस सुविधा का उपयोग करने के लिए तय 1, 2 का सिक्का डालने के लिए गेट के पास लगा सेंसर भी गायब है। आमापारा के पास दुकान लगाने वाले सूरज ने बताया कि चौक क्षेत्र में सैकड़ों लोग फुटपाथ पर रोजी-रोटी कमाने के लिए दुकान सजाते हैं। इसे देखते हुए बनवाया गया ई-टॉयलेट सुविधा के नाम पर समस्या बन चुका है।



### इन प्रमुख स्थानों और मार्गों पर ई-टॉयलेट

निगम सीमा में जीई रोड स्थित सरस्वती नगर थाने की बाउंड्री के पास लगाए गए यूनिट की सुविधा लंबे समय से नहीं मिल रही है। एम्स गेट नं.02 गुरुद्वारा के पास करवाया गया निर्माण भी अनुपयोगी हो गया है। आरडीए तिवारी स्कूल के पास ई-टॉयलेट बूथ की ग्रीन लाइट भी नहीं सेंसर सिस्टम ही खराब है। कटोरातालाब के पास बनवाया गया यूनिट तो पूरी तरह से कबाड़ हो गया है।

### जांच करवाने के बाद लिया जाएगा निर्णय

जितने भी स्थानों पर ई-टॉयलेट का निर्माण करवाया गया है, उनकी वर्तमान स्थिति की जांच करवाने के बाद मामले में निर्णय लिया जाएगा। उपयोगी बनाने के लिए मेंटेनेंस की स्थिति होने पर शासन से फंड के लिए प्रक्रिया की जाएगी।

- मीनल चौबे, महापौर, नगर निगम, रायपुर





हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 12 नवंबर 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

शादियों को यादगार बनाने महंगे रॉक ....

## एजूकेशन अलर्ट

### आबकारी आरक्षक के रिजल्ट में अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन और शारीरिक मापदण्ड के लिए सूची जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा आबकारी आरक्षक की 27 जुलाई 2025 को आयोजित सीधी भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परिणाम के आधार पर वरीयता क्रम अनुसार पात्र अभ्यर्थियों की दस्तावेज सत्यापन एवं शारीरिक मापदण्ड परीक्षण हेतु सूची आबकारी विभाग की वेबसाइट excise.cg.nic.in पर अपलोड की गई है। सभी संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक मूल अभिलेखों सहित सत्यापन हेतु उपस्थित हों। आवश्यक दस्तावेजों में व्यापम परीक्षा का प्रवेश पत्र, परिणाम की प्रति, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की अंकसूची, मूल निवास एवं स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र तथा आरक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग का शपथ पत्र, ओबीसी अभ्यर्थियों का आय प्रमाण पत्र, भूतपूर्व सैनिक सेवा प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), उपरोक्त दस्तावेज के प्रमाणीकरण के संबंध में शपथ पत्र, नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, मूल दस्तावेज की 2 छायाप्रति स्व प्रमाणित तथा यदि शासकीय सेवक हों तो अनापत्ति प्रमाण पत्र शामिल हैं।

#### 1 दिसंबर तक दस्तावेज सत्यापन कराना अनिवार्य

अभ्यर्थियों को 24 नवम्बर से 1 दिसम्बर 2025 तक संलग्न सूची में अंकित तिथि अनुसार प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे के मध्य स्वयं उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन कराना अनिवार्य है। यह प्रक्रिया कार्यालय आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, वाणिज्यिक कर (GST) भवन, नवा रायपुर अटल नगर के प्रथम तल स्थित सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। आबकारी विभाग ने सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर आवश्यक दस्तावेजों की मूल एवं स्व-प्रमाणित प्रतियों के साथ उपस्थित होकर प्रक्रिया पूर्ण करें।

● एम.राजीव ने अभाव को ताकत बनाया, पास की एसएससी परीक्षा, वर्तमान में जीएसटी अधीक्षक, 24 साल से तराश रहे प्रतिभा

# फ्री कोचिंग : प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी से छग के 530 युवाओं को मिली सरकारी नौकरी

*'1994 में एसएससी परीक्षा पास करने के बाद सेंट्रल एक्साइज इंस्पेक्टर के रूप में पहली ज्वॉनिंग पर एम. राजीव रायपुर आए। जब राज्य बना, तब तक सभी सरकारी विभागों में छत्तीसगढ़ के युवा सेवा में बहुत कम नजर आए। इसे देखते हुए फ्री कोचिंग देनी 2001 में शुरू की। सरकारी आवास के बरामदे में ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने लगे। अभी तक इनके पास से एसएससी, व्यापम, रेलवे, बैंकिंग और पीएससी की तैयारी करने वाले 530 युवा सरकार के विभिन्न विभागों में न केवल सेवा दे रहे हैं, बल्कि जो युवा संस्था से पढ़कर निकले और मुकाम हासिल किया, वे उसमें पढ़ने वाले युवाओं को फ्री कोचिंग दिलवाने के लिए सहयोग भी करते हैं।'*

**रायपुर।** लगातार 24 सालों से शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के साथ युवाओं का कॅरियर संवारने वाले एम.राजीव ने बताया कि घर में जब पढ़ाना शुरू किया तो परिवार के लोग ही आपत्ति जताने लगे। मेरे संकल्प को देखते हुए घर में पढ़ाने के लिए बाद में जगह तय कर दिया। 2001 से 2005 तक बरामदे में ही आने वाले युवाओं की तैयारी करवाता रहा। जब परीक्षाओं में सफलता मिलने लगी तो युवा संस्था से जुड़ने लगे। कालीबाड़ी स्कूल प्रबंधन ने भी सहयोग करते हुए शाम को पढ़ाने के लिए क्लास रूम दिया। 2018 तक स्कूल प्रबंधन के सहयोग से परीक्षा की तैयारी करवाई। इसके बाद सिविल लाइन में किराए का भवन लेने के बाद प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करवा रहे हैं। करीब 200 युवा सुबह और शाम की क्लास का हिस्सा बनते हैं। जिन युवाओं ने संस्था से तैयारी करने के बाद सफलता प्राप्त की, उनकी सहभागिता से फ्री कोचिंग देने का सिलसिला अभी तक जारी है। उनका अनुभव भी युवाओं को मिलता है।




### सामाजिक सरोकार से भी जुड़ रहे युवा

पढ़ाई के साथ सोशल एक्टिविटी से जोड़ने के लिए सामाजिक सरोकार को भी प्रतियोगी परीक्षा का हिस्सा बनाया है। समय निकालकर पढ़ने वाले युवा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, शासन के जागरुकता अभियान में शामिल होते हैं। इससे परीक्षा पास करके अधिकारी बनने से पहले उन्हें लीड करने की भावना से जोड़ा जाता है। इससे वे एक तरह से पब्लिक के रूप में सिस्टम को जमीनी स्तर पर समझ लेते हैं। पीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में कुछ एक युवा डिप्टी कलेक्टर के रूप में सलेक्ट हुए, जबकि एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, व्यापम की परीक्षाओं में अधिकांश युवाओं ने पास किया और प्रदेश ही नहीं, दूसरे राज्यों में भी सरकारी विभागों में सेवा दे रहे है।



रमेश मेहता अभी मैनपुर में तहसीलदार के पद पर सेवा दे रहे हैं। पहले कोचिंग की फीस देने की स्थिति नहीं थी। दोस्तों के साथ ही संस्था से जुड़ा। व्यापम की परीक्षा 2005 में पास करने के लायक संस्था ने बनाया। हम लोग प्रयास करते हैं कि युवा संस्था से जुड़े और अधिकारियों के मार्गदर्शन में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें, सफलता मिलेगी।



रानू शुक्ला ने युवा संस्था से पढ़ाई की और अभी वह जगदलपुर में जिला सहकारी बैंक की शाखा प्रबंधक हैं। उनका मानना है कि जब मुझे कोचिंग की जरूरत थी, तब पहली सीढ़ी राजीव सर बने। उनके बताए अनुसार हम सिलेबस तैयार करके ग्रुप स्टडी से जुड़े। प्रतियोगी परीक्षा पहली बार में पास किया। यही प्रयास रहता है कि संस्था को बढ़ाएं।



देवलाल साहू ने बताया कि रायपुर में पढ़ाई के दौरान संस्था से दोस्तों के माध्यम से जुड़ाव हुआ। अभी सीनियर प्रबंधक के रूप में ओरियन्टल इंश्योरेंस नवा रायपुर में सेवा दे रहा हूं। साथ ही संस्था से मैंने जो कुछ प्राप्त किया है, अब उसे बड़ा स्वरूप देने और प्रदेश के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने में सहयोग भी देते हैं।

### अफसर बने युवा अधिकारियों ने साझा किया अनुभव



अखिलेश भागडकर अभी तिल्दा मुख्यालय में राजस्व विभाग में पदस्थ हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज के दोस्त की वजह से फ्री कोचिंग प्राप्त करने के बाद 2017 में व्यापम की परीक्षा पास करने के बाद पटवारी बना। अभी संस्था में पढ़ने वाले युवाओं का कॅरियर संवारने के लिए प्रयास कर रहे हैं, ताकि प्रदेश के युवाओं की सरकारी सेवा में भागीदारी बढ़ाई जा सके।



रुचि साहू अभी उत्तर प्रदेश सरकार के बिजली विभाग में लखनऊ में सेवा दे रही हैं। वे बताती है कि 2016 में अखबार का आर्टिकल पढ़ने के बाद युवा संस्था से जुड़ी। वहां एक साल कोचिंग के बाद मेरा सलेक्शन रेलवे और बिजली विभाग के लिए हुआ तो बिजली विभाग का चुना और पांच साल से सेवा दे रही हूं। कोचिंग संचालन में सहयोग भी करती हूं।



भुनेश्वर वर्मा वर्तमान में तिल्दा क्षेत्र में बतौर आरआई सेवा दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2003 में राजीव सर से मिला और उनके घर में ही पढ़ाई करना शुरू की। 2004 में संस्था के रूप में रजिस्ट्रेशन करवाया। हमें जो कुछ संस्था से मिला और सफलता हासिल की है, उसको आगे बढ़ाने और युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाने की पहल जारी है।



आरती यादव अभी चारामा में बतौर फूड इंस्पेक्टर सेवा दे रही हैं। वह बताती हैं कि पढ़ाई के लिए बड़ी बहन के साथ राजीव सर के पास गई। मुझे लास्ट बेंच के स्टूडेंट की सोच से बाहर निकाला और इस काबिल बनाया कि व्यापम की परीक्षा पास करने के बाद सरकारी सेवा दे रही हूं। सफल होने के बाद युवाओं को सफलता के मार्ग पर चलने प्रेरित भी करती हूं।



मनोज कुमार गुप्ता अभी दंतेवाड़ा नगर निगम में सहायक परियोजना अधिकारी हैं। पुरानी यादें साझा करते हुए बताते हैं कि तब भीड़ का हिस्सा था। संस्था ने इस काबिल बनाया कि एसएससी परीक्षा पास करने के बाद सूचना प्रसारण मंत्रालय रायपुर में ज्वॉइनिंग की। अभी नगर निगम की परियोजनाओं से जुड़ा हूं। प्रयास करते हैं कि ज्यादा से ज्यादा युवा आगे आएं।

## सिटी इवेंट

### फूड टेक्नोलॉजी कॉलेज के छात्रों ने किया इंडिया ग्रैंड मेक एक्सपो का अध्ययन



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कॉलेज ऑफ फूड टेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं ने 7-8 नवंबर को आयोजित 'इंडिया ग्रैंड मेक एक्सपो 2025 में भाग लेकर खाद्य प्रसंस्करण, धान प्रसंस्करण तकनीक और कृषि अपशिष्ट से जैव ईंधन उत्पादन की नवीनतम तकनीकों का अवलोकन किया। यह प्रदर्शनी श्री राम बिजनेस पार्क, विधानसभा रोड में आयोजित की गई थी, जिसमें देशभर से प्रतिष्ठित कंपनियों, तकनीकी संस्थानों और नवाचार स्टार्टअप्स ने भाग लिया। एक्सपो का मुख्य उद्देश्य किसानों, वैज्ञानिकों और विद्यार्थियों को कृषि आधारित उद्योगों की उन्नत तकनीकों से परिचित कराना तथा कृषि अपशिष्ट के उपयोग से स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन की संभावनाओं पर जागरूकता बढ़ाना था। प्रदर्शनी में पैडी प्रोसेसिंग टेक्नोलॉजी, फूड क्वालिटी कंट्रोल, मशीनरी ऑटोमेशन, एनर्जी एफिशिएंसी और बायोफ्यूल प्रोडक्शन फ्रॉम एग्री-वेस्ट जैसे विषयों पर विशेष प्रदर्शनियां लगाई गईं।

#### नई तकनीकों से जुड़े छात्र

कॉलेज के विद्यार्थियों ने आधुनिक मिलिंग यूनिट्स, पैडी क्लीनिंग और पॉलिशिंग मशीनें, ड्रायर सिस्टम, खाद्य अपशिष्ट प्रबंधन तकनीकें और बायोफ्यूल संयंत्रों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। विशेषज्ञों से संवाद के दौरान छात्रों ने इन तकनीकों की कार्यप्रणाली, लागत, ऊर्जा बचत और पर्यावरणीय लाभों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने तकनीकी कंपनियों के प्रतिनिधियों और स्टार्टअप संस्थापकों से मुलाकात कर कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नए रोजगार और उद्यमिता के अवसरों पर चर्चा की। कई विद्यार्थियों ने इस विजिट को अपने कॅरियर के लिए प्रेरणादायक बताया। पूरे भ्रमण के दौरान कॉलेज के संकाय सदस्यों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्रथम वर्ष से लेकर अंतिम वर्ष तक के छात्रों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए अनुशासित ढंग से कार्यक्रम को सफल बनाया। समापन पर विद्यार्थियों ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस अध्ययन भ्रमण से उन्हें कृषि एवं खाद्य उद्योग की व्यावहारिक समझ मिली और विशेष रूप से कृषि अपशिष्ट से जैव ईंधन निर्माण की तकनीक भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी और पर्यावरण-अनुकूल सिद्ध होगी।



## साक्षात्कार से पहले विशेषज्ञ युवाओं में जगा रहे आत्मविश्वास, निखार रहे व्यक्तित्व विकास

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन रायपुर द्वारा संचालित 'प्रोजेक्ट अनुभव' के अंतर्गत सीजीपीएससी मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को साक्षात्कार पूर्व प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं में आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास और प्रस्तुति कौशल को निखारना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम नेतृत्व साधना केंद्र पुराना योग भवन फुंडहर रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। यहां कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, जॉइंट कलेक्टर केएम अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञों के 2 पैनल अभ्यर्थियों के मॉक इंटरव्यू के माध्यम से उनका मूल्यांकन कर रहे हैं और उन्हें साक्षात्कार की तैयारी के लिए व्यावहारिक सुझाव दे रहे हैं।




### प्रतिदिन शाम 4.30 बजे से मॉक इंटरव्यू

कलेक्टर डॉ. सिंह के निर्देश पर अभ्यर्थियों के लिए 11 से 15 नवंबर तक प्रतिदिन शाम 4.30 बजे से मॉक इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार **https://forms.gle/9oTvtdJp8WGXw9jcA** लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।उल्लेखनीय है कि सीजीपीएससी द्वारा पहली बार आयोग में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए '**Faceless Interview**' प्रणाली लागू की गई है, जिसमें अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता और शौक के अतिरिक्त कोई अन्य व्यक्तिगत जानकारी पैनल को नहीं दी जाती।'प्रोजेक्ट अनुभव' के माध्यम से जिला प्रशासन रायपुर युवाओं को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता हेतु आवश्यक मार्गदर्शन और आत्मविश्वास प्रदान कर रहा है।

## शास्त्रीय नृत्य ने मोहा दर्शकों का मन प्रस्तुति में दिखी लोकरंग की झलक

**रायपुर।** ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी में अंतर्सदन एवं कक्षावार एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें पीपी-1 से कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में आयोजित किया गया। सब जूनियर वर्ग में 150, जूनियर में 51 और सीनियर वर्ग में 17 प्रतिभागियों ने अपनी नृत्यकला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मंच पर प्रस्तुत शास्त्रीय, लोक और आधुनिक नृत्य की विविध झलकियों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। विशेष रूप से नन्हे-मुन्ने छात्रों की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। निर्णायक मंडल में सोना कुलकर्णी और सोमा रॉय चौधरी उपस्थित रहीं, जिन्होंने छात्रों की प्रतिभा और अभिव्यक्ति की सराहना की। प्राचार्या प्रतिमा राजगोर ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए



कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन छात्रों में आत्मविश्वास और सृजनशीलता को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम का संचालन सजला सरकार और काश्वी मारवाह ने किया। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तथा निर्णायकों को सम्मानित किया गया। पूरा कार्यक्रम उत्साह, अनुशासन और भारतीय संस्कृति के रंगों से सराबोर रहा।

## कार्नर न्यूज

स्टॉल के जरिए छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति और हस्तशिल्प की विविधता को किया प्रदर्शित

# अमेरिका के भारतीय दूतावास में मनाया छग स्थापना दिवस का जश्न, पारंपरिक आभूषणों में दी लोकनृत्य की प्रस्तुति

**रायपुर।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय दूतावास ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और लोककला ने विदेश की भूमि पर अपनी विशेष छाप छोड़ी। इस कार्यक्रम में नार्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन के बे एरिया चैप्टर ने भूमिका निभाई। उन्होंने विशेष रूप से छत्तीसगढ़ राज्य को समर्पित एक आकर्षक स्टॉल लगाया, जिसमें राज्य के विशिष्ट उत्पादों, हस्तशिल्प, लोककला और पारंपरिक आभूषणों का सुंदर प्रदर्शन किया। इस स्टॉल के माध्यम से छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति और हस्तशिल्प की विविधता को प्रदर्शित किया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों ने अत्यंत सराहा।







### परंपराओं को वैश्विक मंच पर किया स्थापित

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नाचा बे एरिया चैप्टर के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि उनका यह प्रयास छत्तीसगढ़ की गौरवशाली परंपराओं को वैश्विक मंच पर स्थापित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी छत्तीसगढ़वासी राज्य के सांस्कृतिक राजदूत हैं, जो अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए छत्तीसगढ़ की अस्मिता, संस्कृति और मूल्यों को पूरी दुनिया में स्थापित कर रहे हैं।



### छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में लोकनृत्य की प्रस्तुति

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य का मनमोहक प्रदर्शन, जिसने वहां मौजूद भारतीय प्रवासी समुदाय और अन्य देशों के प्रतिनिधियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में प्रस्तुत यह लोकनृत्य न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि उसने छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की आत्मा को भी सजीव कर दिया। नाचा के सदस्यों ने बताया कि उनका उद्धेश्य छत्तीसगढ़ की संस्कृति, भाषा और लोक परंपरा को विश्व के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रवासी छत्तीसगढ़वासी अपने मूल राज्य की पहचान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इस आयोजन ने उन्हें अपनी जड़ों से भावनात्मक रूप से जोड़ने का एक सशक्त अवसर प्रदान किया।

**सिटी लाइव**

## ट्रिपल आईडी के नए पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह



**रायपुर।** इंटीरियर डिजाइनर लोकेश चंद्राकर ने इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इंटीरियर डिजाइनर्स के रायपुर सेंटर के 2025–2027 कार्यकाल के लिए चेयरपर्सन पद की शपथ ली। यह गरिमामय अवसर रविवार को राजधानी के एक निजी होटल में आयोजित द डिजाइन कॉन्टिनम इवेस्टिचर सेरेमनी के दौरान संपन्न हुआ। लोकेश चंद्राकर एक प्रतिष्ठित इंटीरियर डिजाइनर, अर्बन प्लानर और इंजीनियर हैं, जिन्होंने पिछले तीन दशकों में डिजाइन और प्लानिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। रचनात्मकता, तकनीकी दृष्टि और दूरदर्शिता के संगम के साथ उन्होंने मध्यभारत की डिजाइन बिरादरी में एक अमिट छाप छोड़ी है। अपने शपथ ग्रहण के अवसर पर लोकेश चंद्राकर ने बताया कि उनका विजन छत्तीसगढ़ में अधिक से अधिक आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिजाइनर्स और ट्रेड मेंबर्स को आईआईआईडी रायपुर सेंटर से जोड़ना है, ताकि यह सेंटर आगे चलकर एक सशक्त और सक्रिय “रायपुर चैप्टर” बन सके। उनका मानना है कि जैसे-जैसे सदस्यता बढ़ेगी, वैसे-वैसे रायपुर सेंटर की सामूहिक शक्ति, स्थानीय पहुंच और पेशेवर प्रभाव भी बढ़ेगा।

### नई कार्यकारिणी समिति के सदस्य

नई कार्यकारिणी में अमित पवार, हितेश ओसवाल, रुचि सेठ, आकाश लुनिया, स्वप्निल जग्गी, अमन अग्रवाल शामिल हैं। वहीं एडवाइजरी समिति सदस्यों में राजकुमार प्रजापति, नवीन शर्मा, शिल्पी सोनार प्रमुख रहे।

**इवेंट लाइव**

## अन्नकूट प्रसादी ग्रहण कर सामाजिक एकजुटता और संस्कारों का दिया संदेश



**रायपुर।** गौड़ ब्राह्मण समाज का दीपावली मिलन समारोह हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारा में आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। जिसमें संस्कृत में श्लोक, मंत्रो और भजनों को उपस्थित सभी लोगो ने खूब सराहा। अतिथियों ने बच्चों को शुरु से ही हनुमान चालिसा, सुंदर कांड की चौपाई और भजनों को सिखाने की बाते कही।इस अवसर पर समाज के संरक्षक आर पी शर्मा, रामेश्वर प्रसाद, अशोक पंचोली, श्याम सुंदर शर्मा, कैलाश शर्मा, अनुपम शर्मा उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत परशुराम के छायाचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजन-अर्चना और महाआरती के साथ किया गया।

### सामाजिक एकता पर दिया जोर

उन्होंने कहा कि आज ब्राह्मण समाज को अपने अस्तित्व की रक्षा और शोषण की लड़ाई के लिए एक होना जरुरी हैं। सामाजिक चुनौतियां का सामना करने के लिए ब्राह्मण समाज में एकता की आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि दीपावली मिलन समारोह में सभी अतिथियों और सामाजिक लोगो के अधिक संख्या में शामिल होने के लिए सभी का आभार प्रकट किया। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिवाली की बधाई दी साथ ही समाज को एकजुट रहने और समाज के लोगो को यथायोग्य सहायता करने की बातें कही।

**समाज इवेंट**

## अंतरजातीय विवाह से समाज पर पड़ रहा गहरा असर, देना होगा ध्यान



**रायपुर।** साहू संघ के तत्वावधान में रविवार को 34वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 350 विवाह योग्य युवक-युवतियों द्वारा अपना परिचय मंच के माध्यम से भी दिया गया। विवाह योग्य परिवार का चयन करने के लिए समाज की मांगलिक पत्रिका परिचायिका का विमोचन भी किया गया। जिसमें साहू समाज पंजीकृत 1001 विवाह योग्य युवक-युवतियों का नाम, फोटो एवं बायोडाटा प्रकाशित किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत सामाजिक ध्वजारोहण और साहू समाज की आराध्य देवी माता कर्मा की आरती कर शुरुआत की गई। इस अवसर पर लोगो ने धन का अपव्यय एवं दहेज प्रथा बंद कर आदर्श विवाह की भी बातें कही।

### पूर्व गृहमंत्री ने समाज की एकता बनाए रखने लोगों से की अपील

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की जो नियमावली का पहले बनाई गई थी, उस का पालन होता आया है लेकिन अब धीरे धीरे गिरावट आ रही है। सामाजिक चुनाव प्रकरण कोर्ट में गया। नियमावली में समय के अनुसार परिवर्तन जरूरी है। उन्होंने कहा कि अंतरजातीय विवाह प्रकरण बहुतायत हो रहे है। ये गंभीर चिंतन का विषय है इस पर समाज पर गहरा असर पड़ रहा है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ नारा में बेटा पढ़ाओं भी जोड़ना पड़ेगा।

**शहरों में हाईप्रोफाइल शादियों की पार्टी कल्चर का तेजी से हिस्सा बन रहा रॉक बैंड लाइव म्यूजिक कंसर्ट**

# शादियों को यादगार बनाने महंगे रॉक बैंड का तड़का, बॉलीवुड हिट्स और क्लासिक गानों के लाइव फ्यूजन पर जम रही मेहमानों की महफिल

सर्दियों की शादियों में रॉक बैंड का चलन बढ़ रहा है। लोग डीजे की जगह अब लाइव म्यूजिक और हाई-एनर्जी परफॉर्मेंस के लिए महंगे रॉक बैंड को हायर कर रहे हैं। शादी पार्टियों में रॉक बैंड को खासकर युवा पीढ़ी बहुत पसंद कर रही है। यह शादी के माहौल में जोश और ऊर्जा भर देता है, जो मेहमानों को रातभर नाचने और जश्न मनाने के लिए प्रेरित करता है।





**रायपुर।** शहर के सियाधेश म्यूजिक बैंड के संचालक आयुष नामदेव का कहना है कि शादी की रस्मों के बाद, कॉकटेल पार्टी या रिसेप्शन जैसे इवेंट्स में रॉक बैंड एक शानदार मनोरंजन विकल्प बना है। यह शादी के महफिल को ब्राइड्ल कपल्स व मेहमानों के लिए यादगार बना देता है। रॉक बैंड की बुकिंग या उनकी लोकप्रियता की बात करें तो इस विंटर वेडिंग सीजन में नवंबर-दिसंबर महीने में रॉक बैंड की एडवांस बुकिंग हो चुकी है। वहीं बात करें बजट की तो एक हाई-एनर्जी लाइव म्यूज़िक परफॉर्मेंस रॉक बैंड की न्यूनतम बजट 1-2 लाख रुपए तक चार्ज करते हैं। इसमें मेल-फिमेल सिंगर्स, एंकर, इंस्ट्रूमेंटल टीम शामिल होता है। आयुष ने बताया कि पिछले 5 सालों में राजधानी व प्रदेश के दूसरे बड़े शहरों में शादी पार्टियों में रॉक बैंड लाइव म्यूजिक कंसर्ट की कल्चर तेजी से ट्रेंड कर रहा है। बैंड लाइव म्यूजिक कंसर्ट शादी पार्टी को न सिर्फ हाईप्रोफाइल इमेज देता है, बल्कि दूल्हा-दुल्हन व मेहमानों के लिए महफिल को यादगार बना देता है। बॉलीवुड हिट्स और क्लासिक गानों का लाइव रॉक फ्यूजन पर मेहमान शादी की महफिल में रंग जमाने से नहीं चूकते हैं। रॉक बैंड के सिंगर्स के तराने, म्यूजिशियन के कर्ण प्रिय संगीत से वेडिंग नाइट का माहौल खुशनुमा और नशीला बन जाता है। यही वजह है कि तेजी से शादी पार्टियों का रॉक बैंड रौनक बनती जा रही है। शहरों में हाईप्रोफाइल सोसायटियों के शादी पार्टियों में इन दिनों महंगे रॉक बैंड का तड़का लग रहा है। इससे रॉक बैंड से जुड़े कलाकारों के लिए यह अच्छा दौरा होने वाला है।

### बैंड टीम में इनकी भूमिका रहती है खास

रॉक स्टार्स के मुताबिक रॉक बैंड के मुख्य इंस्ट्रूमेंट्स में आमतौर पर इलेक्ट्रिक गिटार, बेस गिटार और ड्रम शामिल होते हैं। सदस्यों में अक्सर एंकर, गायक (सिंगर), लीड गिटारिस्ट, रिदम गिटारिस्ट, बेस गिटारिस्ट और ड्रमर बजाने वाले होते हैं। लाइव शो में मंच पर बातचीत के लिए सिंगर या फ्रंटमैन यह काम कर सकता है।



### लाइव म्यूजिक कंसर्ट से महफिल में लग जाती है चार-चांद

शहर के युवा रॉक बैंड लीडर राहुल ठाकुर का कहना है कि आज हर युवा अपनी वेडिंग पार्टी में रॉक बैंड के लाइव म्यूजिक कंसर्ट से महफिल में चार-चांद लगाना चाहता है। मेहमानों की डिमांड भी रॉक बैंड की मदहोश कर देने वाली म्यूजिक के साथ शादी पार्टी नाइट में थिरकना पसंद हैं। इस लिहाज से यंग जनरेल को रॉक बैंड पार्टी की रौनक खूब भा रही है। आने वाले दिनों में वह दिन दूर नहीं, जब रॉक बैंड की महफिल छोटे शहरों की शादियों में भी दिखे।

### सेलिब्रिटी बैंड का शुल्क 5 लाख रुपए से शुरू

वेडिंग इवेंट एंड मैनेजमेंट एजेंसी के संचालक अनिरुद्ध गोस्वामी का कहना है कि प्रदेश के बड़े शहरों जैसे राजधानी सहित दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर, राजनांदगांव के लिए दिल्ली-मुंबई से सेलिब्रिटी रॉक बैंड पार्टी की बुकिंग भी हो रही है। इन उच्च-श्रेणी के या सेलिब्रिटी बैंड की कीमत 5 लाख से शुरू होती है। वैसे तो कीमत बैंड के अनुभव, लोकप्रियता, सदस्यों की संख्या और प्रदर्शन की अवधि पर निर्भर करती है। प्रदेश में आमतौर पर छोटे या स्थानीय बैंड की फीस 40,000 से 1 लाख या उससे अधिक है, जबकि स्थापित पेशेवर बैंड की कीमत 1 से 5 लाख रुपए या उससे भी ज्यादा हो सकती है।

## तनाव मुक्ति के लिए नियमित व्यायाम, स्वस्थ आहार और क्रिएटिव एक्टिविटी पर फोकस करें विद्यार्थी



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर हेरिटेज और नॉर्थ द्वारा विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन मंगलवार को विमतारा हॉल में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता डॉ. इला गुप्ता शामिल हुईं। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए मार्गदर्शित किया कि तनाव मुक्ति के लिए नियमित व्यायाम करें, स्वस्थ आहार लें, पर्याप्त नींद लें और कैफीन का सेवन कम करें। इसके अतिरिक्त, ध्यान और माइंडफुलनेस जैसी विश्राम तकनीकों का अभ्यास करें, सकारात्मक आत्म-चर्चा को बढ़ावा दें, सोशल मीडिया का उपयोग सीमित करें और अपने दोस्तों, परिवार या परामर्शदाताओं से बात करके सहायता लें। उन्होंने आगे सलाह देते हुए आग्रह किया कि योग, जॉगिंग, साइकिल चलाना या कोई खेल खेलने की आदत डालने से भी अपने तनाव को कम कर सकते हैं, जो एंडोर्फिन जैसे हार्मोन बनाकर मूड को बेहतर बनाते हैं। ताजे फल, सब्जियां और प्रोटीन से भरपूर आहार लेने की सलाह देते हुए कहा कि जंक फूड, वसायुक्त भोजन और अत्यधिक चीनी और कैफीन के सेवन से बचें। मार्गदर्शन कार्यशाला में दूसरे वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान परिवेश में एक ओर जहां शिक्षा का आधुनिकीकरण हो रहा है। वहीं दूसरी ओर पढ़ने-पढ़ाने के तौर तरीके भी बदल रहे हैं। समाज की व्यवस्थाएं भी बदल रहीं हैं। कंप्यूटर, मोबाइल ने भी समाज के प्रत्येक वर्ग को जकड़कर रख दिया है। ऐसे में छात्र छात्राएं , शिक्षक , अभिभावक भी इससे अछूते नहीं हैं। इन सभी व्यवस्थाओं का सीधा असर छात्र-छात्राओं के मस्तिष्क पर पड़ता है और कई बार वे अत्यधिक तनाव महसूस करते हैं। इसकी अंतिम पराकाष्ठा काफी विध्वंस एवं दुखदायी होती है। बच्चों को इस आत्मघाती आत्महत्या से बचाने के साथ ही साथ उन्हें तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए मार्गदर्शन के लिये ही इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से जागृत करना ही रोटरी क्लब का उद्देश्य है। इसी तारतम्य में रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3261 के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट डिसीज प्रिवेन्शन कमिटी के चेयरमैन डॉ. अशोक सिंह, को-चेयरपर्सन शैली छुगानी एवं साहिल बरवाटिया ने रोटरी क्लब रायपुर, जलविहार कॉलोनी, हेरिटेज एवं नॉर्थ के साथ संयुक्त रूप से मिलकर यह कार्यक्रम आयोजित किया।

### बच्चों के व्यवहार में परिवर्तन का ध्यान रखें पैरेंट्स

व्याख्यान समाप्ति के पश्चात सभी के लिये प्रशनोतर काल प्रारंभ हुआ। इसमें उन्होंने अत्यंत सरल एवं मृदुभाषा मे सभी को संतुष्ट किया। प्रदीप गोविंद शितूत ने बताया कि छात्रों के अभिभावक हमेशा ध्यान रखें कि यदि उनके बच्चों के व्यवहार में किसी तरह का बदलाव महसूस हो रहा हो या बच्चे गुमसुम लग रहे हों तो तुरंत उनका ध्यान परिवर्तित करें। उन्हें संगीत पेंटिंग आदि जैसी गतिविधियों में उनका ध्यान आकर्षित करते हुए अकेलेपन से दूर रखें। कार्यक्रम का संचालन चेयरमैन भरत डागा ने किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब रायपुर के अध्यक्ष उत्तम कुमार गर्ग, हेरिटेज के अध्यक्ष पंकज शर्मा एवं नॉर्थ के अध्यक्ष नवीन शर्मा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

## भक्ति-ज्ञान और वैराग्य से जागृत होता है विवेक : डॉ. इंदुभवानंद





**रायपुर।** शहर के खमतराई जोन क्रमांक-1 में श्रीमद् भागवत सप्ताह का आयोजन किया गया है। यह आयोजन गज्जू साहू, अध्यक्ष जोन क्रमांक-1 खमतराई द्वारा आयोजित किया गया है। इस श्रीमद भागवत सप्ताह में श्री शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला से पधारे यतिप्रवर स्वामी 108 दण्डीस्वामी इंदुभवानंद तीर्थ महाराज ने बताया कि ज्ञान बैराग्य और भक्ति से विवेक की वृद्धि होती है। विवेक के बढ़ने से मोह का नाश हो जाता है और मानव जीवन सफल हो जाता है। इस मानव शरीर की देवता भी अपेक्षा करते हैं। भारतवर्ष में जिन भाग्यशाली लोगों को मानव का शरीर प्राप्त हुआ है। उनका जीवन तभी सफल है, जब वह भगवान की दिव्य अमृतमयी कथा श्रवण करते हैं। यदि भगवान की कथा श्रवण नहीं करते हैं तो उनका जीवन निष्फल है। क्या करेंगे भागवत के बिना यह शरीर रखकर। यह शरीर हड्डी के खम्बों पर टिका हुआ है। इसका नाम शरीर है, जो नित्यप्रति क्षीण होता है, उसी को शरीर कहा जाता है। अंत में यह शरीर सड़ जाएगा। इस शरीर को भारतभूमि में प्राप्त करके जो भगवान की सेवा में इसको नहीं लगाते हैं, उनका जन्म निरर्थक है। प्रातःकाल के रांधे (बनाया हुआ भोजन) का सायंकाल सड़ जाता है, इस सड़े भोजन से इस शरीर का निर्माण होता है जब इसका कारण ही नित्य नहीं है, तब उससे उत्पन्न होने वाला कार्य कैसे नित्य हो सकता है। अतः इस अनित्य शरीर से नित्य परमात्मा को प्राप्त कर लेना ही जीवन की सार्थकता है। आगे उन्होंने श्रीमद भागवत के मंगलाचरण की व्याख्या में व्यासजी का असंतोष भगवान के अवतार का प्रसंग द्रोपती कुंती व उत्तरा की स्तुति आदि प्रसंगों पर विस्तृत व्याख्यान करते हुए उत्तर को भगवान के चार भक्तों की श्रेणी में आर्त्तभक्ति की श्रेणी में सिद्ध किया। कथा के पूर्वी यजमान सुदर्शन साहू, डुल्ली बाई साहू, गज्जू साहू, गोदावरी साहू निरंजन, मेनका साहू मोनिका, पायल, पलक, यामिनी सहित बड़ी संख्या में श्रोताओं ने पोथी का पूजन करके आरती संपन्न की।

**लोधी क्षत्रिय समाज ने लोधेश्वरधाम में मनाया रजत जयंती समारोह**

**कार्नर न्यूज**

## मनपसंद जीवनसाथी चुनने युवक-युवती ने दिया परिचय, समाज की एकजुटता को बताया अपनी पहचान



**रायपुर।** लोधी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा कुम्हारी टोल प्लाजा के पास स्थित लोधेश्वरधाम में मंगलवार रजत जयंती समारोह हुआ। साथ ही दिवाली मिलन, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, स्मारिका विमोचन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी हुआ। इस कार्यक्रम देश के विभिन्न प्रांतों से बिरादरी के लोग शामिल हुए। समाज के सभी लोगों ने एक स्वर में संकल्प लिया है कि समाज की यह एकजुटता ही हमारी पहचान है और हम अवंति बाई लोधी के वशंज हैं, उनके बताए मार्ग पर चलते हुए सेवा व संस्कार के ऐसे आयोजनों के माध्यम से आगे बढ़ेंगे। युवक-युवतियों ने मंच पर परिचय सम्मेलन के माध्यम से अपनी जानकारी दी। इसी दौरान खारुन नदी के तट पर तेजी से निर्मित हो रहे सामाजिक भवन लोधेश्वर धाम को लेकर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष, विधायक विपिन वर्मा ने कहा कि मध्यभारत का पहला दर्शनीय धाम होगा, लोधेश्वरधाम जिस भव्यता के साथ यह बन रहा है, यादगार पहचान स्थापित करेगा और इसके निर्माण में कोई कमी नहीं आएगी। इसी दौरान कोटा राजस्थान से पहुंचे उपाध्यक्ष हरपाल सिंह लोधा ने भी समाज की इतनी बड़ी मौजूदगी की प्रशंसा की। आगरा से आए समाज के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राकेश सिंह लोधी ने भी संबोधित किया। बालाघाट की विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि नारी शक्ति के लिए अवंति बाई लोधी की जीवनी प्रेरणादायी है। फरीदाबाद से आए समाजसेवी लाफन सिंह लोधी ने झंडा सत्याग्रह पर प्रकाश डाला।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में बिल्हा बिलासपुर के जयप्रकाश लोधी, समाज के छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष सुरेश सुलाखे, प्रहलाद दमाहे, कथावाचक लोधी ममता किशोरी के अलावा वरिष्ठ अधिवक्ता येशुराम उपराड़े, सुनीता जंघेला, सौरभ जंघेल, उत्तम वर्मा, राजेश्वर नागपुरे, ज्ञानीराम मच्छिरके, यशवंत लिल्लारे, सुमेर सिंह ठाकुर, लोधी जेएल कचलरिया, डीएल जंघेला, बेनीराम जंघेला, एचडी ढेकवारे, एनके दशहरे सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ की संजू देवी महिला वर्ल्ड कप के लिए चयनित



**रायपुर।** स्व बी आर यादव राज्य प्रशिक्षण केंद्र आवासीय बालिका कबड्डी अकादमी, बिलासपुर की संजू दूसरे वर्ल्ड कप कबड्डी महिला चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयनित हुई है। यह प्रतियोगिता 15 से 25 नवंबर तक ढाका बांग्लादेश में आयोजित है। इससे पहले संजू देवी 6 वीं महिला एशियन कबड्डी चैंपियनशिप तेहरान , ईरान में गोल्ड मेडल जीत चुकी है। वर्ल्ड कप के पूर्व अंतिम प्रशिक्षण कैम्प 27 अक्टूबर से 13 नवंबर तक साईं सेंटर गांधी नगर, गुजरात में आयोजित हो रहा हैं। जहां संजू देवी सहित देश के टॉप 25 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर गहन अभ्यास में लगे है। संजू छत्तीसगढ़ से पहली महिला खिलाड़ी होगी जो वर्ल्ड कप खेलेगी। स्व बी आर यादव राज्य प्रशिक्षण केंद्र, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने वरिष्ठ प्रशिक्षक दिल कुमार राठौर और संजू देवी को उनकी इस खास उपलब्धि पर बधाई दी है। इनमें मुख्य रूप से संचालक तनुजा सलाम, सहायक संचालक ए एक्का, वरिष्ठ प्रशिक्षक, राकेश टोप्पो, दिलीप सिंह, हरगुलशन सिंह, टी रेड्डी, रश्मि तिर्की, सरिता कुजूर, सुशील अमलेश, अजीत टोप्पो, जसविंदर सिंह भाटिया, श्रद्धा सोनवानी, बिंदेश्वरी मरावी, कुलदीप बरार, शुभम, अनुश्री भोसले, सुरभि नामदेव, अरविंद गुप्ता, छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष शशिकांत बघेल, महासचिव प्रदीप यादव, अनुज प्रताप सिंह, डॉ बसंत अंचल, सुरेश पवार, सुनील गोरहा, सुनील सिंह, पी जी जयकृष्णन तथा आवासीय अकादमी के समस्त स्टाफ शामिल है।

### स्टेट ए वनडे ट्रॉफी क्रिकेट में छत्तीसगढ़ को मिली जीत



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से मेंस अंडर 23 स्टेट ए वनडे ट्रॉफी की शुरूआत 9 नवंबर से हुई। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच मंगलवार को रांची में उत्तराखंड अंडर-23 टीम के विरुद्ध खेला गया। उत्तराखंड अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। उत्तराखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 44.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 199 रन बनाये। उत्तराखंड की ओर से कप्तान हर्श राणा ने सर्वाधिक 102 रन बनाये। उनके अतिरिक्त आरुष कुमार ने 43 रन तथा देवांश ने नाबाद 12 रन बनायें। छत्तीसगढ अंडर 23 टीम की ओर से वासुदेव बरेठ ने 4 विकेट तथा विजय यादव ने 2 विकेट प्राप्त किये। 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ ने 39 ओवरों में 4 विकेट खोकर 203 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। छत्तीसगढ की ओर से राहुल प्रधान तथा हर्ष साहु ने 43-43 रनों की पारी खेली। वहीं प्रथम जाचक ने 40 तथा शाश्वत शारदा ने 39 रनों का योगदान दिया। उत्तराखंड की ओर से गजेन्द्र ने 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ ने मैच 6 विकेट से जीत लिया।

### टेटे में रायपुर बॉयज एवं दुर्ग गर्ल्स टीम रही विजेता



**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग छ्ग शासन के तत्वाधान में शास जे योगानंदम छ्ग महाविद्यालय द्वारा सप्रे स्कूल टेबल टेनिस हाल में राज्य स्तर इंटर सेक्टर टेबल टेनिस (म/पु) स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन राष्ट्रीय टेटे खिलाड़ी विनय बैसवाड़े ने किया। स्पर्धा के विजेताओं को डॉ तपेशचंद्र गुप्ता रीजनल एडिशनल डायरेक्टर एवं प्राचार्य छत्तीसगढ़ कॉलेज, डॉ दिनेश नामदेव खेल संचालक हेमचंद यादव विवि, डॉ ऋतु दुबे,(पर्यवेक्षक), डॉ रामानंद यदु, डॉ प्रमोद मेने ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डॉ रिंकू पांडे, डॉ बोगी, शंकर राव, रिबेका बेन, डॉ कर्मिष्ट शम्भरकर उपस्थित थे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक प्रवीण निरापुरे थे। बॉयज टीम फायनल में रायपुर सेक्टर की टीम ने दुर्ग को 3-0 से हराकर लगातर दूसरी वर्ष यह ख़िताब जीत लिया। रायपुर की ओर से लोकेश सोनकर ने दुर्ग के लकी कों 11-7,11-9 से, रामजी कुमार ने निखिल कों 11-6,8-11,13-11 से एवं आयुष शर्मा ने सक्षम कों 11-6,11-8 से हराकर टीम कों विजयी बनाया। रायपुर टीम के अन्य सदस्य गजेंद्र सिंह चौहान एवं तुलेश्वर थे। इससे पहले रायपुर सेक्टर ने सेमीफइनल में कोरबा सेक्टर को 3-0से, एवं दुर्ग सेक्टर ने राजनांदगाव कों 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। गर्ल्स टीम इवेंट फाइनल में दुर्ग सेक्टर की गर्ल्स टीम ने रायपुर सेक्टर को 3-0 से हराकर फाइनल में विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।

आज विश्व निमोनिया दिवस

# इस मौसम में बढ़ जाता है निमोनिया का खतरा, कुछ सावधानियां बरतने से टल सकती है जानलेवा बीमारी

निमोनिया एक बेहद गंभीर और जानलेवा बीमारी है। वैसे तो ये बीमारी किसी को भी हो सकती है, लेकिन बच्चों और बूढ़ों में इसका जोखिम अधिक होता है। ऐसे में आपको कुछ सावधानियां जरूर बरतनी चाहिए। आइए जानते हैं। निमोनिया दुनियाभर में स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी चिंता है, खासकर बच्चों के लिए। यह फेफड़ों का एक गंभीर संक्रमण है जो बैक्टीरिया, वायरस या फंगस के कारण हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, निमोनिया पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मौत का सबसे बड़ा संक्रामक कारण है। हर साल इस बीमारी के कारण 7.25 लाख से अधिक बच्चे अपनी जान गंवा देते हैं, जिनमें लगभग 1.90 लाख नवजात शिशु भी शामिल हैं।

नवजात शिशु इस संक्रमण के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं। निमोनिया की गंभीरता को देखते हुए, लोगों को इसके बचाव और रोकथाम के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 12 नवंबर को विश्व निमोनिया दिवस मनाया जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस जानलेवा संक्रमण से बचने के लिए लगातार प्रयास और



जागरूकता बहुत जरूरी है।

### क्या होता है निमोनिया?

निमोनिया एक ऐसी स्थिति है जब फेफड़ों की छोटी हवा की थैलियों (एल्वियोली) में तरल पदार्थ भर जाता है, जिससे सांस लेने में गंभीर कठिनाई होती है। यह संक्रमण बैक्टीरिया, वायरस या फंगस के कारण होता है।

वैसे तो निमोनिया किसी को भी हो सकता है, लेकिन कुछ विशिष्ट समूह के लोग इस बीमारी के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं और उनमें जटिलताएं बढ़ने का जोखिम काफी अधिक होता है। इन अति संवेदनशील समूहों में संक्रमण का खतरा और गंभीरता दोनों अधिक होती है, जिसके कारण उन्हें विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। यह जानलेवा बीमारी हर साल लाखों लोगों की जान लेती है, और सही जानकारी एवं समय पर सावधानी से इस जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसलिए इसी के बारे में जानते हैं कि किन्हें इस बीमारी का खतरा अधिक होता है और इससे बचाव के लिए क्या करना चाहिए?



### उच्च जोखिम वाले लोग

निमोनिया का सबसे अधिक खतरा 5 साल से कम उम्र के बच्चों और 65 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को होता है, क्योंकि उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली या तो अपरिपक्व होती है या उम्र के साथ कमजोर हो चुकी होती है। इसके अलावा जो लोग धूम्रपान करते हैं उनमें निमोनिया का खतरा अधिक होता है, क्योंकि तंबाकू के धुएं से फेफड़ों के अंदरूनी ऊतक लगातार क्षतिग्रस्त होते रहते हैं, जिससे उनमें संक्रमण से लड़ने की क्षमता कम हो जाती है।



### पुरानी बीमारियों से जूझ रहे मरीज

जिन लोगों को पहले से ही क्रोनिक बीमारियां हैं, उन्हें निमोनिया का खतरा अधिक होता है। इनमें डायबिटीज के मरीज, अस्थमा या सीओपीडी के मरीज, और हृदय रोग से जूझ रहे लोग शामिल हैं। इसके साथ ही एचआईवी/एड्स या कैंसर के इलाज (जैसे कीमोथेरेपी) से गुजर रहे लोग भी अधिक जोखिम वाली श्रेणी में आते हैं, क्योंकि उनका इम्यून सिस्टम बहुत कमजोर हो जाता है।

### टीकाकरण (वैक्सीनेशन) है सबसे बड़ी ढाल

निमोनिया से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय टीकाकरण है। 65 वर्ष से अधिक उम्र के सभी बुजुर्गों और क्रोनिक बीमारियों से जूझ रहे लोगों को डॉक्टर की सलाह पर न्यूमोकोकल वैक्सीन जरूर लगवानी चाहिए। इसके अलावा फ्लू का वार्षिक टीका भी जरूर लगवाना चाहिए, क्योंकि फ्लू होने से अक्सर निमोनिया का जोखिम बढ़ जाता है। निमोनिया से बचने के लिए स्वच्छता और वातावरण का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। हाथों को नियमित रूप से धुलें। प्रदूषण के अधिक स्तर के दौरान घर के अंदर रहें और एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें।



## छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैम्पियन में ब्रह्मविद एफसी की टीम चैंपियन

**रायपुर।** वीर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, कोटा में आयोजित छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस लीग का फाइनल मुकाबला, पुरस्कार वितरण एवं भव्य रंगारंग समापन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरे मैच में खिलाड़ियों का हौसला अफजाई की।

उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के युवाओं में खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें बड़े और बेहतर मंच के साथ उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है। उन्होंने क्लब को आगे भी इसी तरह के खेल आयोजन करने के निर्देश दिए और सहयोग की बात कही। श्री अग्रवाल ने कहा कि रायपुर शहर कंक्रीट के जंगल में बदलता जा रहा है. यहां पुराने खेल मैदानों को विकसित करने की आवश्यकता है। क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रवीण जैन ने जानकारी देते हुए बतलाया कि दिन का पहला मुकाबला स्पोर्ट्स एकेडमी की महिला टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम ब्लैक ने टीम वाइट को रोमांचक




मुकाबले में 2-0 हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली, टीम के लिए माही कुंजाम ने 19वें मिनट में पहला गोल जबकि यामिनी बघेल ने 34 वें मिनट में दूसरा गोल दाग कर टीम को जीत दिलाई। चैंपियंस लीग का फाइनल मुकाबला ब्रह्मविद एफसी और मेट्स पैंथर्स के मध्य खेला गया जिसमें दोनों ही टीमों के मध्य शुरुआत से ही कांटे का संघर्ष देखने को मिला। मैच के 41 वें मिनट में ब्रह्मविद एफसी की ओर से भोले ने पहला गोल दागकर टीम को 1–0 की निर्णायक बढ़त दिलाई, टीम की जीत के हीरो भोले रहे जिन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट में बेस्ट गोलकीपर नरेश चैलेंजर्स के खिलाड़ी नितेश मूर्ति और बेस्ट डिफेंडर मनीष को चुना गया। बेस्ट मीड फील्डर फिल फाइटर्स के प्रदीप, गोल्डन बूट का खिताब मेट्स पैंथर्स के खिलाड़ी नितेश और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार ब्रह्मविद के खिलाड़ी अरुण को चुना गया।

आयोजन में शहर के भूतपूर्व फुटबॉल खिलाड़ी मुश्ताक अली प्रधान, प्रभाकर थीटे, गौतम राहा, श्रीकांत मिश्रा, आलोक शर्मा, देवाशीष राहा सुरेश निहाल, तरुण फ़ुटान, रियाज खान, गिरधर खंडेलवाल का सम्मान बृजमोहन अग्रवाल ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया।

विजेता टीम ब्रह्मविद एफसी को ट्रॉफी एवं 1,11,111 का चेक एवं उपविजेता टीम 77,777 चेक प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वालफोर्ट ग्रुप के चेयरमैन अनिल पारख, पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के हेड ऑफ स्पोर्ट्स डिपार्मेंट राजीव चौधरी, संयोजक मोहम्मद इमरान, मनोज बोथरा, सुमित सिंह, अमित दीवान, प्रफुल जैन इत्यादि मौजूद रहे।



## तीरंदाजी में एकाग्रता का प्रदर्शन



**रायपुर।** साइंस कॉलेज तीरंदाजी अकादमी ग्राउंड में 25 वीं सीनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता आयोजन मंगलवार को किया गया। तीरंदाजी संघ के महासचिव आयुष मुरारका के कहा कि उद्घाटन अवसर पर रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे उपस्थिति रही। उन्होंने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों की हौसल अफजाई की। आयोजन में 22 जिले से 190 तीरंदाज कोच ऑफिशल शामिल हुए। इस प्रतियोगिता के विजेता हैदराबाद में 9 से 19 दिसंबर को आयोजित होने वाली 21 एनटीपीसी सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। मुरारका ने कहा कि समापन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रमुख टोपलाल वर्मा ने कहा कि विश्व में भारतीय तीरंदाजी का मान बढ़ा है, हम सब मिलकर तीरंदाजी को आगे बढ़ाएंगे। राम अग्रवाल (प्रदेश कोषाध्यक्ष बीजेपी) ने कहा कि जशपुर में निर्माणाधीन अकादमी से तीरंदाजी को अंतराष्ट्रीय पहचान दिलाएंगे। इस प्रतियोगिता की विशेष उपलब्धि यह रही कि पैरा तीरंदाज टोमन कुमार सामान्य ओपन प्रतियोगिता भागीदारी निभा रहे हैं। टोमन कुमार अभी-अभी अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को मेडल दिल चुके है। टोमन कुमार 2028 ओलंपिक में आयोजित प्रतियोगिता जिसमें एक कदम दूर है, प्रतिभागी बनने के लिए, इस अवसर पर पार्षद आनंद अग्रवाल,टीटी बेहरा, कैलाश मुरारका, खेल युवा विभाग तीरंदाज के पदाधिकारी शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में इंडियन वर्ग में, प्रथम कमलेश, द्वितीय निलेश, तृतीय कुबेर और चतुर्थ विकास कुमार, महिला वर्ग में प्रथम चांदनी, द्वितीय सुलोचना, तृतीय माया और चतुर्थ पायल रहे। यह सभी खिलाड़ी शिवतराई अकादमी बिलासपुर जिले के हैं।

- 25 वीं सीनियर राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता

## बीएसपी, आरएसपी, दुर्गापुर और बोकारो की क्रिकेट में शानदार जीत



**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधा विभाग द्वारा आयोजित सेल क्रिकेट चैंपियनशिप के अंतर्गत मंगलवार को विभिन्न विभागों के बीच मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम एस आर यू के विरुद्ध आरएसपी ने 7 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में एस आर यू की टीम 108 रन पर आउट हो गई। विकास कुमार ने 44 रन बनाए। गेंदबाजी में आरएसपी के शुभ राणा एवं शंकर सन ने तीन-तीन विकेट लिए। ज्योतिर्मय ने दो विकेट लिए। बल्लेबाजी में आरएसपी ने 12 ओवर में तीन विकेट पर 109 रन बनाए। इनमें सुवेंदु ने 48 रन और एसके हमीद ने 34 रन बनाएं। गेंदबाजी में एस आर यू के अमन एवं दीपक ने एक-एक विकेट लिए। दूसरे मैच में बीएसपी ने कॉरपोरेट ऑफिस के विरुद्ध 144 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में बीएसपी टीम ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 236 रन बनाए। कपिल नायडू ने शानदार नॉट आउट 100 रन बनाए। वहीं वीरेंद्र ने 42 रन, मुकेश ने 30 रन और अनिल सिंह ने नॉट आउट 29 रन बनाए। गेंदबाजी में कॉरपोरेट ऑफिस के प्रतीक सुमित एवं रणवीर ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में कॉरपोरेट ऑफिस ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 92 रन बनाए। सच्चिदानंद ने नॉट आउट 29 रन और प्रतीक ने नॉट आउट 28 रन बनाए। गेंदबाजी में बीएसपी के अर्जुन त्यागी ने 3 विकेट, वेंकटेश ने दो विकेट एवं अनिल सिंह ने एक विकेट लिए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में पहले मैच में सेल रांची के विरुद्ध बोकारो ने 156 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में बोकारो ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 256 रन बनाए। इनमें मयूर ने नॉट आउट 102 रन बनाए। ईशान ने 32 रन एवं मार्शल ने 30 रन बनाएं। गेंदबाजी में रांची के विजय कुमार ने दो विकेट ,प्रिंस एवं जोशी अभिषेक ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में रांची टीम 100 रन पर आउट हो गई। उज्जवल मंडल ने 25 रन, एस के मैहर ने नॉट आउट 22 रन बनाए। गेंदबाजी में बोकारो के नीतीश तिवारी ने 3 विकेट, गणेश पासवान ने 2 और मनोज भारती ने दो विकेट लिए।

## पाटन की सड़कों पर साइकिल सवारों ने दिखाया दम, 150 से ज्यादा की भागीदारी

**भिलाई।** भारतीय खेल प्राधिकरण एवं साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित खेलो इंडिया अस्मिता साइक्लिंग सिटी लीग का आयोजन साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की ओर से 8 नवंबर को पाटन दुर्ग में किया गया। साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ हिमांशु द्विवेदी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। नरेंद्र कुमार बंछोर अध्यक्ष बीएसपी साइक्लिंग क्लब एवं परविंदर सिंह, अध्यक्ष बीएसपी साइकिल पोलो क्लब ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 150 बालिका एवं महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा क्षेत्र एवं मुख्य संरक्षक साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ थे। अध्यक्षता जितेंद्र वर्मा (प्रदेश मंत्री, भारतीय जनता पार्टी) ने की। साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार ने बताया कि यह प्रतियोगिता 3 आयु वर्ग यूथ बालिका (11 से 14 वर्ष) का 6 किमी , जूनियर बालिका (14 से 18 वर्ष) का 10 किमी एवं सीनियर महिला (19 वर्ष से अधिक) का 20 किमी में आयोजित हुई। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को मेडल व प्रवीण्य प्रमाण पत्र एवं शेष सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आयोजन में विशिष्ट अतिथि पवन शर्मा (डायरेक्टर, मां शारदा एजुकेशन सोसाइटी), सुधीर बंसल उपाध्यक्ष साइकलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ , नीलम राजेश चंद्राकर (जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति), कल्पना नारद साहू (जिला पंचायत सदस्य), कीर्ति नायक (जनपद अध्यक्ष), कमलेश वर्मा (जनपद उपाध्यक्ष), निक्की भाले (नगर पंचायत अध्यक्ष), निशा सोनी (उपाध्यक्ष, नगर पंचायत पाटन), राजा पाठक (सांसद प्रतिनिधि, पाटन), राजेश चंद्राकर (सांसद प्रतिनिधि), सुभाष तिनगुरिया (उपाध्यक्ष साइकलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़) और डॉ रमेश श्रीवास्तव (अध्यक्ष छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ) रहे।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'स्ट्रेंजर थिंग्स' सीजन 5 का फाइनल एपिसोड जल्द होगा रिलीज

'स्ट्रेंजर थिंग्स' के सीजन 5 की रिलीज का हर एक प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहा है। तो 'स्ट्रेंजर थिंग्स' को चाहने वाले सभी फैंस का इंतजार हुआ



खत्म क्योंकि जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है 'स्ट्रेंजर थिंग्स'। 'स्ट्रेंजर थिंग्स' का बहुप्रतीक्षित पांचवां और फाइनल सीजन अगले महीने रिलीज होगा। प्रशंसक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीजन का आखिरी एपिसोड, जिसका नाम 'द राइटसाइड अप' है, लगभग दो घंटे लंबा होगा। यह एपिसोड 1 जनवरी, 2026 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के साथ-साथ 350 से ज्यादा सिनेमाघरों में भी दिखाया जाएगा। सिनेमाघरों की लिस्ट अभी घोषित नहीं की गई है।

यह शो छह बच्चों की कहानी पर आधारित है, जो हॉकिन्स शहर और पूरी दुनिया को बचाने के लिए वेक्ना नामक खतरनाक दुश्मन से लड़ते हैं। 2022 में, शो के निर्माता ने सोशल मीडिया के जरिए घोषणा की थी कि पांचवां सीजन शो का आखिरी सीजन होगा। उन्होंने बताया, 'सात साल पहले हमने इस कहानी की पूरी योजना बनाई थी। हमें लगा था कि यह चार या पांच सीजन में पूरी होगी। लेकिन कहानी इतनी बड़ी थी कि इसे चार सीजन में समेटना मुश्किल था। अब हम तेजी से आखिरी सीजन की ओर बढ़ रहे हैं। सीजन 4 आखिरी से पहले का सीजन था और सीजन 5 आखिरी होगा।'

### टॉलीवुड

## रामू ने चिरंजीवी से मांगी माफी, 'शिवा' के री-रिलीज से पहले पोस्ट हुआ वायरल

भारतीय सिनेमा में कई ऐसी फिल्में हैं जिन्हें कल्ट क्लासिक माना जाता है। इन्हीं फिल्मों में से एक है राम गोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित 'शिवा'। 1989 में रिलीज हुई इस फिल्म ने न



सिर्फ तेलुगु सिनेमा में नए युग की शुरुआत की, बल्कि निर्देशक वर्मा को भी रातों-रात स्टार बना दिया था। अब इसी फिल्म को फिर से रिलीज किया जा रहा है लेकिन उससे पहले निर्देशक ने चिरंजीवी से माफी मांगी है। 14 नवंबर को 'शिवा' के भव्य री-रिलीज की घोषणा के बीच राम गोपाल वर्मा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें मेगास्टार चिरंजीवी फिल्म के बारे में बात कर रहे थे। इस वीडियो को शेयर करते हुए वर्मा ने लिखा- 'धन्यवाद चिरंजीवी जी। इस मौके पर मैं आपसे सच्चे मन से माफी मांगता हूं अगर मैंने कभी अनजाने में आपको किसी तरह ठेस पहुंचाई हो। आपकी विशाल ह्रदयता के लिए धन्यवाद।' यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। फिल्म में 'शिवा' की भूमिका निभाने वाले नागार्जुन अक्किनेनी ने अपने पिता अक्किनेनी नागेश्वर राव के जन्मदिन पर फिल्म की री-रिलीज की घोषणा की। उन्होंने लिखा- 'मेरे पिता के जन्मदिन पर, मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि भारतीय सिनेमा को हिला देने वाली फिल्म एक बार फिर थियेटर्स को हिलाने लौट रही है। शिवा को 14 नवंबर को 4के और डोल्बी साउंड के साथ बड़े पर्दे पर लौट रही है।' नागार्जुन की इस पोस्ट के बाद तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में उत्साह की लहर दौड़ गई। वहीं, राम गोपाल वर्मा ने मजाकिया अंदाज में रिप्लाई करते हुए लिखा- अरे नागार्जुन, यह बच्चों की फिल्म नहीं है, लेकिन चिल्ड्रन डे पर लौटने से बच्चों जैसी खुशी जरूर मिलेगी।' 1989 में रिलीज हुई 'शिवा' एक कॉलेज-आधारित एक्शन ड्रामा थी, जो राम गोपाल वर्मा के खुद के इंजीनियरिंग कॉलेज के अनुभवों से प्रेरित थी। फिल्म में नागार्जुन और अमला अक्किनेनी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके साथ ही रघुवरन, कोटा श्रीनिवास राव, मुरली मोहन और गोल्लापुडी मारुति राव जैसे दिग्गज कलाकारों ने फिल्म को गहराई दी।

### भोजपुरी

## मोनालिसा ने माइक्रो ड्रामा सीरीज में मारी है एंट्री, शेयर किया अपना रोमांटिक

मोनालिसा ने अपना एक रोमांटिक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इस वीडियो में मो ना लि सा 'सैयारा' के गाने पर एक्ट करती दिख रही हैं,



जिसके बाद क्रू उनका वीडियो देख रहे हैं। सोशल मीडिया पर मोनालिया के इस वीडियो की तारीफ जमकर हो रही। भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस मोनालिसा को कौन नहीं जानता। उन्होंने अपने दम पर भोजपुरी से लेकर बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री में छाप छोड़ी है। उन्होंने अपने लेटेस्ट पोस्ट में अपनी नई माइक्रो ड्रामा सीरीज की टीम को धन्यवाद दिया। अपनी एक्टिंग के लंबे सफर को तय करते हुए भोजपुरी एक्ट्रेस ने अब माइक्रो ड्रामा सीरीज में हाथ आजमाया है। मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर सीरीज की पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए एक वीडियो पोस्ट किया।

मोनालिसा ने कैप्शन लिखा, 'मेरे प्यारे दर्शकों, मेरे नए प्रोजेक्ट को इतना सारा प्यार देने के लिए आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद। पहली पहल हमेशा खास होती है और यह मेरी पहली माइक्रो ड्रामा सीरीज है। सभी दर्शकों को यह इतनी पसंद आई। सच में बहुत अच्छा लग रहा है। मेरे को-एक्टर्स, प्रोड्यूसर, डायरेक्टर समेत पूरी टीम को धन्यवाद।' इस पोस्ट में पीछे 'सैयारा' का टाइटल ट्रैक सुनाई दे रहा है। इसी गाने पर मोनालिसा अपने शो के हीरो के साथ रोमांटिक पोज़ देती दिख रही हैं। लोगों ने उनके इस एक्ट की खूब तारीफ भी की है।

## लाइफ स्टाइल



द मैट्रिक्स ट्रेंड

साल 2025 में पुरुषों के फ़ैशन को बयां करने डिजाइनर अमीरी, सेंट लॉरेंट और लैनविन के मैट्रिक्स थीम पर बनाए ड्रेस को जाहिर करना काफी है। मॉडल नियो, मॉर्फियस और ट्रिनिटी, सहित सभी इस ट्रेंड के दीवाने हैं। आप अपने अंदर के जासूस को एक बेहद आकर्षक (और कूल) काले चमड़े के ट्रेंच कोट में ढालें। डिजाइनरों ने इस बटरी आउटरवियर को उपयोगी और आकर्षक रैप-अराउंड बेल्ट के साथ अपग्रेड किया है।

## हेयर की केयर होगी ऐसी, तो कभी नहीं झड़ेंगे बाल

ज्यादातर लोगों को तनाव के कारण भी हेयर फॉल होता है। अगर आप भी काम की भाग दौड़ के चलते स्ट्रेस में रहती हैं, तो आप मेडिटेशन का सहारा लें। इससे तनाव से मुक्ति मिलेगी और हेयर लॉस की समस्या भी कम होगी। साथ ही यह ओवरऑल हेल्थ के लिए भी फायदेमंद साबित होगा।

एक्सपर्ट के मुताबिक आजकल लोग लो कैलोरी फूड पर ज्यादा रहते हैं। इस वजह से भी हेयर फॉल हो सकता है। एक्सपर्ट लो कैलोरी फूड की जगह प्रोटीन और आयरन रिच खाद्य पदार्थों का सेवन करने की सलाह देती हैं। प्रोटीन और आयरन से भरपूर फूड्स रेड ब्लड सेल्स के जरिए हेयर फॉलिकल्स तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाता है, इससे बाल जड़ से मजबूत बनते हैं और स्वस्थ रहते हैं, तो आज से ही आप प्रोटीन और आयरन रिच फूड खाना शुरू कर दें।

दही और अलसी का सेवन करने से आपकी हेयर फॉल की समस्या दूर हो सकती है। अलसी यानी की फ्लैक्सीड से आपको ओमेगा 3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट मिलेगा और दही से प्रोटीन और प्रोबायोटिक मिलेंगे। यह दोनों कांबिनेशन आपके फैट सॉल्युबल विटामिन को अब्जॉर्ब करने में मदद करेंगे,जो आपकी रूट को नरिश करते हैं।

अगर आप बालों को सुंदर दिखाने के लिए हिट स्टाइलिंग या कर्लिंगकरती है तो इसे आज से ही बंद कर दें आपके बाल इससे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो सकते हैं और हेयर फॉल की समस्या और भी ज्यादा बढ़ सकती है। आप अपने नेचुरल हेयर को ही अप्रिशिएट करें।इससे आप हेयर फॉल की समस्या से बच सकती हैं।

एक्सपर्ट के मुताबिक अगर आप पोनीटेल हेयर स्टाइल करती हैं, तो



इससे आपको नुकसान हो सकता है। टाइट चोटी बनाने से बालों की जड़ों पर जोर पड़ता है और यह बाल झड़ने का कारण बन सकता है। ऐसे में पोनीटेल की जगह पर ढीले हेयर स्टाइल बनाएं या फिर बालों को खुला भी रख सकती हैं।

## जींस के साथ ऐसे पहनेंगे प्रिंट तो लुक में मिलेंगे फुल मार्क्स



जींस आपके फैशन स्टेटमेंट को परफेक्ट बनाती है। लेकिन आपको अभी भी लगता है कि उसमें और भी अच्छे दिख सकते हैं। अब गर्मी है तो आपके लिए मौसम को देखते हुए भी डेनिम पहननी है। इस मौसम में आप प्रिंट भी जरूर पहनना चाहते होंगे। अगर आप जींस और प्रिंट को साथ में पहनना चाहते हैं, वो भी पर्फेक्ट्ली तो हम आपके लिए कुछ टिप्स ले आए हैं। ये टिप्स आपको प्रिंट और डेनिम का कॉम्बिनेशन करना सिखा देंगे।



### कूल-कूल बेस कलर

डेनिम के साथ प्रिंट शर्ट चुननी है तो सबसे पहले इस शर्ट का बेस कलर बिल्कुल कूल वाला चुन लीजिए। कूल जैसे लाइट ब्लू, लाइट ऑलिव आदि। इस बेस कलर पर डार्क कलर का प्रिंट भी चलेगा। इस शर्ट को जींस में टक इन करके पहनें। लुक बेहद अच्छा आएगा।



### हल्के रंग की डेनिम

आपकी जींस अगर काले, नीले या किसी और रंग में भी हल्के शेड की है तो भी प्रिंटेड शर्ट का लुक अच्छा आता है। लेकिन तब आपको प्रिंट डार्क कलर के चुनने होंगे। इसके साथ सफेद स्नीकर भी कमाल करेंगे।

### एक सी कलर टोन

डेनिम जींस आपकी जिस भी कलर की है, शर्ट भी उसी कलर की चुनिए। शर्ट का बेस कलर जींस जैसा या फिर उससे कुछ हल्का होना चाहिए और इस पर हल्के रंग के प्रिंट हों तो लुक परफेक्ट आएगा।

### पेस्टल कलर चेक शर्ट

प्रिंट में पोल्का डॉट और चेक बेहद कॉमन हैं। लेकिन आप इन्हें भी चुन सकते हैं। आप इनके पेस्टल कलर में चुनाव कीजिए और इन्हें टक इन करके पहनिए। ये लुक आप पर अच्छा लगेगा ही।

## इन गलतियों के कारण बढ़ जाती है त्वचा में ड्राईनेस

त्वचा की सही तरीके से देखभाल करते रहने से स्किन लम्बे समय तक जवां और खूबसूरत रहती है। इसके लिए सबसे पहले आपको स्किन टेक्सचर को समझना जरूरी होता है। अक्सर त्वचा को सही पोषण न मिलने के कारण स्किन ड्राई होने लगती है, लेकिन कई बार जाने-अंजाने में गलत स्किन केयर स्टेप को फॉलो कर लेने से भी त्वचा बेजान नजर आ सकती है। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं वो गलतियां जिनके कारण आपकी त्वचा हो सकती है और भी ज्यादा ड्राई। स्किन पोर्स को साफ करने और चेहरे पर मौजूद डेड स्किन की लेयर हटाने के लिए चेहरे पर समय-समय [आर स्क्रब करना जरूरी होता है, लेकिन सर्दियों के मौसम में त्वचा पहले से ही ड्राई होती है और इस पर बार-बार फेस स्क्रब का इस्तेमाल करने से स्किन छिल सकती है और ड्राईनेस को भी बढ़ा सकती है। इसके लिए आप हफ्ते केवल 1 बार ही फेस स्क्रब का इस्तेमाल करें और स्क्रब करते ही चेहरे पर मॉइस्चराइजर जरूर लगायें।

किसी भी चीज को चेहरे पर लगाने से पहले



आपको यह जानना बेहद जरूरी होता है कि क्या यह इंग्रेडिएंट आपकी स्किन पर सूट करेगा भी या नहीं? हालांकि इसके लिए हम पैच टेस्ट करते हैं, लेकिन कई बार हम केवल बड़े ब्रांड और एड्स देखकर प्रोडक्ट खरीद लेते हैं और लगा लेते हैं। इस कारण हमारी त्वचा डैमेज हो सकती है और यह स्किन ड्राईनेस को बढ़ा सकती है। इसके लिए आपको सबसे पहले स्किन टाइप और टेक्सचर को समझना चाहिए और चाहे तो आप किसी स्किन एक्सपर्ट की सलाह भी ले सकते हैं।

## सिर्फ कॉटन ही नहीं स्किन फ्रेंडली हैं ये फैब्रिक जो त्वचा की एलर्जी से दे सकते हैं राहत

सेंसेटिव स्किन की बात हो या त्वचा की एलर्जी, हर कोई बस सूती कपड़े पहनने की सलाह देता है। मगर क्या कॉटन के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है? सवाल एकदम सही है और इसका सटीक जवाब है- एक नहीं कई ऐसे फैब्रिक हैं जो स्किन फ्रेंडली हैं। लेकिन केवल सूती ड्रेस पहनने से बात नहीं बनने वाली है। इसलिए अगर आप कॉटन के कपड़ों के अलावा अन्य फैब्रिक से बने ड्रेस पहनना चाहते हैं तो विकल्प मौजूद है।

### सूती कपड़े हैं सुपर

जिन लोगों को त्वचा संबंधित एलर्जी होती है, उनको सूती कपड़े के ड्रेस पहनने की सलाह दी जाती है। गर्मी में त्वचा से संबंधित कोई समस्या नहीं है तो भी हमें ऐसे कपड़ों को पहनना चाहिए। वहीं सर्दियों में भी लोग सूती पहनना पसंद करते हैं।

### खादी के कपड़े

हर मौसम के लिए खादी भी एक बेहतर फैब्रिक मानी जाती है। पहले खादी अधेड़ उम्र के लोगों की पहचान मानी जाती थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से फैशन



जगत में इस को लेकर काफी एक्सपेरिमेंट हुए हैं। यह कोल्ड को बीट करने के लिए काफी अच्छा माना जाता है। आप चाहें तो ट्रेंड के अनुसार खादी से बनी ड्रेसेज पहन सकते हैं। अब आपको खादी के ड्रेस ऑनलाइन भी मिल जाएंगे। यह इको फ्रेंडली होने के साथ-साथ स्किन फ्रेंडली भी होता है।

### विस्कोस फैब्रिक के कपड़े

विस्कोस फैब्रिक गर्मी के साथ-साथ सर्दियों के लिए अच्छा माना गया है। आप इसको हर मौसम में पहन सकते हैं क्योंकि यह पसीना आसानी से सोख लेता है, जिससे त्वचा को काफी राहत मिलती है।

कार्नर न्यूज

### प्लस साइज को कपड़े खरीदने में आती है दिक्कत, टिप्स को करें ट्राई

## प्लस साइज फिगर अब आपके लिए सपना नहीं रहा ऐसे आउटफिट्स ट्राई करेंगी तो दिखेगा बदलाव

जिन लड़कियों को ये लगता है कि प्लस साइज होने के बाद वो खूबसूरत नहीं दिख सकती तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। अगर वो अपने स्टाइल लुक को चेंज करेंगी तो वो पहले से ज्यादा सुंदर लग सकती हैं। क्योंकि जब तक आप सही तरीके से आउटफिट कैरी नहीं करेंगी आप खूबसूरत नहीं लगेंगी। अगर आपको अपना कॉन्फिडेंस वापस लाना है तो इसके लिए आपको अपने लुक्स का मेकओवर करना होगा। इसके लिए यहां बताए गए टिप्स आपके काम आएंगे।

### स्लीवलेस कपड़ों को इस तरीके से करें स्टाइल

अगर आप स्लीवलेस कपड़े पहनने से घबराती हैं कि कही हाथ मोटे न लगे, तो अब आपको इसकी चिंता करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि आप इन्हें स्टाइल कर सकती हैं वो भी बहुत ही अलग अंदाज में। इसके लिए आपको जरूरत है उसके ऊपर पहनने वाले श्रग या फिर लॉन्ग कोट की। ये हर एक आउटफिट के साथ अच्छे से जाते हैं। साड़ी के साथ आप लॉन्ग कोट पहन सकती हैं।



कोई ड्रेस स्टाइल कर रही हैं तो इसके साथ श्रग काफी अच्छा लगेगा। इससे आपके हाथों का मोटापा भी नहीं दिखेगा। इस तरीके से आउटफिट को स्टाइल करें आप पहले से ज्यादा खूबसूरत दिखेंगी।

### ब्लाउज को इस तरीके से करें स्टाइल

अगर आप लहंगा या साड़ी वियर कर रही हैं तो इसके लिए सबसे बेस्ट ऑप्शन है कि आप अपने ब्लाउज को थोड़ा लंबा बनवाएं। इससे आपका बैली फेट छुप जाएगा। वरना आप बाजार (टॉप डिजाइन) में मिलने वाले ब्लाउज को भी वियर कर सकती हैं। इसमें आप अलग-अलग तरह के नेकलाइन डिजाइन और बैक डिजाइन क्रिएट कर सकती हैं। इनकी खास बात ये होती है कि इसे पहनने के बाद आप खूबसूरत भी लगती हैं और किसी को लगता भी नहीं हैं कि आप मोटी हैं।

### सही फेब्रिक चुने

प्लस साइज महिलाओं को अपने लिए आउटफिट चूज करने के लिए सही फैब्रिक का चुनाव करना आना चाहिए। इसके लिए उन्हें कोशिश करनी चाहिए कि वो चिपकने वाले या फिर हैवी वर्क (प्लस साइज महिलाओं के लिए बॉडी शेपर) वाले कपड़े न खरीदें। इससे उनका वजन और ज्यादा दिखने लगता है। आप चाहे तो कपड़े खरीदने के बाद उनके नीचे पहनने वाला शेप वियर खरीद लें। इससे आपकी फिगर कम लगेगी। अगर आप इन बातों का ध्यान रखेंगी तो बेहद खूबसूरत लगेंगी।

